आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 32°C | 17°C |

इनसाइड न्यूज

अली खामनेई की मौत के बाद अलर्ट पर प्रदेश, लखनऊ के शिया...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



सोमवार 02 मार्च, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 140 | www.janexpresslive.com/epaper

शराब घोटाले में 'क्लीन चिट' के बाद... 12

# अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

- बेटी-दामाद, बहू-पोती भी मारी गईं, ईरान बोला- खतरनाक बदला लेंगे
- कतर-दुबई में धमाके, मिडिल ईस्ट में एग्जाम, दिल्ली से 100 फ्लाइट कैंसिल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव/तेहरान

इजराइल की वायु सेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा, 'हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।'





### ईरान ने हिंद महासागर में 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' चलाया

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत हिंद महासागर में कई हमले किए गए हैं। उनका कहना है कि जेबेल अली में खड़े एक जहाज पर चार ड्रोन से हमला किया गया। यह जहाज अमेरिकी जहाजों के लिए हथियार ले जा रहा था। हमले में जहाज को भारी नुकसान हुआ और वह काम करने लायक नहीं रहा। बयान में यह भी कहा गया कि कुवैत के अब्दुल्ला मुबारक इलाके में अमेरिकी नौसैनिक अड्डे पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया गया, जिससे वहां काफी नुकसान हुआ और कई सैनिक मारे गए या घायल हुए। ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस ईरान के हमले का नाम है। जब ईरान किसी हमले के जवाब में मिसाइल या ड्रोन से हमला करता है, तो वह उसे 'ट्रू प्रॉमिस' कहता है।

### इजराइल ने 24 घंटे में ईरान पर 1200 बम गिराए

इजराइल की वायु सेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से अधिक बम गिराए। ईरान में जिन जगहों पर हमला हुआ उनमें दक्षिणी ईरान के होर्मोजगान प्रांत के मीनाब शहर में स्थित एक प्राइमरी स्कूल भी शामिल है, जहां 148 छात्राओं के मारे जाने और दर्जनों अन्य के घायल होने की खबर है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि स्कूल पर हुए हमले में निर्दोष बच्चों की हत्या कर दी गई, जिसका जवाब जरूर दिया जाएगा। ईरान ने आज दुबई के जेबेल अली बंदरगाह पर हमला किया। इसके बाद बंदरगाह से धुएं का गुबार उठता हुआ दिखाई दिया। इससे पहले ईरान ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद पर भी हमला किया था।

### ईरान का पलटवार- इजराइल समेत 9 देशों पर हमला

अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजराइल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसॉर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

### इजराइली सेना ने ईरान पर हमले का फुटेज जारी किया

इजराइली सेना आईडीएफ ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था। तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद धुएं के गुबार उठते हुए दिखाई दिए। सऊदी अरब की राजधानी रियाद के पूर्वी हिस्से में धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, वहां के लोगों ने कई तेज धमाकों की आवाज सुनी और आसमान में धुआं उठता देखा। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के मुताबिक, ईरानी वायुसेना ने मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। ईरान का कहना है कि उसके फाइटर जेट्स ने खाड़ी देशों और इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में अमेरिकी बेसों को निशाना बनाया है। ईरान के मिसाइल हमले के बाद कतर की राजधानी दोहा में धुंए का काला बादल छा गया।




### ईरान-इजराइल के बीच विवाद

- **न्यूक्लियर प्रोग्राम:** अमेरिका को शक है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकता है। इसी वजह से उसने कई बार उस पर पाबंदियां लगाईं। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ बिजली बनाने और वैज्ञानिक रिसर्च के लिए है, हथियार बनाने के लिए नहीं।
- **बैलिस्टिक मिसाइल मुद्दा:** परमाणु समझौते की बातचीत में ईरान का मिसाइल प्रोग्राम सबसे बड़ा अड़ंगा बना हुआ है। ईरान साफ कहता है कि उसकी बैलिस्टिक मिसाइलें उसकी सुरक्षा के लिए जरूरी हैं और इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा। वह इसे अपनी 'रेड लाइन' मानता है।
- **इजराइल को लेकर टकराव:** अमेरिका, इजराइल का सबसे बड़ा समर्थक है। वहीं ईरान इजराइल का खुलकर विरोध करता है और उस पर क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाता है। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ जाता है।
- **मिडिल ईस्ट में दखल:** अमेरिका का आरोप है कि ईरान इराक, सीरिया, लेबनान और यमन जैसे देशों में अपने समर्थक गुटों को मदद देकर अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। ईरान कहता है कि वह अपने हितों और सहयोगियों की रक्षा कर रहा है।
- **आर्थिक पाबंदियां:** अमेरिका ने ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। इसके जवाब में ईरान भी कभी अपने परमाणु कार्यक्रम को तेज करने या सख्त बयान देने जैसे कदम उठाता है।

### इजराइल-ईरान जंग: पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर लोगों का हमला, 10 की मौत

अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हवाई हमला जारी है। ईरान भी इजराइल पर और मिडिल ईस्ट के 9 देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर रहा है। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि हुई है। पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने खामेनेई की मौत के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 10 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं। ईरान का मिडिल ईस्ट के राज्यों पर लगातार हमला जारी है। आज सुबह से कतर, दुबई, अबू धाबी में मिसाइ-ड्रोन से अटैक हो रहे हैं। कतर में मौजूद भारतीयों ने हमले के वीडियो भी शेयर किए हैं। इधर, मिडिल ईस्ट में बिगड़ते हालात के चलते सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन ने मिडिल ईस्ट के देशों में 2 मार्च से होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं।

### ईरानी नौसैनिक अड्डे पर इजराइली हमला

बीबीसी वेरीफाई ने ओमान की खाड़ी के तट पर स्थित एक ईरानी नौसैनिक अड्डे पर हुए इजराइली हमले के बाद का सैटेलाइट इमेज जारी किया है। यह तस्वीर अमेरिकी स्पेस इंटेलिजेंस और सैटेलाइट इमेजिंग कंपनी वैंटोर ने ली थी। इसमें दक्षिण-पूर्वी प्रांत होर्मोजगान में स्थित ईरानी नौसेना के कोनारक अड्डे पर खड़े एक जहाज से काले धुएं का एक घना स्तंभ उठता हुआ दिखाई दे रहा है। कोनारक ईरान की सेना के चार प्रमुख नौसैनिक अड्डों में से एक है। इसके पास ही एक सैन्य हवाई अड्डा भी स्थित है।

### ऑयल टैकर पर हमला

ओमान के तट के पास एक ऑयल टैकर पर हमला हुआ है। समुद्री सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, स्काई लाइट नाम का तेल टैंकर मुसंदम तट से करीब 10 किलोमीटर दूर था। हमले में चार लोग घायल हुए। जहाज पर मौजूद 20 लोगों के पूरे क्रू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इजराइल ने ईरान के तेहरान पर हमले शुरू कर दिए हैं। इसमें कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया है। वहिदी पहले देश के रक्षा और गृह मंत्री रह चुके हैं।

### इजराइल को फायदा

अल जजीर ने एक्सपर्ट्स के हवाले से कहा है कि ईरान पर हमले से ज्यादा फायदा इजराइल को हो रहा है, अमेरिका को नहीं। मई में मिडिल ईस्ट दौरे के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका अब दूसरे देशों की सरकारें बदलने की कोशिश नहीं करेगा। उन्होंने कहा था कि पहले ऐसे कदमों से कई देशों को नुकसान हुआ है। लेकिन कुछ ही समय बाद ट्रम्प ने ईरान पर बड़ा हमला करने का आदेश दे दिया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद ईरान में आजादी लाना है।

### सेना प्रमुख के मारे जाने की पुष्टि की

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया है कि शनिवार को हुए अमेरिका-इजराइल हमलों में देश के रक्षा मंत्री अजीज नसीरजादेह और सेना प्रमुख अब्दुल रहीम मौसवी की मौत हो गई। ईरान पहले ही पुष्टि कर चुका है कि सुप्रीम लीडर अली खामेनेई, उनके सुरक्षा सलाहकार अली शामखानी और आईआरजीसी प्रमुख मोहम्मद पकपोर भी इन हमलों में मारे गए। इरना के मुताबिक, सेना के कुछ और कमांडर भी मारे गए हैं। उनके नाम बाद में जारी किए जाएंगे।

### अस्थायी परिषद ईरान को संभालेगी

ईरान के संविधान के आर्टिकल 111 के मुताबिक, जब तक नया सुप्रीम लीडर नहीं चुना जाता, तब तक एक अस्थायी परिषद देश की जिम्मेदारी संभालती है। इस परिषद में तीन लोग शामिल होते हैं राष्ट्रपति मसूद पजशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम-हुसैन मोहसनी-एजेई और गार्जियन काउंसिल का एक धर्मगुरु। यह अस्थायी परिषद तब तक काम करती है, जब तक असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स औपचारिक रूप से नया सुप्रीम लीडर नहीं चुन लेती।

## खामेनेई के निधन पर सिरसी में मातम, बाजार बंद कर निकाला जुलूस, गम में नहीं मनाएंगे ईद

जन एक्सप्रेस । संभल

ईरान के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका और इजरायल के हमले में मौत हो गई। इससे सिरसी में शिया समुदाय के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उन्होंने शोक में अपनी दुकानें बंद करके गम का इजहार किया। जुलूस निकालकर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की गई। रविवार सुबह खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही शिया समुदाय के लोग अपने घरों से निकल आए और काले कपड़े पहनकर गम का इजहार किया। सुबह दस बजे इमाम बारगाह मोहल्ला शर्की सादात में बैठक हुई। इसमें उलेमाओं ने अमेरिका, इजराइल की कड़ी निंदा की। इसके बाद जुलूस निकाला गया। इसमें सैकड़ों लोग शामिल रहे। जुलूस मस्जिद शर्की सादात से मोहल्ला बाजार, स्टेशन रोड डाकखाने के सामने से होता हुआ मोहल्ला सादक सराय में इमाम बारगाह गर्बी और मोहल्ला चौधरियान में इमाम बारगाह इमाम रजा से स्टेशन रोड होता हुआ वापस पहुंचा। उधर, असमोली क्षेत्र के गांव बुकनाला सादात में खामेनेई की निधन की पर जुलूस निकाला गया। इस दौरान मौलाना ईसार हुसैन ने खामेनेई की मौत के गम में ईद नहीं मनाने का फैसला किया। तय किया गया कि ईद के त्योहार पर नए कपड़े नहीं पहने जाएंगे। इसके अलावा किसी तरह की खुशी भी नहीं मनाई जाएगी। रस्म अदा करने के लिए प्रतीकात्मक तौर पर काली पट्टी बांधकर अलविदा जुमा की नमाज अदा की जाएगी।



### कैंडल मार्च पुलिस ने रद्द कराया

असमोली थाना क्षेत्र के गांव बुकनाला सादात में लखनऊ के शिया धर्मगुरु के आह्वान पर खामेनेई की याद में आठ बजे से निकलने वाला कैंडल मार्च रद्द किया गया। पुलिस ने समय से पहले गांव पहुंचकर इसे रद्द कराया।

## होली की शुभकामाएं...उत्साह और शालीनता से मनाएं, भाईचारे का है पर्व, सीएम ने दिया संदेश



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि होलिकोत्सव भारतीय संस्कृति का जीवन्त उत्सव है, जो सामाजिक समरसता, सौहार्द और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से त्योहार को हर्षोल्लास, शालीनता और मर्यादा के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने और प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का संदेश प्रेम, विश्वास और सकारात्मकता को बढ़ावा देता है तथा समाज के सभी वर्गों को जोड़ता है।

### होली सद्भाव का पर्व, उत्साह और शालीनता से मनाएं : केशव प्रसाद मौर्य



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने होली के पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह रंगोत्सव आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है, जो सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरता है। मौर्य ने लोगों से पर्व को उत्साह, शालीनता और परंपराओं के अनुरूप मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला उत्सव है, इसलिए ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों।

### जल संरक्षण का संकल्प लें: राज्यपाल



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश की जनता को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह रंगों का उत्सव जीवन में प्रेम, सौहार्द और नई ऊर्जा का संचार करे। आइए, प्राकृतिक रंगों से होली मनाएं, जल संरक्षण का संकल्प लें और समाज में भाईचारा बढ़ाएं। आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य सदैव बना रहे। सभी के लिए मंगलमय, सुरक्षित और आनंदमयी होली। आपका परिवार खुशियों से भरा रहे और सपने पूरे हों।

## अयोध्या: 26 मार्च होगा सूर्य तिलक

### होली के बाद शुरू होगा ट्रायल, 10 मार्च तक आएगी विशेषज्ञों की टीम




जन एक्सप्रेस । अयोध्या

इस रामनवमी पर भी रामलला का सूर्य की किरणें अभिषेक करेंगी। राम मंदिर ट्रस्ट ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। रामनवमी मेला 19 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित होगा। रामनवमी मेले में 20 से 25 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं। रामनवमी का मुख्य पर्व रामजन्मोत्सव 26 मार्च को मनाया जाएगा, इसी दिन रामलला का सूर्य तिलक भी होगा। सूर्य तिलक की परंपरा 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद शुरू की गई थी। 2024 में रामजन्मोत्सव पर पहला सूर्य तिलक हुआ था। यह परंपरा 2025 में भी दोहराई गई और अब इस साल भी रामजन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। रामजन्मोत्सव पर राम मंदिर में नौ दिवसीय अनुष्ठान भी होगा। रामजन्मोत्सव के दिन ठीक 12 बजे जैसे ही रामलला का प्रतीकात्मक जन्म होगा, ठीक उसी समय सूर्य की किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी। सीबीआरआई रुड़की की ओर से विकसित चार लेंस और चार दर्पणों के ऑप्टो-मैकेनिकल सिस्टम से सूर्य की किरणें सीधे रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी।

## ईरान संकट के चलते लखनऊ से खाड़ी के देशों की सभी फ्लाइट हुईं रद्द, एक दिन में रद्द हुईं 2500 टिकट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अमेरिका व इस्राइल की ओर से ईरान पर किए गए हमले के बाद खाड़ी देशों से लखनऊ का एयर नेटवर्क पूरी तरह कट गया है। दुबई व ईरान का एयरस्पेस बंद होने से विमानों का संचालन ठप हो गया है, जिससे लखनऊवासी खाड़ी देशों में फंसे हैं। रविवार को खाड़ी देशों को आने-जाने वाली 17 उड़ानों को निरस्त कर दिया गया। इसमें दम्माम, रियाद, आबूधाबी, शारजाह आदि एयरपोर्टों की उड़ानें शामिल हैं। आलम यह रहा कि रविवार को लखनऊ से इन देशों के लिए एक भी उड़ान रवाना नहीं हो सकी। इतना ही नहीं करीब ढाई हजार यात्रियों को अपने टिकट निरस्त करने पड़े। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार को अलग ही नजारा देखने को मिला। नए टर्मिनल टी थ्री पर जहां से इंटरनेशनल उड़ानों का संचालन होता है, वह पूरी तरह खाली नजर आया। लखनऊ से खाड़ी देशों मस्कट, अबुधाबी, शारजाह, दम्माम, रियाद, दुबई को जाने के लिए यात्री नहीं थे। न ही इन देशों से विमान लखनऊ आ रहे थे। ईरान व दुबई का एयरस्पेस बंद होने से विमानों का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसके चलते लखनऊ से खाड़ी देशों को जाने वाली नौ उड़ानों को निरस्त करना पड़ा। जबकि खाड़ी देशों से आने वाली आठ उड़ानें संचालित नहीं हुईं। लखनऊ से बड़ी संख्या में रोजगार के लिए बहराइच, गोंडा, सुलतानपुर, बलरामपुर सहित आसपास के कई जिलों के लोग दुबई, सऊदी अरब सहित कई देशों को जाते हैं।



### 2500 टिकट हुए कैंसिल, आठ मार्च के बाद जारी होंगे टिकट

लखनऊ से खाड़ी देशों को जाने वाले विमानों के ढाई हजार टिकट रविवार को निरस्त किए गए। इसमें मस्कट, दुबई, आबूधाबी, दम्माम, रियाद आदि के विमानों के टिकट शामिल रहे। हालांकि एयरलाइनों की ओर से यात्रियों को जानकारी दी गई कि अभी हालात सामान्य नहीं हैं। ऐसे में आठ मार्च के बाद ही यात्रियों को एयर टिकट जारी किए जाएंगे।

### पूछताछ काउंटरों पर उमड़ी भीड़

लखनऊ एयरपोर्ट पर एयरलाइन कंपनियों के काउंटरों पर रविवार को भीड़ नजर आई। इसमें जिन यात्रियों की रविवार व आने वाले दिनों में फ्लाइट थे, वे परेशान नजर आए। एयरलाइन कंपनियों ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। बावजूद इसके जो लोग खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं, उनके परिजन एयरपोर्ट पर पूछताछ काउंटरों तक पहुंचे। उनके सवालों के जवाब एयरलाइन प्रतिनिधियों ने दिए।

### ये फ्लाइटें हुईं निरस्त

मस्कट से लखनऊ आने वाली ओवी 705, दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस आइएक्स 2171, अबुधाबी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-1416, शारजाह से लखनऊ आने वाली 6ई-1424, रियाद से लखनऊ आने वाली एक्सवाइ 333, दुबई से लखनऊ आने वाली आइएक्स 194, रियाद से लखनऊ आने वाली आइएक्स-190, दम्मा से आने वाली 6ई-098 निरस्त रहीं। वहीं लखनऊ से दुबई जाने वाली आइएक्स 193, लखनऊ से मस्कट जाने वाली ओवी 706, लखनऊ से रियाद जाने वाली आइएक्स 18 व एक्सवाइ 334, लखनऊ से दुबई जाने वाली आइएक्स 197, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली आइएक्स 2170, आबुधाबी जाने वाली 6ई-1415, दम्माम जाने वाली 6ई-097 व शारजाह जाने वाली 6ई-1423 कैंसिल रहीं।

### ट्रेवेल एजेंटों से मांग रहे मदद

लखनऊ से खाड़ी देशों को ऐसे लोग भी गए, जो कामकाज या घूमने के सिलसिले में गए थे। अचानक एयरस्पेस बंद होने से उनके सामने लौटने का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में लोग उन ट्रेवेल एजेंटों से भी मदद मांग रहे हैं, जिनसे उन्होंने टिकट बुक करवाए हैं। एयरवॉक ट्रेवेल एजेंसी के आतिफ ने बताया कि खाड़ी देशों में कई ऐसे लोग भी फंसे हुए हैं, जो दो से तीन दिन के लिए गए हुए थे और उन्हें गत दिवस वापस लौटना था। अब उनके सामने रुकने, खाने-पीने आदि का संकट पैदा होगा, इससे उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। मदद मांग रहे हैं।

पर्यावरण के लिए शुभ संकेत...

# रानीपुर टाइगर रिज़र्व में दिखा विलुप्तप्राय गिद्धों का कुनबा



- टाइगर रिज़र्व में गिध्दों का बसेरा देख वन विभाग में आई खुशी
- दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों का सुरक्षित ठिकाना बना पाठा का जंगल

जन एक्सप्रेस । सचिन वन्दन

**चित्रकूट।** रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र से पर्यावरण के लिहाज से सकारात्मक खबर सामने आई है। रानीपुर टाइगर रिजर्व में दिखे विलुप्तप्राय गिध्दों का झुंड पर्यावरण के लिए शुभ संकेत दे रहा है। रानीपुर टाइगर रिज़र्व के वन परिक्षेत्र मानिकपुर प्रथम के सकरौहा गांव के पास तटबंध के किनारे गिद्धों का झुंड देखा गया। इस नजारे को देख वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। इसका वीडियो बनाकर सोसल मीडिया में वायरल कर दिया है। दरअसल लंबे समय बाद गिद्धों का एक बड़ा झुंड दिखाई देने से पर्यावरण प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दें कि गिद्धों को प्रकृति के सफाईकर्मी कहा जाता है। लेकिन पिछले कुछ साल में इनकी संख्या में भारी कमी आ गई है। रानीपुर टाइगर रिज़र्व से यह तस्वीर सामने आने के बाद वन विभाग में खुशी कि लहर है।

### पहला राज गिद्ध प्रजनन व संवर्धन केंद्र गोरखपुर में

दुनिया का पहला राज गिद्ध प्रजनन एवं संवर्धन केंद्र उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में बनाया गया है। योगी सरकार प्रोजेक्ट जटायु के तहत कार्य किया जा रहा है। इस योजना के मुताबिक, राज गिद्धों के नाम से पहचानी जाने वाली गिद्धों की सर्वश्रेष्ठ प्रजाति का प्रजनन केंद्र गोरखपुर बनाया गया है। सबसे खास बात तो यह है कि फीमेल राज गिद्ध साल में एक ही अंडा देती है। रामायण में जिस जटायु का वर्णन किया गया है, वह इसी प्रजाति के थे। राज गिद्ध के संवर्धन के लिए यूपी सरकार बड़ा बजट दिया है। इस केंद्र में गिद्धों की संख्या बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

### सेमल के पेड़ बने आश्रय स्थल

रानीपुर टाइगर रिज़र्व के मानिकपुर रेंजर सुशील श्रीवास्तव बताते हैं कि जंगल में मौजूद ऊंचे-ऊंचे सेमल के पेड़ों पर अक्सर गिद्धों का झुण्ड दिख जाता है। यह पेड़ गिद्धों का आश्रय स्थल बन चुके हैं। गिद्ध ऊंचे पेड़ों पर रहना पसंद भी करते हैं और रानीपुर टाइगर रिज़र्व के बफर और कोर ज़ोन में ऐसे पेड़ बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यही कारण है कि ये इलाका गिद्धों के लिए सुरक्षित आशियाना बन रहा है। गिद्धों की बढ़ती संख्या पर्यावरण के लिए एक शुभ संकेत है और इनके संरक्षण के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### गिध्दों की पुनः वापसी से पर्यावरण के लिए शुभ संकेत

इन दिनों रानीपुर टाइगर रिज़र्व के जंगलों गिद्धों का मनमोहक दृश्य देखने को मिल रहा है। यह उल्लेखनीय वापसी काफी हद तक डाइक्लोफेनाक नामक दवा पर प्रतिबंध के कारण संभव हुई है, जिसका कभी पशुओं में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता था और जो गिद्धों की आबादी में गिरावट के प्रमुख कारणों में से एक थी। अब गिध्दों की पुनः वापसी पर्यावरण प्रेमियों के लिए सुखद अनुभव करा रही है।

### चित्रकूट का जंगल गिध्दों के लिए हॉटस्पॉट : डीडी

रानीपुर टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रत्यूष कटियार में खुशी जाहि करते हुए कहा कि चित्रकूट का जंगल गिद्धों का हॉटस्पॉट बन चुका है। यहां विभिन्न प्रकार कि गिद्धों की प्रजाति मौजूद है। उन्होने बताया कि गिध्दों के हॉटस्पॉटस वन विभाग द्वारा चिन्हित किए गए हैं। जानवरों के इलाज में डाइक्लोफिनैक नामक केमिकल यूज होने के कारण इनकी संख्या कम हुई थी। रानीपुर टाइगर रिज़र्व घोषित होने के बाद गिध्दों के संरक्षण में और अधिक सुधार हुआ है। इसके साथ ही वल्चर ब्रीडिंग मे संतोषजनक बढोतरी हो रही है। डिप्टी डारेक्टर लोगों से संरक्षण की अपील की है। रानीपुर के जंगल में जगह जगह गिध्दों के झुण्ड देखने को मिल रहे हैं। इनको सुरक्षित भोजन व बेहतर वातावरण भी मिल रहा है। बताया पिछले चार महीने पहले मध्य प्रदेश से वल्चर की स्पेशल टीम भी बुलाई थी, जिसमें वल्चर हॉटस्पॉट आईडेंटिफाई किए गए थे। लगातार संरक्षण की दिशा में प्रयास जारी हैं,अब इसका परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। हम सब बहुत उत्साहित हैं।

# चोरी के सामान समेत दो चोरों को दबोचा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी कोतवाली कर्वी श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा चोरी की 05 घटनाओं का खुलासा करते हुए 02 चोरों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया गया। घटना में मोटर साईकिल, तमंचा व 3 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।
बताया गया कि बीते शनिवार को उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह आरक्षी अभिषेक प्रताप के पेंडिग विवेचना, तलाश वांछित वारण्टी एवं आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत खोही तिराहे पर सुरक्षा व्यवस्था के चलते संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग चला रहे थे। मुखविर के जरिये से खास सूचना मिली की 2 व्यक्ति भरतकूप की तरफ से मोटरसाईकिल से रामसैया की ओर आ रहे हैं, जिनके पास चोरी का समान व अवैध तमंचा भी है। इस सूचना पर करके उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह द्वारा उ0नि0 राजेश कुमार व उ0नि0 विवेक कुमार सिंह को अवगत कराते हुए मौके पर बुलाया गया। कुछ समय बाद उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 विवेक कुमार सिंह, आरक्षी शिवपूजन यादव, आरक्षी जयनारायण पटेरिया मौके पर आए। रामसैया तिराहे से भरतकूप की तरफ कुछ आगे पहुंचकर रोड पर उनके आने का इंतजार करने लगे कि भरतकूप की तरफ से एक मोटर साइकिल काफी तेजी से आती दिखाई दी। मोटरसाइकिल को रोककर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। व्यक्तियों की पहचान दीपक गुरु पुत्र रामफल निवासी कछारपुरवा कर्वी उम्र 32 वर्ष व दूसरे आरोपी की पहचान राजकुमार पुत्र केशरी प्रसाद निवासी कजीपुरवा थाना जिला महोबा उम्र 35 वर्ष के रुप में हुई। तमंचा 315 बोर, व 14,000 रूपये बरामद किया गया। वहीं दूसरे आरोपी राजकुमार से 2 कारतूस, 315 बोर, एक बैग, व 10,000 रूपये बरामद किया गया।
बरामद बैंग के अंदर पेपर में लपेटकर प्लास्टिक की थैली में रखे 05 पैकेट मिले जिनको खोला गया तो पैकेट में 4 जोड़ी पायल सफेद धातू, 2 बिछुवा, 1 कर्धनी, 2 सिक्के, 18 बिछिया, 1 चेन 995 ग्राम व 24,000 रूपये बरामद किए गए। पकड़े गये चोरों से दबावपूर्वक पूंछने पर दोनों व्यक्तियों ने बताया कि पहले पैकेट से मिले सामान गोलतालाब पटेल नगर, भरतपुरी कर्वी, बनकट, कछारपुरवा तथा खोही शिवरामपुर रोड से रॉड व हथौड़े की सहायता से दुकान का ताला तोड़कर चोरी किये थे।

# सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की उपस्थिति में जनपद की बेटी खुशी रावत की झोली में दो स्वर्ण पदक

जन एक्सप्रेस । बांदा



बुंदेलखंड के हमारे जनपद की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी रावत ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नागपुर के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में उन्हें पाँच वर्षीय विधि डिग्री के साथ-साथ उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए दो स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया।समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें कुल 213 विद्यार्थियों को उपाधि तथा 25 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस के. वी. विश्वनाथन रहे। विशिष्ट अतिथियों में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अतुल एस. चांदूरकर, बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अनिल एस. किलोर, न्यायमूर्ति जस्टिस भारती एच. डांगरे एवं जस्टिस उर्मिला एस. जोशी-फालके सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बॉम्बे हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश आर. सी. चवन् भी मौजूद रहे। खुशी रावत को स्वर्ण पदक जस्टिस अतुल एस. चांदूरकर की गरिमामयी उपस्थिति में न्यायमूर्ति भारती एच. डांगरे एवं जस्टिस उर्मिला एस. जोशी-फालके के करकमलों से प्रदान किए गए, जबकि एक स्वर्ण पदक महाराष्ट्र सरकार के एडवोकेट जनरल डॉ. मिलिंद साठे द्वारा प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर खुशी रावत के बड़े पापा अनूप रावत (पूर्व स्टेनो, मुख्य विकास अधिकारी जनपद) तथा उनके पिता स्वतंत्र रावत (रीडर, उपभोक्ता फोरम भदोही) ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे परिवार, बांदा जनपद, बुंदेलखंड क्षेत्र एवं उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने खुशी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बेटियों की सफलता समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होती है।

# संस्कार, ज्ञान और सांस्कृतिक चेतना का समन्वय है प्रार्थना सभा : कुलगुरु

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मासिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने की। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।
कार्यक्रम का शुभारंभ ओम उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुल गीत से हुआ, जिसकी प्रस्तुति विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय द्वारा की गई। इसके बाद मुकेश कुमार ने हितोपदेश के श्लोक एवं भावार्थ का सारगर्भित प्रस्तुतीकरण किया। महापुरुष के जीवन से क्रम में शिवानी सिंह ने महान क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके साहस, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा के प्रेरक प्रसंग साझा किए। एकल गायन के अंतर्गत कृति शुक्ला ने भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी।
विज्ञान एवं पर्यावरण विषयक प्रस्तुति में अनुष्का गुप्ता ने प्रदूषण विषय पर विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके बाद उपकुलसचिव प्रो. साधना चैरसिया ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। समूह गायन में होली लोकगीत की प्रस्तुति समस्त प्रतिभागियों द्वारा की गई, जिससे वातावरण उल्लासमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी जनसमूह द्वारा रघुपति राघव का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विवेक फड़नीस ने किया। कार्यक्रम का संचालन रिद्धिमा तिवारी ने प्रभावी एवं सुसंगठित रूप से किया। कार्यक्रम में विक्रम, अर्जुन सिंह, श्रेया, कृति, पूजा, शिवानी, रिद्धमा एवं मुकेश कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों ने सहभागिता की।
अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. आलोक चैबे ने प्रार्थना सभा में सम्मिलित विविध गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि विषयवार प्रस्तुतियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, वैचारिक परिपक्वता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### पांच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एन.एम.एम.एस के अंतर्गत घोषित परिणाम में जनपद से कुल 93 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इनमें से उच्च प्राथमिक विद्यालय बघवारा, ब्लॉक मानिकपुर के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। सफलता में गौरव प्राप्त करने वालों में भानुप्रताप, अंशिका, अरुण, राधिका देवी व अर्जुन हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बघवारा के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से परचम लहराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप बाबू गुप्ता द्वारा तैयार किए गए सकारात्मक एवं अनुशासित शैक्षिक वातावरण तथा सहायक अध्यापक सर्वेश कुमार द्वारा अतिरिक्त समय देकर कराई गई विशेष तैयारी ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन पाँच सफल विद्यार्थियों में से एक होनहार छात्र अरुण अब हमारे बीच नहीं हैं। विगत माह एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में उनका असामयिक निधन हो गया। परिणाम घोषित होने से पहले ही वे इस दुनिया को अलविदा कह गए, परंतु उनकी मेहनत और सफलता आज भी सबके लिए प्रेरणा बन गई है। अरुण की यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। उनका सपना और संघर्ष आज हर विद्यार्थी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

# होली के दौरान 108 एंबुलेंस सेवा रहेगी हाई अलर्ट पर

जन एक्सप्रेस । बांदा



जनपद में होली के दौरान 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे हाई अलर्ट पर रहेंगी। सरकार की ओर से निर्देश मिलने के बाद सभी एंबुलेंसों को अलर्ट पर रहने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी कर किए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर 108 नम्बर डायल करें, एंबुलेंस कुछ ही देर में मदद के लिए पहुंच जाएगी।
108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के रीजनल मैनेजर सुमित दूबे और जिला प्रभारी पुष्कल सिंह ने बताया कि होली को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24/7 निर्बाध एंबुलेंस सेवाएं सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। प्रोग्राम मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि त्योहार के दौरान 108 एंबुलेंस विशेष रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को एंबुलेंस से न्यूनतम समय में अस्पताल पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है। इसके साथ ही सभी एंबुलेंस से में स्टाफ एवं ऑक्सीजन, दवा व अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर सूचना देकर एंबुलेंस सेवा ली जा सकती है। 108 एंबुलेंस जल्द ही पहुंचकर हॉस्पिटल ले जाएगी। सभी एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध रहता है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से यह सेवा सभी के लिए फ्री है।त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश में 108 सेवा की 2200 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 2270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं। आवश्यकता पड़ने एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके निरूशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।

# नन्ही अदिति ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों संग मनाया अपना जन्मदिन

जन एक्सप्रेस । बांदा



आज के भागदौड़ भरे युग में जहां लोग अपनी खुशियाँ केवल चकाचौंध और दिखावे में तलाशते हैं।वहीं जनपद के कश्यप परिवार ने एक बार फिर समाज के सामने संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश की है।रविवार को नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम में क्योटरा मुक्तिधाम निवासी अजय कश्यप एवं महेन्द्र कश्यप (माही) ने अपनी प्रिय भांजी अदिति कश्यप (पुत्री सुधीर कश्यप) का जन्मदिन असहाय वृद्धजनों के बीच अत्यंत भावपूर्ण ढंग से मनाया।
जन्मदिन के शुभ अवसर पर नन्ही अदिति ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच केक काटा।इस दौरान नन्ही अदिति ने अपने छोटे-छोटे हाथों से सभी बुजुर्गों को दो-दो केले वितरित किए।अपनों से दूर रह रहे इन बुजुर्गों के चेहरे पर उस वक्त असीम संतोष और मुस्कान तैर गई।जब उन्होंने नन्ही बिटिया के सिर पर हाथ रखकर उसे दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम के दौरान अदिति के साथ आए अन्य परिजनों ने सभी वृद्धजनों को केक,मिठाई और फलों का वितरण किया।वृद्धाश्रम के प्रबंधक श्यामकिशोर त्रिवेदी ने इस पुनीत कार्य में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।उन्होंने सभी वृद्धजनों को कुर्सियों पर बैठाकर व्यवस्थित ढंग से आयोजन संपन्न कराया और कश्यप परिवार के इस विचार की भूरि-भूरि प्रशंसा की।
अदिति के मामा महेन्द्र कश्यप ने इस अवसर पर शहरवासियों से एक भावुक अपील की।उन्होंने कहा हमें लगता है कि शहर के प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य का जन्मदिन इन बुजुर्गों के बीच मनाना चाहिए। इससे उन्हें यह अहसास नहीं होगा कि वे अपने परिवार से अलग हैं।हमारा मानना है कि इस मानव सेवा से बेहतर कोई ईश्वर सेवा नहीं है।इसी संकल्प के साथ हम लगातार दूसरे वर्ष यहां आए हैं और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। इस नेक कार्य के साक्षी के रूप में राजेश निषाद, विनय निषाद (अधिवक्ता), नीरज निषाद, लक्ष्मीनारायण साहू, रमेश पाल (दीवारी अध्यक्ष, बड़ोखर),घासीराम निषाद एवं पुष्पेन्द्र गुप्ता सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### लोधी राजपूत समाज की बैठक में से मनाया जाएगा रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस

**मानिकपुर चित्रकूट।** 1857 क्रांति कीं महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान सप्ताह समारोह जो कि आगामी 15 मार्च को जनपद के ग्राम गौरिया मानिकपुर में भव्य रूप में मनाया जाना जाएगा। इस कार्यक्रम की रुपरेखा के लिए रविवार को गौरिया में एक मीटिंग की गयी जिसमें जनपद के वरिष्ठ सामाजिक जन उपस्थित रहे। यह आयोजन स्वामी ब्रह्मानन्द के अभिनव दर्शन पर आधारित है। जिसका उद्देश्य लोधी समाज में शैक्षिक, सामाजिक, राजनैतिक व आर्थिक चेतना जागृत करना है। इसके लिए समाज के संघर्षवान वरिष्ठ अधिकारी वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। लोकेश लिल्हारे शीलेंद्र सिंह राजपूत पूर्व कलेक्टर, छतरपुर, गुलाब सिंह, बिहारी लाल महान, अधिकारी भूमि संरक्षण विभाग, सुनील सिंह राजपूत खंड शिक्षा अधिकारी व प्रखर वक्ता डॉ. कुलदीप सिंह राजपूत सहित यूपी एमपी के विभिन्न जिलों के समाजसेवी, वक्ता उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम चित्रकूट में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा, अपने महापुरुषों को समाज की नवपीढी तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी , स्वामी ब्रह्मानन्द, रानी अवंतीबाई लोधी, स्वामी केशवानंद की शिक्षाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम होगा।

# पद्मश्री डॉ. बीके जैन पंचतत्व में हुए विलीन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



परम पूज्य संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी एवं सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री से अलंकृत लाखों लोगों के जीवन में उजला प्रदान करने वाले डॉ. बी.के. जैन रविवार को उसी तपोभूमि धरा पर पंचतत्व में विलीन हो गए जिस पर उन्होंने अपना पूरा जीवन अर्पित किया था। अंधकार में डूबी असंख्य आंखों को रोशनी देने वाला एक तपस्वी नेत्र चिकित्सक अब स्वयं अनंत ज्योति में विलीन हो गया।
डॉ. जैन की अंतिम यात्रा चिकित्सालय परिसर रघुवीर मंदिर होते हुए एसपीएस ग्राउंड में पहुंची जहां उनको तिरंगे के साथ गार्ड ऑफ सलामी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी सतना, पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार सहित नागरिक धर्म नगरी के सभी साधु संत, आम जनमानस सहित सदगुरु परिवार के लगभग सभी ट्रस्टी डॉ. जैन के सभी परिवारिक जन ,रिश्तेदार सहित सदगुरु परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। उनके दोनों पुत्र जिनेश जैन एवं डॉ. इलेश जैन ने उन्हें मुखाग्नि दी। 27 फरवरी को डॉ जैन का गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया था पिछले कई महीनों से अस्वस्थ्य थे और मुंबई में उनका इलाज चल रहा था। उनके मार्गदर्शन में चित्रकूट तपोभूमि पर तारा नेत्र दान यज्ञ के रूप में सेवा का जो बीज जो बोया गया था वह आज विशाल वटवृक्ष बन चुका है। उनके निधन से चित्रकूट सहित समूचे विंध्य अंचल में शोक की लहर दौड़ गई, संत समाज, समाज सेवी सेवी, जनप्रतिनिधि ,आम जनमानस सहित समस्त सदगुरू परिवार ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि के साथ अंतिम विदाई दी। उनकी अंतिम विदाई में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सतना जिले में जन्मे डॉ. जैन ने प्रारंभिक शिक्षा शासकीय व्यंकट क्रमांक 1 विद्यालय से प्राप्त की थी, वर्ष 1973 में श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय ,रीवा से चिकित्सा स्नातक तथा 1979 में लोकमान्य तिलक चिकित्सा महाविद्यालय , सायन से नेत्र रोग में स्नाकोत्तर उपाधि प्राप्त की थी। स्नाकोत्तर के बाद उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग खुला था मगर उन्होंने सुविधा नहीं बल्कि सेवा का मार्ग चुना और 1970 में चित्रकूट पहुंचे जहां स्वास्थ्य सुविधाएं अत्यंत सीमित थी। परम पूज्य रणछोड़ दास महाराज के आशीर्वाद से शुरू तारा नेत्रदान यज्ञ ने चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में नेत्र चिकित्सा की एक नई क्रांति ला दी थी। टेंट और टीन शेड के नीचे प्रारंभ हुए शिविर आज सुव्यवस्थित स्थापित किए गए लाखों नेत्र रोगियों के उपचार के माध्यम से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के तमाम जिलों को मोतियाबिंद मुक्त घोषित कराने में डॉ जैन ने महत्व महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। चिकित्सा और अंधत्व निवारण के क्षेत्र में उनके अद्वतीय योगदान देने के लिए उनको देश विदेश में कई अवार्डों से सम्मानित किया गया और इसी अद्वतीय योगदान के लिए उन्हें 27 मई 2025 को देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु ने उन्हें पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित किया था।

### मोरम का पट्टा है जालौन में, जबकि पट्टाधारक प्रतिबंधित लिफ्टर मशीन से अवैध खनन को अंजाम दे रहा था, हमीपुर के चिकासी क्षेत्र से

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** मोरम के अवैध खनन के मामले में खनन पट्टाधारक कितने बेलगाम और बेखौफ है, इसकी ताजी मिसाल जालौन के मोरम पट्टाधारक की उस वक्त देखने को मिली। जबकि खण्ड है मोहाना में,वही प्रतिबंधित लिफ्टर मशीन का इस्तेमाल हमीरपुर के चिकासी छेत्र में बेधडक और बेखौफ होकर धडल्ले से किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिलने पर सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता ने छापा मारकर लिफ्टर को किया जप्त। बताया गया है कि पट्टाधारक हमीरपुर की सीमा में प्रतिबंधित लिफ्टर मशीन से कर रहा था अवैध खनन,एसडीएम ने छापा मारकर पकडा प्रतिबंधित लिफ्टर,पट्टाधारक बेतवा नदी में लिफ्टर के जरिए अवैध खनन को दे रहा था अंजाम,जालौन जिले के मुहाना खंड संख्या 2 का पट्टाधारक सरीला तहसील क्षेत्र के चिकासी बेतवा पुल के पास मोरम के अवैध खनन को प्रतिबंधित लिफ्टर मशीन से दे रहा था अंजाम।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो चरणों में मिलेंगें दो निशुल्क सिलेण्डर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 2 चरणों में 2 निःशुल्क रिफिल सिलेण्डर प्रदान कराए जाने के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए हैं। बताया कि देश की सभी राशनकार्ड धारक महिलाओं को रसोई गैस उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के बलिया जिले से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रारम्भ की गयी। इस योजना के तहत कनेक्शन धारक को 1 रिफिल सिलेण्डर, गैस चूल्हा, रेग्यूलेटर, पाइप एवं अन्य उपकरण के साथ एक मयरिफिल एल.पी.जी. सिलेण्डर निःशुल्क आदि सम्बन्धित गैस एजेन्सी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत वन फैमिली वन एल.पी.जी. कनेक्शन से सम्बन्धित ऐसे परिवार जिन्हें पूर्व से कोई एल.पी.जी. कनेक्शन निर्गत नहीं है। उनसे आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण से सम्बन्धित परिवार, अन्त्योदय अन्न योजना से सम्बन्धित परिवार, पात्र गृहस्थी योजना के राशनकार्ड से सम्बन्धित आदि परिवारों को पात्रता के क्रम में सम्मिलित किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रथम चरण के तहत जनपद में 108852 नए कनेक्शन जारी किए गये हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश के महोबा जिले से 2020 में यह शुरूआत की गयी। इसके क्रम में प्रदेश में इस योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री द्वारा 25 सितंबर 2020 से की गयी। इसके 18552 नये कनेक्श जारी किये जा चुके हैं। इस प्रकार उज्ज्वला गैस योजना के फेज 1 एवं फेज2 के तहत जनपद में कुल 127404 कनेक्श जारी किए जा चुके हैं।

# चित्रकूट की आध्यात्मिक नगरी में मंडल स्तर के वक्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



आध्यात्मिक नगरी स्थित दीनदयाल परिसर, उद्यमिता विद्यापीठ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल स्तर पर जाने वाले वक्ताओं का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यशाला तीन अलग-अलग सत्रों में संपन्न हुई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता और बूथ स्तर तक संवाद की रणनीति पर विशेष मंथन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चैधरी भूपेंद्र सिंह द्वारा भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।
उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भूपेंद्र चैधरी ने कहा कि मंडल स्तर पर जाने वाले वक्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। वे संगठन की विचारधारा, सरकार की उपलब्धियों और कार्यकर्ताओं की ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि वक्ताओं को तथ्यात्मक, संयमित और प्रभावी संवाद शैली अपनाते हुए जनता के बीच सकारात्मक वातावरण निर्मित करना चाहिए।
समापन सत्र को प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि मंडल स्तर पर जाने वाले वक्ताओं की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान, बूथ प्रबंधन की रणनीति और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सरल एवं प्रभावी भाषा में जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही प्रारंभ होती है और प्रशिक्षित वक्ता इस कड़ी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल भाषण कला विकसित करना नहीं, बल्कि विचारों की स्पष्टता और संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को आत्मसात कर जनसंपर्क अभियान को और अधिक प्रभावी बनाएं।
प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने किया। कार्यशाला में प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री मीना चैबे, राजकुमार कुशवाहा, रंजना उपाध्याय, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, रामकेश निषाद, अजीत पाल, क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह, रीता शास्त्री, हर्ष द्विवेदी एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 02 मार्च, 2026







**पुडुचेरी को 2700 करोड़ की बड़ी सौगात...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता... पढ़ें पेज 12 पर...

# अली खामनेई की मौत के बाद अलर्ट पर प्रदेश

## लखनऊ के शिया समुदाय में बड़ी हलचल, सोशल मीडिया पर निगरानी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के निधन के बाद प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के प्रमुख शहरों के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस और खुफिया एजेंसियों को हाईअलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए आमजन से शांति बनाए रखने की अपील की है। खामेनेई की मौत की खबर मिलने के बाद रविवार को



पुराने लखनऊ में लाखों लोग सड़क पर उतर आए। इस्राइल और अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी कर हमले की निंदा की। स्थिति को देखते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण ने पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी किया। खासकर शिया बाहुल्य वाले शहरों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पुराने लखनऊ में भी भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। मालूम हो कि प्रदेश में शिया समुदाय सबसे अधिक लखनऊ, जौनपुर और अमरोहा में है। यहां शिया मुस्लिम सबसे अधिक हैं। अन्य जिलों में संख्या कम है। तमाम जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए। किसी तरह की कोई कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति न हो इसलिए पुलिस प्रशासन अतिरिक्त सक्रिय हुआ है।

### खामेनई के निधन पर उबाल, सड़कों पर उतरा समुदाय

ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनई के निधन की खबर के बाद पुराने लखनऊ में शोक के साथ आक्रोश का माहौल दिखाई दिया। शिया समुदाय के लोगों ने विरोध स्वरूप अपनी दुकानें बंद रखीं और काले कपड़े पहन बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। रविवार सुबह से ही शिया समुदाय के लोग गम में डूबे रहे। पुराने लखनऊ के मोहल्ला काजमैन, नूरबाड़ी, दरगाह हजरत अब्बास, मुफ्तीगंज समेत विभिन्न मोहल्लों से लोग जुलूस की शक्ल में छोटे इमामबाड़ा के सामने एकत्र हुए। वहां से नारेबाजी करते हुए बड़ा ईमामबाड़ा (भूल भुलैया) तक दोषी मुल्क और उनके नेताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। जिसमें बुजुर्ग, युवा, बच्चे और महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान मौलाना यासूब अब्बास ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होकर दोषियों को सबक सिखाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने तख्तियां और बैनर लेकर विरोध दर्ज कराया तथा अपने नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे इलाके में दिनभर नारे गूंजते रहे और प्रदर्शनकारी न्याय की मांग बुलंद करते रहे। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया।

### सोशल मीडिया की निगरानी

एडीजी एलओ अमिताभ यश ने बताया कि सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट साझा करने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल को सक्रिय कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपुष्ट खबरों पर विश्वास न करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना प्रसारित करने से बचें।

## 2027 की सियासी बिसात पर अम्बेडकर वाहिनी की चाल, वसीम अहमद को युवा प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कमान



### संदेश साफ: युवाओं के सहारे नया समीकरण

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से पहले युवाओं और वंचित वर्गों को नेतृत्व में आगे लाना सीधे तौर पर सामाजिक आधार मजबूत करने की रणनीति है। ऐसे में वसीम अहमद की नियुक्ति आने वाले समय में प्रदेश की सियासत में नए समीकरण खड़े कर सकती है।

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव की आहट के बीच सामाजिक संगठनों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। इसी क्रम में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वाहिनी ने बड़ा संगठनात्मक फैसला लेते हुए वसीम अहमद को युवा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। इस नियुक्ति को केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि वंचित वर्गों की राजनीतिक गोलबंदी की रणनीतिक शुरुआत माना जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के साथ संगठन ने साफ संकेत दिया है कि अब अम्बेडकर वाहिनी सामाजिक मंच से आगे बढ़कर राजनीतिक प्रभाव बढ़ाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगी। संगठन का फोकस दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्गों को एक मंच पर लाकर चुनावी समीकरणों में हस्तक्षेप करने पर रहेगा। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष वसीम अहमद ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को आधार बनाकर समाज के वंचित तबकों के अधिकार और भागीदारी की लड़ाई को तेज किया जाएगा। वहीं अमर चौधरी ने खुलकर घोषणा की कि अम्बेडकर वाहिनी 2027 विधानसभा चुनाव में सशक्त भागीदारी दर्ज कराएगी और जमीनी स्तर पर सामाजिक शक्ति को राजनीतिक ताकत में बदलने का अभियान चलाएगी। नियुक्ति कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ फ़ैज़ अहमद, राष्ट्रीय सचिव नकी जैदी, राष्ट्रीय प्रभारी वसी रजा जफरुल, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ महेंद्र राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन मौर्य सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लखनऊ यूनिवर्सिटी हॉस्टल में छात्र ने दी जान

- बंद कमरे में पंखे से लटका मिला शव, साथियों ने तोड़ा दरवाजा डिप्रेशन की चर्चा से उठे बड़े सवाल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश की राजधानी स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को एक छात्र की आत्महत्या ने पूरे कैंपस को झकझोर दिया। सुभाष छात्रावास के कमरे में बीएससी एग्रीकल्चर के छात्र का शव फांसी के फंदे से लटका मिलने के बाद विश्वविद्यालय परिसर में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नवीन कुमार (20) पुत्र नागेंद्र कुमार, निवासी ग्राम चक उसरैला, तहसील सिकंदरपुर, जिला बलिया के रूप में हुई है, जो सुभाष हॉस्टल के कमरा नंबर-52 में रहकर पढ़ाई कर रहा था।

### दरवाजा नहीं खुला

रविवार दोपहर करीब 1 बजे छात्रों ने देखा कि नवीन का कमरा अंदर से बंद है और काफी आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही। आशंका होने पर छात्रों ने हॉस्टल प्रशासन को सूचना दी। प्रवोस्ट डॉ. महेंद्र कुमार की मौजूदगी में दरवाजा खोला गया तो अंदर का दृश्य देख सभी सन्न रह गए – छात्र पंखे से रस्सी के सहारे फांसी पर लटका था।

### पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर

सूचना मिलते ही हसनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य एकत्र किए और पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### डिप्रेशन में था छात्र, पर सवाल कई

प्राथमिक जानकारी में साथियों ने बताया कि नवीन पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में रहता था। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं – मानसिक दबाव, पढ़ाई का तनाव और व्यक्तिगत कारणों – की जांच कर रही है।

### बड़े सवाल

- क्या विश्वविद्यालयों में छात्रों की मानसिक सेहत पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है?
- हॉस्टलों में काउंसलिंग सिस्टम कितना प्रभावी है?
- बढ़ते तनाव के बीच छात्र आखिर किससे मदद मांगें?
- राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ता मानसिक दबाव चिंता का विषय

## राजधानी की 3729 जगहों पर होगा होलिका दहन, ड्रोन से होगी निगरानी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

शहर में 3729 जगहों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसको लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। हर जगह पुलिस बल की तैनाती रहेगी और सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से निगरानी की जाएगी। जेसीपी एलओ बबलू कुमार ने बताया कि सुरक्षा के लिए चार एडीसीपी, 12 एसीपी, 19 इंस्पेक्टर, 72 दरोगा, 400 सिपाही, ट्रैफिक पुलिस के 22 इंस्पेक्टर, 75 दरोगा, 80 होमगार्ड, 600 सिपाही, 14 कंपनी पीएसी, वायरलेस यूनिट और एलआईयू के लोग पूरे शहर भर में तैनात किए गए हैं। ड्यूटी को लेकर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पहले से ब्रीफ भी कर दिया गया है। हर इलाके में चौबीस घंटे कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर विशेष नजर रखी जा रही है। आयोजन स्थल तक के मार्गों पर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। पुलिस ने लोगों से सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें और समय-समय पर जारी किए गए यातायात डायवर्जन का पालन करने की अपील की है।

## ऊर्जा मंत्री ने होलिका दहन एवं होली की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने होलिका दहन एवं होली पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि होली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण एवं पारंपरिक पर्व है, जो आपसी प्रेम, सौहार्द, समरसता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और खुशियां साझा करने की प्रेरणा देता है।मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होली का त्योहार मिलजुलकर, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों की असली भावना समाज में सद्भाव और अपनत्व को बढ़ावा देना है।

## काम का झांसा, आंख पर पट्टी और फिर लूट, 24 घंटे में गिरोह का खेल खत्म

- हजरतगंज पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, 5 शातिर गिरफ्तार ज़ ऑनलाइन जॉब तलाशने वालों को बना रहे थे निशाना

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी में नौकरी और काम की तलाश अब अपराधियों का नया हथियार बनती जा रही है। काम दिलाने के नाम पर बुलाकर युवक की आंख पर पट्टी बांध सुनसान इलाके में ले जाकर लूट करने वाले शातिर गिरोह का हजरतगंज पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। निशातगंज स्थित न्यू हैदराबाद कॉलोनी निवासी इवेंट मैनेजमेंट कारोबारी रोहित बंसल को 26 फरवरी को आरोपियों ने काम दिलाने का लालच देकर बुलाया।



भरोसा जीतने के बाद बदमाशों ने उनकी आंख पर पट्टी बांधी और सुनसान स्थान पर ले जाकर मारपीट की। इसके बाद मोबाइल से ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कराए और पर्स, घड़ी व सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर हजरतगंज थाने में मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस उपायुक्त मध्य के निर्देश पर तीन टीमें गठित की गईं। साइबर तकनीक और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने 28 फरवरी को महज 24 घंटे के भीतर गिरोह को दबोच लिया।

### ऐसे फंसाते थे शिकार

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी सोशल मीडिया और ऑनलाइन माध्यम से ऐसे लोगों की जानकारी जुटाते थे जिन्हें काम या नौकरी की जरूरत होती थी। फिर उन्हें फर्जी काम का ऑफर देकर सुनसान जगह बुलाया जाता था, जहां पहले से मौजूद साथी डराकर और मारपीट कर लूटपाट करते थे। पुलिस ने नागरिकों को सलाह दी है कि अनजान लोगों के नौकरी या काम के ऑफर पर बिना सत्यापन भरोसा न करें और संदिग्ध कॉल या मीटिंग की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### गिरफ्तार आरोपी

- नुरुद्दीन उर्फ समीर (मुख्य आरोपी) – रहीमनगर
- रवि राजपूत – अलीगंज
- आयुष यादव – अलीगंज
- आयुष बाल्मिकी – अलीगंज
- गोपाल सोनी – अलीगंज

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी पर पहले से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अन्य का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

### क्या-क्या हुआ बरामद

- सोने की चेन
- पर्स व एटीएम कार्ड
- 14,400 नकद
- वारदात में इस्तेमाल चार मोबाइल फोन

## इजराइल में यूपी के 6 हजार से ज्यादा श्रमिक सुरक्षित

- तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से सतत समन्वय

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मध्य एशिया में मौजूदा तनावपूर्ण हालात के बीच इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 6,004 निर्माण श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार पूरी तरह सतर्क है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रमिक सुरक्षित हैं और उनके कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। ये सभी श्रमिक वर्ष 2024 में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी और इजराइल की सरकारी संस्था पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर अथॉरिटी पीआईबीए के माध्यम से चयनित होकर इजराइल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में कार्यरत हैं।तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी सुरक्षा परामर्श के अनुसार सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने, स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और अनावश्यक आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इजराइल में भारत के राजदूत जे.पी. सिंह से फोन पर वार्ता की। राजदूत ने अवगत कराया कि स्थिति नियंत्रण में है और दूतावास सभी भारतीय श्रमिकों के संपर्क में है। प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने भी आश्वस्त किया कि अधिकांश भवनों में सुरक्षा शेल्टर उपलब्ध हैं और श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।श्रम, सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने श्रमिकों और उनके परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। विभाग राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और भारतीय दूतावास के साथ निरंतर संपर्क में है, ताकि किसी भी परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। निदेशक, सेवायोजन नेहा प्रकाश और अपर निदेशक पी.के. पुंडीर ने भी एनएसडीसी अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था की निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए हैं।भारतीय दूतावास, तेल अवीव द्वारा 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर श्रम एवं सेवायोजन विभाग लगातार हालात की समीक्षा कर रहा है। राज्य सरकार का मानना है कि विदेश में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक प्रदेश की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इजराइल में वर्तमान में लगभग 42,000 भारतीय नागरिक निवास कर रहे हैं, जिनमें 6,004 उत्तर प्रदेश के निर्माण श्रमिक शामिल हैं।

## योगी सरकार में आंगनबाड़ी केन्द्रों से सशक्त होता बचपन

- 36 लाख बच्चों तक पहुंच रहा ताजा गर्म भोजन, पोषण 2.0 ' : बच्चों को पौष्टिक आहार की गारंटी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में बाल पोषण को लेकर योगी सरकार ने मजबूती से काम करते हुए देश में एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। 'पोषण 2.0' के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ताजा गर्म भोजन हॉट कुक्ड मील उपलब्ध कराया जा रहा है। इस व्यवस्था के अंतर्गत लगभग 36 लाख बच्चों तक गर्म भोजन पहुंच रहा है। सरकार की यह पहल केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है बल्कि इसे प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास की समग्र रणनीति से जोड़ा गया है। प्रत्येक पात्र बच्चे को नियमित, संतुलित और गर्म भोजन मिले, जिससे कुपोषण की समस्या पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।हॉट कुक्ड मील के अंतर्गत 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को माह में 25 दिन तथा वर्ष में 300 दिन अनुपूरक पुष्टाहार प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इसी के तहत प्रति लाभार्थी प्रतिदिन 4.50 रुपये की दर से व्यय निर्धारित है। योगी सरकार ने इस वित्तीय प्रावधान को पारदर्शी और जवाबदेह



प्रणाली के माध्यम से लागू करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि धनराशि का उपयोग सीधे बच्चों के पोषण पर हो। इससे न केवल पोषण आपूर्ति की निरंतरता बनी है, आंगनबाड़ी व्यवस्था की विश्वसनीयता मजबूत हुई है।प्रदेश में हॉट कुक्ड मील योजना का शुभारम्भ अगस्त 2022 में अयोध्या में किया गया था। इस औपचारिक शुरुआत के बाद योजना को लगभग साढ़े तीन साल में चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में विस्तारित किया गया। सरकार की मंशा स्पष्ट रही कि बाल्यावस्था में पोषण की कमी भविष्य की शैक्षिक और शारीरिक प्रगति में बाधा न बने। इसके परिणामस्वरूप 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकन और उपस्थिति दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है। योजना के संचालन से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के सकारात्मक संकेत मिले हैं। योगी सरकार ने उदाहरण पेश किया है कि स्वस्थ और सशक्त बचपन ही विकसित उत्तर प्रदेश की नींव है। हॉट कुक्ड मील योजना पोषण सुरक्षा को शासन की प्राथमिकता के रूप में स्थापित करती है।

## विद्युत सखियों ने रचा इतिहास, ओटीएस में बना रिकॉर्ड

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व एवं निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियाँ आज विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से न केवल अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की दिशा में उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के गतिशील नेतृत्व के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। विद्युत बिल कलेक्शन में दीदियों की सक्रिय भागीदारी और उससे अर्जित आय में निरंतर वृद्धि को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रधानमंत्री के विजन को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस कार्यक्रम से महिलाओं की आमदनी में वृद्धि तो हो ही रही है, समाज में उनका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा भी निरंतर बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मध्य हुए अभिसरण के परिणामस्वरूप संचालित विद्युत सखी कार्यक्रम आज ग्रामीण महिलाओं के नेतृत्व में परिवर्तन की एक सफल और प्रेरक कहानी बन चुका है। यह पहल जहां एक ओर बिजली बिल संग्रह प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है, वहीं दूसरी ओर हजारों महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक आय का सशक्त माध्यम भी बनी है।मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन दीपा रंजन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक विद्युत सखियों द्वारा 3,227 करोड़ से अधिक का बिजली बिल संग्रह किया जा चुका है।

## सीएम योगी के मार्गदर्शन में काशी ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड, एक घंटे में रोपे 2,51,446 पौधे , चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को किया ध्वस्त

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में काशी ने विश्व के पर्यावरण मानचित्र पर रविवार को एक नया इतिहास दर्ज कर दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित 'वृहद पौधरोपण कार्यक्रम' में मात्र एक घंटे की समयावधि में काशीवासियों ने 2,51,446 पौधों का रोपण कर चीन के आठ साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। मौके पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषिनाथ ने महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को प्रमाणपत्र सौंपा। महापौर ने कहा कि यह महान उपलब्धि पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर सीएम योगी के कुशल मार्गदर्शन से संभव हो सकी।इस ऐतिहासिक पल को दर्ज करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की टीम सुबह से ही डोमरी में मौजूद रही। नगर निगम और विभिन्न सामाजिक व सरकारी संस्थाओं के समन्वय से सुजाबाद डोमरी के 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए गए इस आधुनिक 'शहरी वन' ने विश्व पटल पर देश और प्रदेश का मान बढ़ाया है ।10 मार्च 2018 को 1,53,981 पौधों का रोपण कर चीन की हेनान प्रांतीय समिति और हेनान शिफांगे ग्रीनिंग इंजीनियरिंग कंपनी ने विश्व रिकॉर्ड बनाया था। रविवार को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ और विश्व रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने मौके पर मौजूद रहकर प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की। ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र के जरिए हुई सटीक पुष्टि के बाद ऋषि नाथ ने आधिकारिक रूप से इस नए रिकॉर्ड की घोषणा की।इस 'शहरी वन' की सबसे अनूठी विशेषता इसकी बनावट और वैचारिक पृष्ठभूमि है। पूरे वन क्षेत्र को 60 अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर का नाम काशी के प्रसिद्ध गंगा घाटों जैसे -दशाश्वमेध, ललिता घाट, नया घाट, मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, चौसट्टी घाट, मान मंदिर घाट और शीतला घाट के नाम पर रखा गया है। यह बनावट ऐसी है कि भविष्य में जब ये पौधे वृक्ष बनेंगे, तो गंगा किनारे एक हरा-भरा 'मिनी काशी' का स्वरूप नजर आएगा।प्रत्येक सेक्टर में लगभग 4,000 से अधिक पौधे लगाए गए हैं। इनमें शीशम, अर्जुन, सागौन और बांस जैसी 27 देशी प्रजातियों के साथ आम, अमरूद और पपीता जैसे फलदार वृक्षों और अश्वगंधा, शतावरी व गिलोय जैसी औषधियों को प्राथमिकता दी गई है। यह परियोजना न केवल पर्यावरण को सुधारेगी, बल्कि आने वाले समय में नगर निगम के लिए आय का एक बड़ा स्रोत बनेगी।इस विश्व रिकॉर्ड को बनाने के पीछे महीनों की तैयारी और हजारों हाथों का सामूहिक श्रम शामिल है। रविवार की सुबह से ही डोमरी में भारी उत्साह का माहौल रहा। इस महाभियान में बड़ी संख्या में स्कूल-कालेजों के अलावा कई संस्थाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।भारतीय सेना के 39 जीटीसी, 34 जीटीसी, 39 जीआर, और 137 सीएफटीएफ टीए के जवानों ने अनुशासन की मिसाल पेश की। एनडीआरएफ, सीआरपीएफ, नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस और उत्तर प्रदेश पुलिस की 36वीं व 39वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने पूरी ऊर्जा के साथ पौधरोपण किया।नमामि गंगे, उत्तर प्रदेश वन विभाग, कृषि विभाग, डूडा और नगर निगम की टीमों ने तकनीकी प्रबंधन और सिंचाई की व्यवस्था संभाली। काशी विद्यापीठ, यूपी कालेज, देहरादून पब्लिक स्कूल, मुकुलारेंडम स्कूल के हजारों छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम को एक जन-आंदोलन में बदल दिया। इन पौधों को जीवित रखने के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। वन क्षेत्र में 10,827 मीटर लंबी अत्याधुनिक पाइपलाइन बिछाई गई है। 10 बोरवेल और 360 'रेन गन' सिस्टम के जरिए सिंचाई की ऐसी व्यवस्था की गई है कि पानी की बर्बादी न हो। मियावाकी तकनीक के कारण ये पौधे सामान्य की तुलना में 10 गुना तेजी से बढ़ेंगे और मात्र दो से तीन वर्षों में यह क्षेत्र एक सघन 'ऑक्सीजन बैंक' का रूप ले लेगा।

117 अन्य लाभार्थी जांच के घेरे में

# प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, 35.50 लाख की रिकवरी

जन एक्सप्रेस । अमेठी




प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत आवास निर्माण न कराने वाले लाभार्थियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए अब तक 35 लाख 50 हजार रुपये की रिकवरी की है।जिन लाभार्थियों ने किस्त की धनराशि प्राप्त करने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया, उनसे राशि वापस ली जा रही है।विभागीय जानकारी के अनुसार योजना के अंतर्गत 53 लाभार्थियों को 50-50 हजार रुपये की पहली किस्त जारी की गई थी।इसके बावजूद उन्होंने आवास निर्माण प्रारंभ नहीं किया।ऐसे मामलों में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अब तक 26 लाख 59 हजार रुपये की वसूली कर ली है।इनलाभार्थियों में अमेठी नगर पंचायत के 10,गौरीगंज के 3,जायस के 36 तथा मुसाफिरखाना के 4 लोग शामिल हैं।इसके अतिरिक्त 6 लाभार्थियों को डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की दूसरी किस्त भी जारी की गई थी,लेकिन निर्माण कार्य प्रगति पर न मिलने के कारण उनसे 9 लाख रुपये की रिकवरी की गई है।इनमें अमेठी का एक और जायस के 5 लाभार्थी शामिल हैं।प्रशासन की जांच में अभी 117 अन्य लाभार्थी भी चिन्हित किए गए हैं,जिन्होंने योजना की धनराशि प्राप्त करने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया। इनके विरुद्ध भी रिकवरी की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।नगरीय विकास प्राधिकरण की परियोजना निदेशक प्रीति तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचे,इसके लिए सख्ती बरती जा रही है। निर्माण कार्य न कराने वालों से धनराशि वापस ली जा रही है। तथा आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### रायबरेली में अवैध धर्म परिवर्तन का आरोप, हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद पुलिस ने शुरू की पूछताछ

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गंगागंज में कथित अवैध धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। हिंदूवादी संगठनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से कई लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ शुरू कर दी है। आरोप है कि कुछ लोग हिंदुओं, विशेषकर गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को गुमराह कर ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे थे। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य स्थानीय हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने मौके पर पहुंचकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे लोगों को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम (पीआरबी 5951 8671) भी मौके पर पहुंची। राजपूत करणी सेना के रोहित द्विवेदी ने इस पूरे मामले की जानकारी दी। घटना के कुछ घंटे बाद क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार भी मौके पर पहुंचे।

# जनसुनवाई शिकायत के निस्तारण पर सवाल! सार्वजनिक भूमि पर कब्जे का मामला गरमाया

## खसरा 278 से अवैध कब्जा हटाने की मांग,जांच प्रक्रिया को लेकर उठे प्रश्न


जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज एक शिकायत के निस्तारण को लेकर जनपद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।पूरा मामला ग्राम सभा की सार्वजनिक भूमि खसरा संख्या 278, खाद गड्ढा भूमि से कथित अवैध कब्जा हटाने से जुड़ा है। शिकायत संख्या 40020326001572 सोलह जनवरी 2026 को दर्ज की गई थी।शिकायतकर्ता अंकित कुमार त्रिवेदी,निवासी पुरे चौबे,ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा,विकासखंड सिंहपुर तहसील तिलोई ने आरोप लगाया है,कि शिकायत में अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई और सरकारी मुकदमा दर्ज करने की मांग गई थी।उनका कहना है कि मामले में मौके का समुचित निरीक्षण किए बिना निस्तारण संबंधी टिप्पणी दर्ज कर दी गई।शिकायतकर्ता का दावा है, कि निरीक्षण के दौरान उन्हें उपस्थित नहीं किया गया।और न ही वास्तविक स्थिति का विधिवत मापन कराया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार पुनःआपत्ति दर्ज किए जाने के बाद 28 फरवरी को प्रस्तुत रिपोर्ट में क्षेत्रीय विवरण को लेकर भी विसंगति सामने आई।उनका आरोप है कि संबंधित क्षेत्र के स्थान पर गौरीगंज विधानसभा के जामों विकास खण्ड क्षेत्र के सूखी बाजगढ़ का विवरण दर्शाया गया,जिससे जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न उठे हैं।हालांकि प्रशासन की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण का दावा किया जाता रहा है।ऐसे में यदि जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही होती है,तो यह व्यवस्था की विश्वसनीयता को प्रभावित कर सकती है।शिकायतकर्ता ने मांग की है,कि मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए,मौके का पुनः सत्यापन वीडियोग्राफी के साथ कराया जाए तथा अवैध कब्जा पाए जाने पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए।साथ ही यदि जांच में किसी स्तर पर लापरवाही सिद्ध होती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज है।अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस प्रकरण में क्या रुख अपनाता है।और शिकायतकर्ता को कब तक स्पष्ट जवाब मिलता है

# होलिका पूजन एवं दहन आज, ग्रहण रहेगा कल

## एकता के धागे में पिरोये रखता है होलिका पर्व: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ



सामाजिक समरसता के सन्देश का महापर्व होली इस बार ग्रहण एवं तिथियों के फेर के चलते संशय में हो चुका है, लेकिन शास्त्रों के हिसाब से देखा जाए तो होलिका दहन आज देश भर में मनाया जाएगा एवं धुलेंडी अर्थात रंग वाली होली कल यानि 3 मार्च को खेली जाएगी। होलिका दहन के महत्व एवं पूजन अर्चन की जानकारी देते हुए वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने कहा कि मान्यता के अनुसार भक्त प्रह्लाद ईश्वर को समर्पित एक बालक थे लेकिन घमंडी और क्रूर राजा होने के साथ उसके पिता नास्तिक भी थे। उन्होंने अपने पुत्र को नास्तिक बनाने के सारे प्रयास किए, परन्तु प्रह्लाद में कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण अपनी बहन होलिका की मदद से मारने की सोची। होलिका को वरदान प्राप्त था कि यदि वह अपनी गोद में किसी को भी लेकर अग्नि में प्रवेश करेगी,तो वह भस्म हो जाएगा। प्रह्लाद को जलाने के लिए अपनी गोद में बिठाया, परन्तु प्रह्लाद के स्थान पर वह स्वयं जल गई।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि हम चाहे जिस परिस्थिति में हों, हमें अपना योगदान शत प्रतिशत देना चाहिए और तब हमारा जीवन रंगों से भरा रहेगा। मन के भिन्न पात्रों पृथक रखना सुखी जीवन का रहस्य है और होली हमें यही सिखाती है।होलिका का पर्व ही ऐसा है जिसमें सभी वर्णों के लोग समरसता की भावना से मनाते हैं।

आज होलिका दहन के मुहूर्त के विषय में बताया कि शास्त्रीय परंपरा प्रदोष काल में होलिका दहन की है, किन्तु भद्रा के चलते इस बार 3 मार्च कल प्रातः 4-33 से लेकर 06-46 तक होलिका दहन अति उत्तम रहेगा। हालांकि प्रदोष कालीन होलिका दहन के लिए भद्रा का मुख काल त्यागकर आज सोमवार सांय 06-18 से रात्रि 02-37 तक होलिका दहन कर सकते हैं। भद्रा का मुख काल आज रात्रि एवं कल प्रातः 02-37 मिनट से 04-33 तक रहेगा।रंगों की होली खेलने के लिए कल यानि मंगलवार को प्रातः 09-00 बजे तक कोई दोष नहीं रहेगा। वहीं होलिका पूजन आज सांय 06-18 से पूर्व कर सकते हैं।तथा कल प्रातः 09-00 बजे तक होलिका में भुने हुए जौ के आदान प्रदान भी कर सकते हैं।

होलिका पूजन के विषय में उन्होंने बताया कि होलिका दहन के समय 4 अथवा 7 परिक्रमा कर नावान्न (jau) को भून कर होलिका में समर्पित कर आदान प्रदान कर अपने से बड़ों का आशीर्वाद लें।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला में 'इंद्रधनुष' होली समारोह का भव्य आयोजन होली के रंग में रंगा एन.एस.जी.आई.परिवार

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में 'इंद्रधनुष' थीम पर आधारित भव्य होली समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स की समस्त शाखाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने एन.एस.जी.आई. की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों के साथ शिक्षा की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। प्रारंभ में एन.एस.पी.एस. त्रिपुला के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया तथा बरसाने की होली का भावपूर्ण चित्रण कर कार्यक्रम का आगाज़ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बरसाने की लट्ठमार होली, मथुरा और वृंदावन की होली की जीवंत झलक प्रस्तुत की गई। होली के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व पर आधारित नृत्य-नाटिकाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# ईरान-इजरायल युद्ध के बीच जिला प्रशासन अलर्ट, संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी

जन एक्सप्रेस । अमेठी



ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए जनपद में प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।जिले के जायस,जगदीश पुर सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी विशेष नजर रखी जा रही है,ताकि किसी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना से माहौल न बिगड़े।पुलिस अधीक्षक सरवनन टी ने बताया कि जिले की पुलिस पूरी तरह सतर्क है।सभी थाना प्रभारियों और क्षेत्राधिकारियों को अपने- अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या शांति व्यवस्था प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।हाल ही में जायस कस्बे में एक घटना को लेकर जुलूस निकाले जाने के बाद प्रशासन ने अतिरिक्त सतर्कता बरती है।जायस क्षेत्र में विशेष रूप से शिया समुदाय की आबादी अधिक होने के कारण वहां सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की गई है।पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है।और प्रमुख स्थानों पर निगरानी की जा रही है।एसपी ने बताया कि पश्चिम एशिया में चल रही गतिविधियों को देखते हुए सभी थाना क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया गया है।विशेष रूप से बाजारों, धार्मिक स्थलों,बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।सोशल मीडिया सेल को भी सक्रिय कर दिया गया है।भ्रामक पोस्ट डालने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।प्रशासन ने आमजन से अपील की है,कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें।केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।जिले में फिलहाल स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित किया गया । प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए।

जानकारी के अनुसार सेंट जेवियर्स डिज़्नी वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 3 से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं रचनात्मकता को विकसित करना था। विज्ञान प्रदर्शनी की मुख्य प्रभारी स्कूल की विज्ञान अध्यापिका इकरा मुनीर रहीं, जिनके कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। कार्यक्रम की शुरूआत, मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर तुलसीश दुबे और चित्रा शुक्ला ने फीता काट कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा कई आकर्षक वर्किंग मॉडल, प्रयोग एवं 3ष्ठ मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रमुख वर्किंग मॉडलों में सौरमंडल का कार्यशील मॉडल, स्वचालित स्ट्रीट लाइट, ज्वालामुखी विस्फोट,

कार्बन शुद्धिकरण तथा हृदय की कार्यप्रणाली का माडल शामिल थे । कक्षा 3 के विद्यार्थियों द्वारा विशेष रूप से मैजिक कॉर्नर प्रस्तुत किया गया, जिसमें –अदृश्य स्याही, रंग परिवर्तन प्रयोग तैरता हुआ नींबू जैसे रोचक प्रयोगों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोग भी प्रदर्शित किए गए, जैसे – चुंबकीय क्षेत्र, घुलनशीलता, ऊष्मा का संचार, मिट्टी का घड़ा शीतलन प्रणाली, प्रदर्शनी में 3ष्ठ मॉडल भी प्रमुख आकर्षण रहे, जिनमें –हृदय का 3ष्ठ मॉडल हृदय की संरचना, आँख की संरचना, कान की संरचना चंद्रमा की कलाएँ व चंद्रयान मिशन शामिल थे। छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मॉडलों की जानकारी आत्मविश्वास के साथ दिया तथा आगंतुकों के प्रश्नों का सरल भाषा में उत्तर दिया। शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत की प्रशंसा की। विद्यालय के निदेशक सुयश कुमार ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा, ÷इस विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अत्यंत सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है।÷ उन्होंने शिक्षिका इकरा मुनीर एवं समस्त आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को निरंतर आयोजित करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि डॉ तुलशीस दुबे ने बच्चों के इस प्रयास की खूब सराहना की। विद्यालय की समन्वयक नीला घोष ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभ कामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विज्ञान प्रदर्शनी सभी के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं अत्यंत सफल सिद्ध हुई ।कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।

### उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी उपलब्ध कराये जाने का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया

**रायबरेली।** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में 1500 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद के रायबरेली क्लब, सिविल लाइन में किया गया। इस कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के लगभग 500 लाभार्थी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के उज्ज्वला कार्यक्रम के सम्बोधन को सुना गया। इस कार्यक्रम में मा0 विधायक सदर अदिति सिंह, मा0 विधायक सलोन अशोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों अतिथियों द्वारा एवं उपस्थित अन्य समस्त उज्ज्वला लाभार्थियों को होली के त्यौहार पर सब्सिडी के रूप में रू0 901.00 का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया।

# योग दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना ही सच्ची सफलता है: प्रदीप पाण्डेय

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग शिविर शहीद स्मारक प्रांगण रायबरेली आज प्रातः 6-10 से 7-50 बजे तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वरिष्ठ योगाचार्य प्रकाश नारायण पाठक ने सरल एवं प्रभावी ढंग से योगाभ्यास कराया तथा विभिन्न आसनों के लाभ बताए। उनके मार्गदर्शन में साधकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि नियमित योग से न केवल शरीर निरोग रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। समापन पर संयोजक प्रदीप पाण्डेय ने पाठक जी का आभार व्यक्त किया और सभी साधकों को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मिशन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य और सेवा की भावना पहुँचाना है। मिशन विगत चार वर्षों से निःशुल्क योग शिविर के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी प्रकल्पों पर निरंतर कार्य कर रहा है। मिशन द्वारा जरूरतमंदों की सहायता, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है। उपस्थित साधक- सोनम गुप्ता, अनूप शर्मा, राज अग्रहरी, रश्मि पांडे, माया देवी, सीमा, सुमन, देवता दीन, पिंकू सिंह, राकेश यादव, राममिलन, दिनेश पांडे, अवधेश सिंह, शिवचंद पांडेय, सौरभ, दीप्ति सहित अन्य।

# एसएसबी कमांडेंट एवं विधायक ने किया स्कूल के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर नगर के प्रतिष्ठित अंग्रेज़ी माध्यम शिक्षण संस्थान डिवाइन पब्लिक स्कूल के सिटी पैलेस रोड स्थित नवनिर्मित भवन का उद्घाटन समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ। एसएसबी कमांडेंट तथा विधायकों ने नवीन भवन का शुभारंभ किया ।

जानकारी के अनुसार 1 मार्च को उद्घाटन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएसबी कमांडेंट 9 वीं बटालियन मनोरंजन कुमार पांडे ने फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर नवीन भवन का शुभारंभ किया। उद्घाटन अवसर पर सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली, विभिन्न समाचार पत्रों के मीडिया प्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन विद्यालय विगत 9 वर्षों से शहर में उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र रहा है। नव निर्मित भवन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं । विद्यालय के प्रबंधक आशीष उपाध्याय ने बताया कि अब छात्र-छात्राओं को महानगरों जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। अत्याधुनिक संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक-आधारित शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे वे प्रतिस्पर्धात्मक युग में आगे बढ़ सकें । सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि विद्यालय का प्रारंभ उनके करकमलों से हुआ था और आज एक छोटे से विद्यालय का विशाल एवं आधुनिक संस्थान के रूप में विकसित होना अत्यंत हर्ष का विषय है। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने विद्यालय को बलरामपुर का एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बताते हुए कहा कि यह संस्था आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊँचाइयां प्राप्त करेगी। पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां आने पर जो आत्मीयता और सकारात्मक वातावरण अनुभव होता है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।

### ऊंचाहार में वृद्ध महिला को घर में घुसकर पीटा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, पुलिस बोली- पारिवारिक विवाद

**रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक वृद्ध महिला से घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता फूलमती के मुताबिक, रविवार को परिवार की ही दो महिलाएं और एक व्यक्ति उनके घर में घुस आए। तहरीर के अनुसार, घर के विवाद को लेकर कहासुनी हो रही थी। फूलमती ने उन्हें बैठकर बातचीत करने को कहा, इसी दौरान आरोप है कि तीनों ने उन पर हमला कर दिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उनकी पिटाई की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल वृद्धा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़िता का दावा है कि घटना का वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध है, जिसे पुलिस को सौंपा जाएगा।

# संस्थापक सप्ताह के समापन अवसर पर अंतरसंकाय प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में चल रहे आदि संस्थापक महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह का समापन शनिवार की देर शाम अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता के साथ हुआ। अन्तरसंकाय प्रतियोगिता में जहां सत्यम शिवम सुंदरम गीत ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया वहीं दमा दम मस्त कलंदर गीत ने अपनी अमिट छाप छोड़ी। सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कला संकाय ने लगातार चौथी बार चल वैजयंती ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया।

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी की देर शाम आयोजित अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह व सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। प्रतियोगिता की शुरुआत एकल गायन से हुआ जिसमें कला संकाय की ओर से मानसी चौहान द्वारा प्रस्तुत गीत सत्यम शिवम सुंदरम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें पहला स्थान प्राप्त हुआ जबकि बीएड संकाय के परदा है परदा ---गीत पर मोहम्मद लारेब को द्वितीय और विज्ञान संकाय के मेरे महबूब तुझे मेरे --- गीत पर सौम्य पाण्डेय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समूह गायन में कला संकाय के दमा दम मस्त कलंदर गीत ने दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया और पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं बीएड संकाय को दूसरा व विज्ञान संकाय को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। एकल नृत्य छात्रा वर्ग में कला संकाय को प्रथम, विज्ञान संकाय को द्वितीय तथा वाणिज्य संकाय को तृतीय स्थान मिला जबकि एकल नृत्य छात्र वर्ग में विज्ञान संकाय को प्रथम,कला संकाय को द्वितीय व वाणिज्य संकाय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।समूह नृत्य में शिव और शक्ति का अदभुद मिलन और सती प्रसंग ने सभी को भावविभोर कर दिया। समूह नृत्य में कला संकाय को प्रथम,विज्ञान को द्वितीय व बीएड को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पांच प्रतियोगिता में से 04 में पहला स्थान प्राप्त कर सर्वाधिक 47 अंक प्राप्त कर कला संकाय ओवरऑल चैंपियन बना और चल वैजयंती ट्राफी पर कब्जा किया। विज्ञान संकाय ने 34 अंक प्राप्त कर दूसरा और बीएड संकाय ने 19 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ किरन पाण्डेय,डी एन शुक्ल, रंजीत खलखो,मुकेश कुमार, सुनील सोनी व हर्षित यादव को स्मृति चिन्ह प्रदानकर सम्मानित किया गया। सचिव कर्नल वार्ष्णेय व प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कला संकाय के संयोजक डॉ स्वदेश भट्ट, सह संयोजक लेफ्टिनेंट(डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान व मणिका मिश्रा, विज्ञान संकाय के संयोजक डॉ आकांक्षा त्रिपाठी, सह संयोजक डॉ वर्षा सिंह व अभिजीत पाण्डेय,बीएड संकाय के संयोजक डॉ राम रहीस ,सह संयोजक प्रो0 एस पी मिश्र व डॉ मिथलेश मिश्र एवं वाणिज्य संकाय के संयोजक डॉ के पी मिश्र सह संयोजक डॉ पवन कुमार सिंह व सिद्धार्थ मोहन्ता को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट(डॉ)देवेन्द्र कुमार चौहान व डॉ आनंद कुमार वाजपेयी ने किया। डॉ प्रखर त्रिपाठी व डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने टेबुलेटर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर समस्त विभागों के अध्यक्ष व शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दो FLOP के बाद नई फिल्म की तैयारी में

# शनाया कपूर

## 100 करोड़ी पिक्चर का एक्टर बनेगा ये हीरो



बॉलीवुड एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बीते साल 'आंखों की गुस्ताखियां' से एक्टिंग डेब्यू किया था. हालांकि, ये फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखाई पाई थी. इसके बाद शनाया कपूर की फिल्म 'आई तू या मैं' जो इसी साल 13 फरवरी को रिलीज हुई. शनाया और आदर्श गौरव की इस फिल्म ने उम्मीद से भी कम कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई. इसी के बाद अब शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसपर बहुत पहले ही काम शुरू हो चुका था. हालांकि, इसका टाइटल अभी तक डिसाइड नहीं हो पाया था. अब शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म को नाम मिल गया है और साथ ही लीड एक्टर के बारे में भी जानकारी मिल गई है.

शनाया कपूर की 'तू या मैं' ऑडियंस का दिल जीतने में बुरी तरह नाकामयाब साबित हुई. इसी के बाद एक्ट्रेस नई फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं. शनाया कपूर की अपकमिंग मूवी को फिल्ममेकर विकेश भूटानी बना रहे हैं, जिसके टाइटल का खुलासा हो गया है. इसी के साथ फिल्म में एक नई जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आएगी.




**शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म**

मिड डे की रिपोर्ट के मुताबिक, शनाया कपूर की नई फिल्म का टाइटल जैकब कार्डोसो रखा गया है. शनाया के साथ इस फिल्म में 'मुंज्या' स्टार अभय वर्मा नजर आएंगे. बताया जा रहा है कि शुजात सौदागर के डायरेक्शन में बनी 'जैकब कार्डोसो' की कहानी 1987 के समय पर आधारित है. जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस फिल्म पर काम बीते साल ही शुरू हो चुका था. 'आंखों की गुस्ताखियां' और 'तू या मैं' के बाद शनाया की ये तीसरी फिल्म है, जिससे उनके फैंस काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं.

**विकेश भूटानी ने क्या बताया ?**

मिड डे ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि प्रोड्यूसर विकेश भूटानी ने कंफर्म किया है कि शनाया कपूर और अभय वर्मा की फिल्म का ऑफिशियली नाम जैकब कार्डोसो है. ये गोवा में सेट एक खूबसूरत फिल्म है, उस समय के आसपास जब यह एक स्टेट बन रहा था. शुजात सौदागर डायरेक्टेड ये फिल्म 1987 में सेट है और इसे एक कॉमेडी के तौर पर दिखाया गया है जिसके दिल में एक रोमांटिक ट्रैक है.

**कहां तक पहुंचा फिल्म का काम ?**

फिल्म मार्च 2025 में फ्लोर पर गई और लगभग दो महीने में इसकी मेन शूटिंग पूरी हो गई, जिसका पूरा शेड्यूल गोवा में सेट किया गया था. अभी प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है, जबकि थिएटर में रिलीज की तारीख का अभी भी इंतजार है. फिल्म को चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट ने वाउव एमिरेट्स और कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर सपोर्ट किया है.

## एक्ट्रेस नहीं, टीचर बनना चाहती थीं Malaika Arora, बॉलीवुड में आने से पहले करती थीं ये काम




मलाइका अरोड़ा न सिर्फ अपने डांस से बल्कि फैंस के बीच अक्सर ही अपनी फिटनेस, फैशन सेंस और पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं. एक्ट्रेस ने अपने डांस की बदौलत फैंस के दिलों में जगह बनाई है. साल 1998 में आई फिल्म 'दिल से' के गाने 'छैयां छैयां' से उन्हें रातोंरात गजब का फेम मिला था. इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. लेकिन, आपको बता दें कि मलाइका का सपना पहले बॉलीवुड में आने का नहीं था, बल्कि वो टीचर बनना चाहती थीं.

मलाइका अरोड़ा का जन्म एक मिडिल क्लास फैमिली में 23 अक्टूबर 1973 को महाराष्ट्र के ठाणे में हुआ था. उनका बचपन गरीबी और तंगहाली में गुजरा है. एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि वो अपने परिवार के साथ बहुत छोटे से घर में रहती थीं. मलाइका ने सिर्फ चार साल की उम्र में ही डांस करना शुरू कर दिया था और आगे जाकर डांस ही उनकी पहचान बन गया. लेकिन, वो ज्यादा से ज्यादा पढ़-लिखकर स्टूडेंट्स को पढ़ाने के ख्वाब देखती थीं.

**बॉलीवुड में आने से पहले करती थीं ये काम**

मलाइका चाहती थीं कि वो साइकोलॉजी में पढ़ाई करके प्रोफेसर बनें, लेकिन किस्मत को ये मंजूर नहीं था. हालांकि कॉलेज के दिनों में एक्ट्रेस ने मॉडलिंग का रुख कर लिया था और फिर वो ग्लैमर वर्ल्ड में आ गई थीं. मलाइका ने इससे पहले एमटीवी इंडिया की पहली वीजे के रूप में भी काम किया था.

**इन गानों से बनाई पहचान**

छैयां छैयां के बाद मलाइका काल धमाल, होंठ रसीले, मुन्नी बदनाम हुई और अनारकली डिस्को चली जैसे आइटम नंबर्स से भी काफी पॉपुलर हुईं. इसके अलावा एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में स्पेशल अपीयरेंस दी. वहीं नच बलिए, जरा नचके दिखा, धूम मचा ले, परफेक्ट ब्राइड, झलक दिखला जा, इंडियाज गॉट टैलेंट, पावर कपल और इंडियाज बेस्ट डांसर जैसे शोज को जज भी कर चुकी हैं.

**52 की उम्र में मलाइका को फिर हुआ प्यार**

मलाइका ने साल 1998 में अभिनेता अरबाज खान से शादी की थी. लेकिन, 2017 में उनका तलाक हो गया था. इसके बाद उन्होंने 6 साल तक अर्जुन कपूर को डेट किया था. हालांकि, 2024 में ये रिश्ता खत्म हो गया था. अब मलाइका का नाम खुद से 19 साल छोटे बिजनेसमैन हर्ष मेहता के साथ जुड़ रहा है. दोनों लगातार साथ में स्पॉट किए जा रहे हैं.

## अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' रिलीज से पहले किसपर भड़कीं एकता कपूर? अब किया ये काम तो पड़ेगा महंगा




एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले बन रही अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है. इस फिल्म की रिलीज से पहले एकता कपूर भड़की हैं. बालाजी टेलीफिल्म्स ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया है. इस बयान में उन लोगों को धोखेबाज लोगों और सोशल मीडिया अकाउंट्स के बारे में चेतावनी दी गई , जो कंपनी की पहचान का गलत इस्तेमाल करके फेक कास्टिंग के मौकों का ऐड कर रहे हैं.

शुक्रवार, 27 फरवरी को जारी इस बयान में एक्टर्स और डायरेक्टर्स से सावधान रहने और बालाजी टेलीफिल्म्स से कथित तौर पर आए किसी भी कास्टिंग नोटिस को वेरिफाई करने की अपील की.कंपनी ने इस बात पर जोर दिया कि वो इन अनऑथराइज्ड एंटिटीज से जुड़ी नहीं है और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में आने वाले नए लोगों को टारगेट करने वाली बढ़ती धोखेबाजी पर चिंता जताई. इस बयान में कहा गया कि बैनर के लिए सभी कास्टिंग उसके ऑफिशियल चैनलों के ज़रिए मैनेज की जाती हैं. प्रोडक्शन हाउस ने लोगों से ऑडिशन के लिए पैसे न देने या बिना वेरिफाइड सोर्स के साथ पर्सनल डेटा शेयर न करने की गुजारिश की.

**एकता कपूर के प्रोडक्शन हाउस का बयान**

स्टेटमेंट में खास तौर पर आने वाले टीवी सीरियल, वेब सीरीज और फिल्मों के लिए गलत कास्टिंग कॉल्स के बढ़ने के बारे में बताया गया था.

इसमें कंपनी ने लिखा, जिस किसी को भी ये चिंता हो, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड आम जनता को यह बताने के लिए ये फॉर्मल क्लैरिफिकेशन जारी करता है कि कई अनऑथराइज़्ड लोग और फ्रॉड सोशल मीडिया अकाउंट अभी हमारी कॉर्पोरेट आइडेंटिटी का गलत इस्तेमाल करके हमारे आने वाले टीवी सीरियल, वेब सीरीज और मोशन पिक्चर्स के लिए गलत कास्टिंग के मौके पब्लिश कर रहे हैं. हम इन अलग-अलग एंटिटीज से खुद को साफ तौर पर अलग करते हैं और ऐसे धोखेबाज तरीकों से उभरते एक्टर्स और डायरेक्टर्स के सपनों का फायदा उठाने की किसी भी कोशिश की कड़ी निंदा करते हैं.



## सपने सच होते हैं...

# तान्या मित्तल

## को मिला एकता कपूर के सीरियल का ऑफर, बकलावा के साथ मनाया हीरोइन बनने का जश्न

तान्या मित्तल ने सोशल मीडिया पर तो अपनी पहचान बनाई ही है, लेकिन बिग बॉस में आने के बाद से ये नाम और चर्चा में बन गया है. शो में रहते हुए तान्या ने लोगों को खूब एंटरटेन किया, इस दौरान ही इस शो से उनकी किस्मत में बड़ा मोड़ भी आया. शो के दौरान ही तान्या को एकता कपूर के सीरियल का ऑफर भी मिल गया. अब ऑफिशियल तौर पर तान्या हीरोइन बनने के लिए तैयार हैं और इस खुशखबरी पर उन्होंने एकता कपूर को खास गिफ्ट देते हुए मुंह मीठा करवाया है.तान्या मित्तल ने अपने वीडियोज के जरिए लोगों के दिल जीते हैं, ज्यादा चर्चा में तान्या महाकुंभ के दौरान आई. जिसके बाद से उन्हें और नाम कमाने के लिए सबसे बड़े प्लेटफॉर्म यानी बिग बॉस का ऑफर मिला. शो में शामिल होकर तान्या ने लोगों को खूब हंसाया और एंटरटेन किया. अब तान्या ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो एकता कपूर के साथ नजर आ रही हैं.




**एकता को खिलाया बकलावा**

इस वीडियो की शुरुआत एकता कपूर के साथ होती है, जो कि तान्या के लाए हुए गिफ्ट्स को देख रही होती हैं. तान्या ने एकता को UNO गेम कार्ड्स दिए जिससे वो काफी खुश दिख रही थीं. इतना ही नहीं वीडियो में एकता ने लोगों को तान्या के दिए गए अलग-अलग कार्ड्स को दिखाया और साथ ही भगवान गणेश की भी एक मुर्ति दिखाई. इसके अलावा मुंह मीठा करने के लिए तान्या ने एकता के लिए खास बकलावा लेकर गई थीं.

**'सपने सच होते हैं'**

इसके साथ ही तान्या ने एक और वीडियो शेयर किया जिसकी शुरुआत में उन्होंने कहा कि किसी ने मुझसे कहा था कि सपने सच नहीं होते, लेकिन देखो मैं किसके साथ खड़ी हूं. इस दौरान एकता ने कहा कि उनके पास तान्या के लिए लिखा हुआ रोल का ऑफर है. इस वीडियो को शेयर करते हुए तान्या ने कैप्शन में लिखा, सपने सच होते हैं, आज आपने साबित कर दिया.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# वोट के लिए मुफ्त की रेवड़ी से कर्जे के अंधकूप में देश

**द्रमुक (डीएमके) सरकार ने अपनी फ्लैगशिप योजनाओं के लिए फंड की कमी नहीं होने दी। महिलाओं के लिए 'विदियाल पयानम' योजना के लिए 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके अलावा, छात्रों के लिए बस किराए की योजना हेतु 1,782 करोड़ रुपये और डीजल सब्सिडी के लिए 1,857 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर परिवहन विभाग को 13,062 करोड़ रुपये मिले। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए भी सरकार ने 5,463 करोड़ रुपये का बड़ा हिस्सा अलग रखा है।**

*चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओ त्से-तुंग ने कहा था कि किसी आदमी को एक मछली दो और तुम उसे एक दिन के लिए खिलाओगे। उसे मछली पकड़ना सिखाओ और तुम उसे ज़िंदगी भर खिलाओगे। आज के भारतीय शब्दों में यह है कि हर नेता जो मुफ्त चीजों का वादा करता है, असल में यह कह रहा है कि मैं तुम्हें एक अच्छी रोजी-रोटी और रेगुलर इनकम की इज्जत नहीं दे सकता। इसलिए अभी के लिए यह कुछ है, इसी से काम चला लो। चुनाव आते ही मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए राजनैतिक दलों में मुफ़्त की रेवड़ी बाँटने की होड़ लग जाती है। कोई मुफ़्त बिजली और पानी देने की बात करता है तो कोई स्मार्टफ़ोन, लैपटॉप, साइकिल और टीवी की बात करता है। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को निःशुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, कोर्ट ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सरकार के नेतृत्व वाली बिजली वितरण कंपनी की मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखने वाली याचिका पर केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया है। बिजली वितरण कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट में विद्युत संशोधन नियम, 2024 के एक नियम को चुनौती दी थी। इस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि मुफ्त की चीजें देकर राज्य सरकारें लोगों की आदतें खराब कर रही है। कोर्ट ने आगे कहा कि इन लोगों का रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कई राज्य सरकारें कर्ज और घाटे से दबी हुई हैं। इसके बावजूद वे मुफ्त योजनाएं बांट रही हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा राज्यों को रोजगार के रास्ते खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से शाम तक मुफ्त भोजन देना शुरू कर देंगे, फिर मुफ्त साइकिल, मुफ्त बिजली देंगे, तो कौन काम करेगा और फिर कार्य संस्कृति का क्या होगा। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वैलफेयर के तौर पर आप उन लोगों को देना चाहते हैं जो बिजली का चार्ज नहीं दे सकते, लेकिन जो लोग खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते, उनके बीच फर्क किए बिना, आप बांटना शुरू कर देते हैं। तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। इसमें अनुमान के मुताबिक, राज्य का कुल बकाया कर्ज बढ़कर 10.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इस बढ़ते कर्ज के लिए वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु ने केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र तमिलनाडु में वित्तीय अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की मंजूरी नहीं दे रही है और केंद्र प्रायोजित योजनाओं का फंड रोक रही है। उन्होंने जीएसटी दरों में कटौती और 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट पर भी निराशा जताई। मंत्री थेन्नारसु के अनुसार संघीय ढांचे में राज्यों के साथ ऐसा अनुचित व्यवहार पहले कभी नहीं देखा गया।*

## एक्सप्रेस आलेख

आपूर्ति श्रृंखला में अब भी कुछ महत्वपूर्ण कच्चे माल और घटकों के लिए चीन पर निर्भरता बनी हुई है। फिर भी हम आश्वस्ती के साथ कह सकते हैं कि भारत इन सभी क्षेत्रों में इन दिनों बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।' ऐसे में यह विवाद अंततः एक बड़े प्रश्न की ओर संकेत करता है। क्या वैश्विक व्यापार व्यवस्था उभरती अर्थव्यवस्थाओं को उतनी ही नीति स्वतंत्रता देगी जितनी विकसित देशों ने अपने विकास काल में ली थी। यह आज की वास्तविकता है कि भारत की औद्योगिक यात्रा अभी अपने निर्णायक चरण में है। यदि वह संतुलित रणनीति अपनाते हुए पारदर्शिता और दीर्घकालिक सुधारों पर जोर दे रहा है, तब मौजूदा चुनौतियां उसके लिए अवसर में बदलती हुई दिखती है।

# भारत की उभरती औद्योगिक शक्ति से घबराई विश्व की महाशक्तियां



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत पर थोपे गए अतिरिक्त टैरिफ ने हाल ही में भारत के लिए व्यापार के नए रास्ते खोल दिए। अब उम्मीद करें कि इस विवाद का हल भी भारत के पक्ष में ही आएगा। फिलहाल यहां जो स्पष्ट दिखता है वह यही है कि ये सिर्फ सब्सिडी का विवाद नहीं है, यह तो वैश्विक आर्थिक शक्ति संतुलन में अपने को आगे रखने के लिए अमेरिका और चीन द्वारा स्वयं के हित के चलते भारत पर दबाव बनाने का प्रयास है।**

वैश्विक अर्थव्यवस्था के मौजूदा दौर में एक बड़ा विरोधाभास साफ दिखाई देता है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन दरअसल आज भारत की औद्योगिक प्रोत्साहन नीतियों पर सवाल उठा रही हैं, जबकि स्वयं उनकी आर्थिक रणनीतियां लंबे समय से भारी सब्सिडी और संरक्षणवाद पर आधारित रही हैं। भारत की 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव' यानी पीएलआई योजनाओं और 'मेक इन इंडिया अभियान' को लेकर जिस तरह का अंतरराष्ट्रीय दबाव आज बनाया जा रहा है, उससे साफ है कि यह वैश्विक शक्ति संतुलन की बदलती दिशा का सीधा संकेत है। भारत इस समय दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अपना लक्ष्य तय कर आगे बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को सकल घरेलू उत्पाद में लगभग सत्रह प्रतिशत से बढ़ाकर पच्चीस प्रतिशत तक ले जाने की रणनीति बनाई गई है। वर्ष 2020 में कोविड महामारी के बाद जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं चरमरा गई थीं, तब भारत ने इसे अवसर के रूप में देखा और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू की। लगभग एक लाख इक्यानवे हजार करोड़ रुपये के प्रावधान के साथ लागू की गई यह योजना इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, सोलर मॉड्यूल, ऑटोमोबाइल, मेडिकल डिवाइस और दूरसंचार उपकरण सहित चौदह क्षेत्रों को कवर करती है। इन योजनाओं के अंतर्गत कंपनियों को वास्तविक उत्पादन और बिक्री के आधार पर प्रोत्साहन मिलता है, जिससे भारत में निवेश बढ़ा है। सोलर क्षेत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड और वॉरी एनर्जीज लिमिटेड जैसी कंपनियों ने क्षमता विस्तार किया है। मोबाइल निर्माण में भारत वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है और कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादन का बड़ा हिस्सा भारत में स्थानांतरित कर रही हैं। इसी बीच अमेरिका ने भारत से आयातित सोलर उपकरणों पर एक सौ छब्बीस प्रतिशत तक का प्रारंभिक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी पक्ष का तर्क है कि भारतीय उद्योग को सरकारी सहायता के कारण अनुचित लाभ मिला है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और चीन जैसे व्यापारिक साझेदारों का कहना है कि इन प्रोत्साहनों से भारतीय कंपनियों को विदेशी कंपनियों पर अनुचित बढ़त मिलती है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या यह तर्क पूरी तरह निष्पक्ष है? अमेरिका स्वयं 2022 में पारित अपने 'इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट' के तहत हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और सेमीकंडक्टर उद्योग को भारी कर प्रोत्साहन और सब्सिडी दे रहा है। इसके अलावा चिप्स एंड साइंस एक्ट के माध्यम से घरेलू सेमीकंडक्टर निर्माण को अरबों डॉलर का समर्थन दिया जा रहा है। इन नीतियों में स्थानीय उत्पादन को प्राथमिकता देने की शर्तें भी शामिल हैं। चीन ने भी 2024 में 'अमेरिकी इन्फ्लेशन रिडक्शन एक्ट' को विश्व व्यापार



**विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय ने इस पर पैनल गठित किया है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि योजनाएं डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप हैं क्योंकि इनमें निर्यात अनिवार्यता नहीं है बल्कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन है।**

संगठन में चुनौती दी थी और आरोप लगाया था कि यह विदेशी उत्पादों के साथ भेदभाव करता है। दूसरी ओर चीन स्वयं लंबे समय से इलेक्ट्रिक वाहन और सोलर उद्योग में व्यापक सरकारी समर्थन देता रहा है। यूरोपीय संघ ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर एंटी सब्सिडी जांच शुरू की और आरोप लगाया कि सरकारी प्रोत्साहनों के कारण चीनी कंपनियों ने वैश्विक बाजार में असंतुलित बढ़त हासिल की। चीन की मेड इन चाइना 2025 जैसी औद्योगिक रणनीति का उद्देश्य भी रणनीतिक क्षेत्रों में प्रभुत्व स्थापित करना रहा है। ऐसे परिदृश्य में भारत की 'पीएलआई' योजनाओं को लेकर उठाई जा रही आपत्तियां स्वाभाविक रूप से दोहरे मानदंड का आभास कराती हैं। चीन ने डब्ल्यूटीओ में भारत की ऑटोमोबाइल और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की योजनाओं को चुनौती दी है और आरोप लगाया है कि ये योजनाएं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देती हैं और आयातित सामान को नुकसान पहुंचाती हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय ने इस पर पैनल गठित किया है। भारतीय अधिकारियों का कहना है कि योजनाएं डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप हैं क्योंकि इनमें निर्यात अनिवार्यता नहीं है बल्कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन है। सरकार अपनी योजनाओं का डब्ल्यूटीओ में मजबूती से बचाव करेगी और उनका मानना है कि ये योजनाएं डब्ल्यूटीओ नियमों के अनुरूप हैं। आर्थिक नीति के जानकारों में देश की राजधानी में रह रहे रवि रंजन सिंह का मानना है कि 'वैश्विक स्तर पर औद्योगिक राष्ट्रवाद का दौर लौट आया है। विकसित देश दशकों तक अपनी औद्योगिक नींव को सब्सिडी और संरक्षण के सहारे मजबूत करते रहे, लेकिन जब कोई विकासशील देश उसी मॉडल को अपनाता है तो उसे नियमों की याद दिलाई जाती है।' उनके अनुसार भारत की योजनाएं प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए हैं, न कि व्यापार विकृति के लिए। रवि रंजन सिंह कहते हैं, 'मेक इन इंडिया अभियान ने पिछले कुछ वर्षों में ठोस परिणाम दिए हैं। मोबाइल फोन निर्माण में भारत ने उल्लेखनीय छलांग लगाई है। रक्षा निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। सोलर ऊर्जा क्षमता में तेजी से विस्तार हुआ है और भारत वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश का महत्वपूर्ण गंतव्य बन रहा है। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आपूर्ति श्रृंखला में अब भी कुछ महत्वपूर्ण कच्चे माल और घटकों के लिए चीन पर निर्भरता बनी हुई है। फिर भी हम आश्वस्ती के साथ कह सकते हैं कि भारत इन सभी क्षेत्रों में इन दिनों बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।' ऐसे में यह विवाद अंततः एक बड़े प्रश्न की ओर संकेत करता है। क्या वैश्विक व्यापार व्यवस्था उभरती अर्थव्यवस्थाओं को उतनी ही नीति स्वतंत्रता देगी जितनी विकसित देशों ने अपने विकास काल में ली थी। यह आज की वास्तविकता है कि भारत की औद्योगिक यात्रा अभी अपने निर्णायक चरण में है। यदि वह संतुलित रणनीति अपनाते हुए पारदर्शिता और दीर्घकालिक सुधारों पर जोर दे रहा है, तब मौजूदा चुनौतियां उसके लिए अवसर में बदलती हुई दिखती है। जैसे की अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत पर थोपे गए अतिरिक्त टैरिफ ने हाल ही में भारत के लिए व्यापार के नए रास्ते खोल दिए। अब उम्मीद करें कि इस विवाद का हल भी भारत के पक्ष में ही आएगा। फिलहाल यहां जो स्पष्ट दिखता है वह यही है कि ये सिर्फ सब्सिडी का विवाद नहीं है, यह तो वैश्विक आर्थिक शक्ति संतुलन में अपने को आगे रखने के लिए अमेरिका और चीन द्वारा स्वयं के हित के चलते भारत पर दबाव बनाने का प्रयास है। क्योंकि भारत अब सिर्फ बाजार नहीं रहा, वह निर्माता बनने की दिशा में आगे बढ़ चुका है और यही बदलाव स्थापित शक्तियों को आज असहज कर रहा है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्दशी 17:59 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा 07:48 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | सोमवार |
| योग: | अतिगंदा, 12:19 |
| सूर्योदय: | 06:38 |
| सूर्यास्त: | 18:14 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 08:05-09:32 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:03-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

### कब्जा और हमला !

*है दुनिया में उथल-पुथल।*
*नहीं किसी को चैन ।।*
*कब्जा और हमला।*
*चल रहा दिन-रैन ।।*
*धमकी और दहशत का।*
*हुआ बोलबाला ।।*
*लोकतांत्रिक मूल्यों का।*
*चल रहा घोटाला ।।*
*डॉलर और तेल की।*
*है केवल लड़ाई ।।*
*शांति पुरस्कार की भी।*
*है थोड़ी ढ़िठाई ।।*
*विश्व युद्ध की ओर।*
*रही है दुनिया बढ़ ।।*
*ज्ञात है ये सबको।*
*कौन रहा इसे गढ़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय


## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मोटापे के कारण हो सकती हैं ये गंभीर बीमारियां, समय रहते संभलना है जरूरी

आजकल खराब लाइफस्टाइल के कारण मोटापा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मोटापे के कारण लोगों को कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही है। शरीर में जो अतिरिक्त फैट जमा होता है, उसका कारण फिजिकल एक्टिव और हार्मोन बैलेंस न होना हो सकता है। अगर किसी के कमर और कूल्हों के आसपास फैट जमा हो, बहुत ज्यादा पसीना आए और जोड़ों में दर्द हो, तो इसका कारण मोटापा हो सकता है।

**टाइप 2 डायबिटीज:** जो लोग मोटापे से ग्रस्त होते हैं, उन्हें टाइप-2 डायबिटीज होने का रिस्क बहुत ज्यादा होता है क्योंकि शरीर में जमा फैट्स इंसुलिन रेजिस्टेंस बना देती है। रिपोर्ट के अनुसार, डायबिटीज और मोटापा क्रोनिक डिस्ऑर्डर होता है। बीएमआई का डायबिटीज और इंसुलिन रेजिस्टेंस से गहरा कनेक्शन है।

**हाई ब्लड प्रेशर:** मोटापे से ग्रस्त लोगों का एक्स्ट्रा फैट शरीर के ब्लड वेसेल्स पर प्रेशर बनाता है, जिससे हार्ट को पंप करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे हाई ब्लड प्रेशर होने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। प्रकाशित



रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में बढ़ता मोटापा एक महामारी की तरह फैल रहा है। इसकी वजह से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है, जो आगे चलकर दिल की बीमारियों और मौत का सबसे बड़ा कारण बनती है।

**हार्ट अटैक:** ज्यादा वजन के कारण आर्टरीज में फैट जमा होने लगता है, जिससे खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। इस वजह से आर्टरीज सिकुड़ने लगती हैं और हार्ट में ब्लड का फ्लो कम होने लगता है। इससे हार्ट अटैक की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है।

**फैटी लिवर डिजीज:** मोटापे को हमेशा फैटी लिवर से जोड़कर देखा जाता है। दरअसल, मोटापे के कारण ज्यादा कैलोरी जमा होने से लिवर के सेल्स में फैट जमा हो जाता है। इसे नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिसीज कहते हैं। अगर मोटापे से पीड़ित व्यक्ति को डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत हो, तो फैटी लिवर का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। फैटी लिवर पर ध्यान न दिया जाए, तो आगे चलकर यह समस्या सिरोसिस का बन सकती है।

**स्ट्रोक:** जिन लोगों का वजन बहुत ज्यादा होता है, उन्हें स्ट्रोक का रिस्क भी ज्यादा रहता है क्योंकि एक्स्ट्रा फैट सूजन को बढ़ाता है। इससे ब्लड वेसेल्स सिकुड़ने लगती हैं और इससे स्ट्रोक का रिस्क बढ़ जाता है।

**किडनी की बीमारी:** मोटापा किडनी के फंक्शन को गंभीर रूप से असर डालता है क्योंकि इससे किडनी में पथरी और कैंसर का रिस्क बढ़ सकता है। जब वजन किडनी पर प्रेशर डालता है, तो किडनी में सूजन बढ़ने लगती है और इस वजह से धीरे-धीरे किडनी को नुकसान पहुंचने लगता है।

**स्लीप एपनिया:** मोटापे की वजह से सांस लेने की नली के आसपास फैट जमा होने लगता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से विश्वगुरु बनेगा भारत



कृष्णमुरारी त्रिपाठी

**स्पष्ट है कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी केवल नारे नहीं, बल्कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की आधारशिला हैं। कोई भी बड़ा परिवर्तन केवल सरकारों के भरोसे नहीं होता। जब समाज की शक्ति जागृत होती है और 'स्व' का जयघोष करती है।**

**कोई** भी राष्ट्र शक्तिशाली तब बनता है जब वह अपने 'स्व' के अधिष्ठान से संचालित होता है। राष्ट्र का जन-जन और उसकी समूची व्यवस्थाएं जब 'स्व' के आधार पर सुचारू रूप से चलती हैं, और हर व्यक्ति के मन में राष्ट्र के वैभव का संकल्प होता है, तब उसकी निष्पत्ति आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में होती है। यह आत्मनिर्भरता किसी भी राष्ट्र की वह शक्ति है जो उसकी उन्नति का कारक तो होती ही है, साथ ही संपूर्ण विश्व में उसकी यश कीर्ति का व्यापक और दूरगामी प्रभाव छोड़ती है। इक्कीसवीं सदी भारत की सदी है और भारत युगों की गौरवशाली चेतना के साथ नए स्वरूप में पुनः खड़ा हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, तकनीकी, विज्ञान, रक्षा, अधोसंरचना, नवाचार, कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, डिजिटल संप्रभुता, साइबर सुरक्षा, कृषि आदि समस्त क्षेत्रों में नई गति और प्रगति देखने को मिल रही है। यह इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि राष्ट्र में स्वदेशी और नवाचारों को व्यापक प्रसार मिल रहा है। केंद्रीय और राज्यों के बजट में भारत को सशक्त करने की दिशा में

**विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासन ने इस प्रगति को बाधित किया, किंतु अब भारत पुनः अपने आत्मबोध के साथ आगे बढ़ रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी स्वदेशी के महत्व पर बल देते हुए चेताया था कि पाश्चात्य अनुकरण की अंधी दौड़ हमें अपनी जड़ों से दूर कर सकती है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी शिक्षा, अर्थनीति और सांस्कृतिक दृष्टि को भारतीय मूल्यों से जोड़ें।**

राशि का आवंटन हो रहा है। नई संभावनाओं के क्षेत्र तलाशे जा रहे हैं। रक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सेनाओं को आधुनिक तकनीकों और आयुध सामग्रियों से सुसज्जित किया जा रहा है। इसरो और डीआरडीओ जैसे संस्थान निरंतर नई खोज, नए मिशन और रक्षा सामग्री उत्पादन के क्षेत्र में अग्रगण्य भूमिका निभा रहे हैं। भारत अब आवश्यक रक्षा सामग्री के आयात के साथ साथ निर्यात के क्षेत्र में भी आगे बढ़ चुका है। वित्त वर्ष 2024 25 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। आज भारत के हथियारों और तकनीक की विश्व स्तर पर स्वीकार्यता बढ़ी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय उच्च तकनीकी और हथियारों का विश्व ने लोहा माना। मिशन सुदर्शन चक्र जैसी नीतियां रक्षा क्षेत्र में भारत को और सशक्त बना रही हैं। नवीकरणीय और वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में भी सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत अभियान और स्टार्टअप इंडिया सहित उद्यमों तथा एमएसएमई क्षेत्र की प्रगति ने भारत को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2016 में स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के समय लगभग 500 स्टार्टअप थे, जबकि आज मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या दो लाख से अधिक हो चुकी है, जिनमें 125 से अधिक यूनिकॉर्न के रूप में स्थापित हो चुके हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में गगनयान और चंद्रयान जैसे मिशन, उपग्रह प्रौद्योगिकी, नए सैटेलाइट प्रक्षेपण, खेलों में भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय भागीदारी, वैश्विक व्यापार और बाजार में बढ़ती साख, साइबर सुरक्षा, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई और भारतीय मुद्रा रुपये में अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की पहलें, ये सब भारत के उभरते वैश्विक स्वरूप के प्रमाण हैं। प्रवासी भारतीयों का बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नेतृत्व भी विकसित भारत की दिशा में अनुकूल वातावरण निर्मित कर रहा है। इन सबके केंद्र में है भारत का भारत होना, अर्थात 'स्व' के बोध के साथ नीतियों का क्रियान्वयन और जनसमूह की सक्रिय भागीदारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भरता पर स्पष्ट कहा है कि दूसरों पर निर्भरता किसी राष्ट्र की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न लगाती है। निर्भरता जब आदत बन जाती है तो वह खतरनाक हो जाती है। आत्मनिर्भरता केवल आयात निर्यात या मुद्रा का प्रश्न नहीं है, बल्कि अपनी क्षमताओं और अपने पैरों पर खड़े होने की शक्ति का विषय है। स्वदेशी के संदर्भ में उन्होंने आह्वान किया कि जिस प्रकार स्वदेशी के मंत्र ने स्वतंत्रता संग्राम को शक्ति दी, उसी प्रकार यह राष्ट्र की समृद्धि की यात्रा को भी ऊर्जा देगा। हमें वही वस्तुएं खरीदनी चाहिए जो मेड इन इंडिया हों, जिनमें हमारे युवाओं का श्रम और परिश्रम जुड़ा हो। हर घर स्वदेशी का प्रतीक बने और हर दुकान स्वदेशी वस्तुओं से सजी हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# नगर पालिका परिषद पीलीभीत की पहल

## तीन पंप हाउस रिबोर कार्य का लोकार्पण, वरिष्ठ नागरिकों को मिला सम्मान

### दूधिया मंदिर रोड, वाटर वर्क्स कंपाउंड और आवास विकास कॉलोनी में सुदृढ़ हुई पेयजल व्यवस्था





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत कराए गए तीन पंप हाउसों के रिबोर कार्य पूर्ण होने के बाद उनका विधिवत लोकार्पण कराया गया। विशेष बात यह रही कि इस अवसर पर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों एवं पालिका के वरिष्ठ कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक लोकार्पण का अवसर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने परंपराओं का स्मरण करते हुए कहा कि पुराने समय में जब भी कोई कुआं खुदवाया जाता था या नल लगाया जाता था, तो बुजुर्गों के आशीर्वाद से ही शुभारंभ किया जाता था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर में स्थापित पंप हाउसों का लोकार्पण संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कराया गया, जो सामाजिक सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है।

#### दूधिया मंदिर स्थित पंप हाउस का लोकार्पण

दूधिया मंदिर रोड स्थित पंप हाउस के रिबोर कार्य का लोकार्पण वरिष्ठ नागरिक धर्मेंद्र स्वरूप सक्सेना, भगीरथ प्रजापति, धर्मपाल एवं महेश नारायण प्रधान द्वारा किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में निर्बाध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

#### वाटर वर्क्स कंपाउंड में कर्मचारियों को मिला सम्मान

वाटर वर्क्स कंपाउंड स्थित पंप हाउस के रिबोर कार्य का लोकार्पण नगर पालिका के वरिष्ठ कर्मचारियों से कराया गया। पालिकाध्यक्ष ने कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि शहर की मूलभूत सेवाएं–चाहे वह जलापूर्ति हो, स्वच्छता हो या प्रकाश व्यवस्था–कर्मचारियों की निष्ठा और जिम्मेदारी से ही सुचारु रूप से संचालित होती हैं।
उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिवार की सामूहिक मेहनत से ही विकास की योजनाएं धरातल पर उतरती हैं।

#### आवास विकास कॉलोनी में भी सुदृढ़ हुई व्यवस्था

इसी क्रम में आवास विकास कॉलोनी स्थित पंप हाउस के रिबोर कार्य का लोकार्पण वरिष्ठ नागरिक रोशन सिंह चौहान एवं राजा भइया पटेल द्वारा किया गया। स्थानीय नागरिकों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए इस कार्य को बेहद उपयोगी बताया और नगर पालिका का आभार व्यक्त किया।

#### गर्मी से पहले जल संकट रोकने की तैयारी

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि नगर में जलापूर्ति को मजबूत बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से पुराने पंप हाउसों का रिबोर एवं नियमित रखरखाव कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्मी के मौसम में नागरिकों को पानी की कमी न हो, इसके लिए पालिका पूरी तरह सतर्क है।उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सभासद साकेत सक्सेना, रशीद हुसैन, विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, निजाकत अली कादरी, वतन दीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, सुनीता सिंह, अनस अंसारी, विकास बाबू, अवतार सिंह मोनू, इकबाल हजरत, इमरान अंसारी, शरीफ अंसारी, शिवम श्रीवास्तव, मोहन स्वरूप, जेई जलकल राजरानी, तारिक हसन खान, सुनीता गंगवार, सोनी पाठक सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। इस समारोह ने न केवल पेयजल व्यवस्था को मजबूती दी, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर सामाजिक सहभागिता का भी सशक्त संदेश दिया।

# नगर पंचायत बरखेड़ा में होली मिलन समारोह, चेयरमैन ने दिया सौहार्द का संदेश

### अबीर-गुलाल और मिठाई के साथ मनाया गया रंगोत्सव, पत्रकारों व सभासदों को किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा**

रंगों के पर्व होली के अवसर पर नगर पंचायत बरखेड़ा कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन श्याम विहारी भोजवाल ने की। समारोह में सभासदों, नगर पंचायत स्टाफ, पत्रकार बंधुओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभासद प्रवेश जोशी, मोहम्मद इल्लियास सहित समस्त सभासदगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक- दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गुझिया खिलाकर मुंह मीठा कराया। पूरे परिसर में उत्साह और अपनत्व का वातावरण देखने को मिला। चेयरमैन श्याम विहारी भोजवाल ने पत्रकारों एवं सभासदों को होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में मिठाई, फल और गुलाल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह त्योहार समाज को एकजुट करने और आपसी कटुता भुलाकर नई शुरुआत करने का संदेश देता है। उन्होंने समस्त नगरवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि सभी लोग इस रंगोत्सव को मिल-जुलकर, शांति और सद्भाव के साथ मनाएं।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सामूहिक रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

# आबादी में दो तेंदुओं की दस्तक, घर की बाउंड्री तक पहुंचे गांव में दहशत

### बख्शपुर में रात साढ़े नौ बजे मची अफरा-तफरी, सीसीटीवी में कैद हुई गतिविधियां वन विभाग ने पिंजरा लगाने के दिए निर्देश हालांकि लोगों में दहशत बरकरार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर से सटे बख्शपुर गांव में शनिवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब जंगल से निकलकर आए दो तेंदुए रिहायशी इलाके तक पहुंच गए। एक तेंदुआ तो एक ग्रामीण के घर की बाउंड्री के भीतर चहलकदमी करता दिखाई दिया। घटना के बाद गांव में भय और सतर्कता का माहौल है। घटना रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। गांव निवासी महेश मौर्या का घर आबादी के बाहरी छोर पर स्थित है। परिजनों के अनुसार वे भोजन के बाद विश्राम की तैयारी कर रहे थे, तभी कुत्तों के लगातार भौंकने की आवाज ने उनका ध्यान खींचा। बाहर निकलकर देखा तो घर की बाउंड्री के अंदर एक तेंदुआ घूम रहा था। कुछ ही देर में दूसरा तेंदुआ भी बाहर की ओर दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर परिवार के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया।
थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में दोनों तेंदुओं की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई। शोरगुल बढ़ने पर दोनों तेंदुए खेतों की ओर भाग निकले। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने पर पुलिस तो पहुंच गई, लेकिन वन विभाग की टीम रात में नहीं आई। इससे लोगों में नाराजगी है। हालांकि रविवार को गांव में तेंदुओं की दोबारा मौजूदगी नहीं दिखी, फिर भी ग्रामीणों को आशंका है कि वे आसपास के खेतों में छिपे हो सकते हैं। इस संबंध में सामाजिक वानिकी प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर टीमों को अलर्ट कर दिया गया है।
गांव के बाहरी हिस्से में पिंजरा लगाने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।
साथ ही ग्रामीणों को सावधानी बरतने और समूह में बाहर निकलने की सलाह दी जा रही है। घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जंगल से सटे गांवों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की चुनौती किस तरह बढ़ती जा रही है। ग्रामीण प्रशासन से स्थायी समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### बरखेड़ा में बिना इस्टीमेट हटाया गया ट्रांसफार्मर, जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा।** कस्बा के वार्ड नंबर नौ में लगभग दो दशक से स्थापित डबल पोल पर रखे ट्रांसफार्मर (डीपी) को बिना विधिवत इस्टीमेट और विभागीय अनुमति के हटाए जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद बिजली विभाग में हलचल मच गई है। मामला सामने आते ही उच्चाधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार ट्रांसफार्मर को दिन–दहाड़े हटवाया गया। आरोप है कि संबंधित जेई (टाउन) ने न तो कोई आधिकारिक इस्टीमेट तैयार कराया और न ही विभागीय अधिकारियों को पूर्व सूचना दी। इस प्रक्रिया को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।बताया जाता है कि वार्ड नंबर नौ में यह डबल पोल डीपी करीब 20 वर्षों से स्थापित थी और स्थानीय बिजली आपूर्ति का अहम हिस्सा रही है। अचानक हटाए जाने से क्षेत्र में चर्चा और असमंजस की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी प्रमुखता से सामने आने के बाद विभागीय अधिकारी सक्रिय हुए। प्रारंभिक स्तर पर पूरी प्रक्रिया की जांच–पड़ताल शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि यदि नियमों की अनदेखी पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय नागरिकों ने भी मांग की है कि बिना पूर्व सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था के ट्रांसफार्मर हटाने जैसे कदमों से बचा जाए, क्योंकि इससे विद्युत आपूर्ति और जनसुविधा प्रभावित हो सकती है।

# बाइक भिड़ंत में महिला घायल



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम बीरखेड़ा निवासी सीला देवी पत्नी शिवकुमार रविवार दोपहर अपने चचिया ससुर सुखलाल के साथ बाइक से मटेना कॉलोनी जा रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक रास्ते में घाटमपुर के पास पहुंची, सामने से आ रही एक अन्य बाइक से अचानक भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सीला देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। जबकि उनके साथ चल रहे सुखलाल को भी हल्की चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मदद की और एंबुलेंस बुलवाई। घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# ब्रज होली महोत्सव में भक्ति और रंगों की अनूठी छटा, खटीमा से लेकर पीलीभीत तक गूंजा राधा–कृष्ण संकीर्तन

### श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के भजनों और होली गीतों से भक्तिमय हुआ वातावरण, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर मनाया उत्सव





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल पीलीभीत के तत्वावधान में आयोजित ब्रज होली महोत्सव के द्वितीय दिवस पर भक्ति, संगीत और रंगोत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंडल के सदस्यों को देवभूमि खटीमा पहुंचकर वहां होली उत्सव मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहां संकीर्तन और पारंपरिक ब्रज होली गीतों से पूरा वातावरण राधा-कृष्ण भक्ति में सराबोर हो गया।
मंडल से जुड़े सभी परिकर खटीमा पहुंचे और संकीर्तन के माध्यम से ब्रजमंडल की दिव्य महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय पदों से हुई, जिसमें 'हमें तो प्यारी लगे वृंदावन की गलियां, जग से न्यारी लगे बरसाने की गलियां' जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।
संकीर्तन के दौरान श्रीधाम वृंदावन की भक्ति भावना को जीवंत करते हुए 'कोई पकड़ के मेरा हाथ री, मोहे वृंदावन पहुंचा दियो' भजन प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया।

#### पारंपरिक होली गीतों पर झूम उठा पंडाल

तदुपरांत संकीर्तनकारों ने होली लीला में प्रवेश करते हुए ब्रज की पारंपरिक फाग प्रस्तुतियां दीं। 'मैं तो तुम संग होली खेलूंगी' 'फागुन के दिन चार रे सजनी खेल ले होली' तथा 'ढप बाजे नवल किशोरी के' जैसे होली गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर प्रेम और उल्लास के साथ होली उत्सव मनाया। कार्यक्रम ने भक्तों को ब्रज संस्कृति और राधा-कृष्ण प्रेम रस से जोड़ दिया। इस अवसर पर अमरदीप, शिवम अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रमोद पंत, श्याम जी, मोनू, अमन शर्मा एवं अवधेश जी का विशेष सहयोग रहा। खटीमा के श्रद्धालुओं ने मंडल के आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित किया।

#### श्री राधा रमण मंदिर में देर रात तक चला दिव्य होरी उत्सव

इसी क्रम में ब्रज होली महोत्सव के अंतर्गत पीलीभीत स्थित श्री राधा रमण (राजा साहब) मंदिर में सायं 6:30 बजे से दिव्य होरी उत्सव का आयोजन किया गया, जो देर रात तक भक्ति और उत्साह के साथ चलता रहा।
संकीर्तन, भजन और होली रसिया की प्रस्तुतियों के बीच श्रद्धालु राधा-कृष्ण नाम संकीर्तन में लीन रहे और मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि ब्रज की होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत उत्सव है, जो लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ता है।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ का शव मिलने से खलबली

### माला रेंज में धमेला वॉच टावर के पास मिला शव, पोस्टमॉर्टम के बाद ही खुलेगा मौत का राज



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

प्रदेश के प्रमुख संरक्षित वन क्षेत्रों में शामिल पीलीभीत टाइगर रिजर्व में शनिवार रात एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। शव माला रेंज के अंतर्गत महोफ और माला के बीच स्थित धमेला वॉच टावर के पास पाया गया। सूचना मिलते ही डीएफओ भरत कुमार डीके सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भी दी गई। देर रात मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जबकि प्रोजेक्ट टाइगर के नोडल अधिकारी द्वारा भी दौरा प्रस्तावित है। प्रारंभिक जांच में बाघ के शरीर पर किसी स्पष्ट चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में मौत के कारणों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। वन अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बाघ की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।
बाघ का पोस्टमॉर्टम बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में कराया जाएगा।
निर्धारित मानक प्रक्रियाओं के तहत सैंपलिंग और फॉरेंसिक जांच भी की जाएगी। इस घटना ने वन्यजीव संरक्षण को लेकर चिंता बढ़ा दी है। एक ओर जहां आबादी क्षेत्रों में तेंदुओं की मौजूदगी से मानव-वन्यजीव संघर्ष की चुनौती सामने है, वहीं संरक्षित क्षेत्र में बाघ की मौत ने संरक्षण तंत्र की सतर्कता पर सवाल खड़े किए हैं।
फिलहाल सभी की निगाहें पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो इस रहस्य से पर्दा उठा सकती है।

# सब्जी बिक्री को लेकर विवाद, (ढ्रस्ढ्ढरू जिलाध्यक्ष से मारपीट

### मंडी समिति परिसर में हंगामा, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

मंडी समिति परिसर में रविवार को सब्जी बिक्री को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। घटना में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ढ्रस्ढ्ढरू) के जिलाध्यक्ष अकील अहमद उर्फ पप्पू लाला भी मारपीट की चपेट में आ गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि मंडी परिसर में अकील अहमद की आढ़त है। रविवार सुबह संसारपुर निवासी माजिद सब्जी खरीदने मंडी पहुंचा था। आरोप है कि घर ले जाने के लिए खरीदी गई सब्जी खराब निकलने पर उसने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर आढ़ती और ग्राहक के बीच कहासुनी शुरू हो गई।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई, जिसमें अकील अहमद भी चपेट में आ गए। कुछ ही देर में मंडी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन तब तक मारपीट हो चुकी थी।
किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में हंगामा और मारपीट के दृश्य साफ दिखाई दे रहे हैं। घटना के बाद मंडी में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही।सूचना मिलने पर संबंधित लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक तहरीर दिए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस पूरे प्रकरण पर नजर बनाए हुए है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती–2025 : 392 रिक्रूट आरक्षियों की 10 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ संपन्न

### अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने दिखाई हरी झंडी, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हुई परीक्षा

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



आरक्षी भर्ती-2025 के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की अंतिम बाह्य विषयक परीक्षा के रूप में 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन रविवार सुबह पुलिस लाइन परिसर से किया गया। यह दौड़ प्रातः 6 बजे विधिवत प्रारंभ हुई, जिसमें कुल 392 रिक्रूट आरक्षियों ने भाग लिया।
पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुरादाबाद से संबद्ध रिजर्व पुलिस लाइन, पीलीभीत में प्रशिक्षणरत आरक्षियों की यह अंतिम शारीरिक परीक्षा थी।
दौड़ पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर बनकटी रोड होते हुए खटीमा रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग स्थल तक आयोजित की गई, जहां इसका समापन हुआ।
कार्यक्रम के शुभारंभ पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने हरी झंडी दिखाकर रिक्रूट आरक्षियों को रवाना किया।
उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए निर्धारित समय सीमा में दौड़ पूरी करने, अनुशासन बनाए रखने और खेल भावना के साथ भाग लेने के निर्देश दिए।
दौड़ के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए थे, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही चिकित्सकीय टीम भी मौके पर मौजूद रही और प्रतिभागियों के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह परीक्षा आरक्षियों की शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति और अनुशासन का महत्वपूर्ण आकलन है, जिसके सफल आयोजन से प्रशिक्षण प्रक्रिया का एक अहम चरण पूर्ण हो गया।

# गोलीकांड में तीन पर रिपोर्ट दर्ज, पैर में गोली मारकर फरार हुए हमलावर

### पुरानी रंजिश के चलते वारदात की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



नगर के लाइनपार साहूकारा मोहल्ले में हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी विकास शनिवार को अपने मित्र नितिन मिश्रा के साथ अपनी बहन के घर महामंदपुर गया था। देर शाम घर लौटते समय भगवंतापुर रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि पहले गाली-गलौज की गई और फिर विकास के साथ मारपीट शुरू कर दी गई। बताया गया कि विरोध करने पर एक युवक ने तमंचे से विकास के दाहिने पैर में गोली मार दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल विकास ने पुलिस को बताया कि करीब आठ महीने पहले वह शराब से जुड़े एक मामले में जेल गया था। जेल में कस्बे के एक युवक से उसका विवाद हुआ था, जो बाद में रंजिश में बदल गया। विकास का आरोप है कि उसी रंजिश के चलते कपिल पांडे ने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला किया। घायल की मां ओमवती उर्फ भगवती की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी पवन पांडे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है तथा जल्द ही गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे।

# रंगों, उमंग और संस्कारों से सराबोर हुआ लॉर्ड कृष्णा स्कूल का होली उत्सव

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

शहर की बल्लभ नगर कॉलोनी स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल में होली का पावन पर्व अत्यंत उल्लास, अनुशासन और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही रंग-बिरंगे गुलाल, बच्चों की मधुर हंसी और उत्साहपूर्ण वातावरण से जीवंत हो उठा। चारों ओर 'होली है' की गूंज और विद्यार्थियों की खिलखिलाहट ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सनी दीक्षित एवं प्रधानाचार्या रोजी दीक्षित द्वारा किया गया। दोनों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्नेहपूर्वक माथे पर गुलाल का टीका लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि त्योहारों का वास्तविक आनंद तभी है जब उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ मनाया जाए। बच्चों को पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचने, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों का उपयोग करने तथा त्वचा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सीख दी गई। साथ ही यह भी समझाया गया कि किसी पर जबरन रंग न डालें और सभी की भावनाओं का सम्मान करें। इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण में रंगों का उत्सव अपने चरम पर पहुंच गया। छात्र-छात्राएं रंगों में इस कदर रंग गए कि पूरा परिसर मानो इंद्रधनुषी आभा से जगमगा उठा। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण भी इस आनंदोत्सव में पूरे उत्साह से सहभागी बने।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल 25-25 हजार के तीन बदमाश गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | शाहाबाद**



शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मलकापुर मे हुई डकैती के मामले में 25-25 हज़ार रूपए के तीन इनामिया बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों से हुई मुठभेड़ में दो कांस्टेबल भी घायल हुए हैं। बदमाशों के पास से पुलिस ने नगदी और तमंचे बरामद किये हैं। बीती 10 फरवरी को मलकापुर गांव में अनीस खां पुत्र नसीर खां के घर में चार पांच अज्ञात बदमाशों ने उन्हें बंधक बनाकर घर में रखे 30 हजार रुपए की नगदी व आभूषण लूट लिए थे।पीड़ित की तहरीर पर डकैती का मुकदमा लिखा गया।आई जी जोन और एसपी द्वारा घटना के सफल एवं शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक सर्किल शाहाबाद के निर्देशन में टीमों का गठन कर लगाया गया।एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा उक्त घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।शनिवार रविवार की मध्य रात्रि में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियो, वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही थी।मुखबिर की सूचना पर निर्माणाधीन बाईपास के पास बाग मे पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर मौजूद बदमाशों की घेराबंदी की गयी। बाग में मौजूद बदमाशों द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें यादराम उर्फ यादा पुत्र माखन लाल और धर्मेन्द्र गिरी पुत्र हरपाल गिरी निवासीगण नौगमा पकडिया थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गए तथा समोल मण्डल पुत्र उपेन मण्डल निवासी भरतपुर थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत को भी मौके से गिरफ्तार किया गया।उनके कब्जे से 17,520 रुपये नगद, व तीन तमंचे 315 बोर, 5 जिंदा कारतूस एवं 5 खोखा कारतूस बरामद किये गए।मुठभेड़ में कांस्टेबल मंगेश व मनोज भी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी व अभियुक्तों को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।गिरफ्तार यादराम पर पीलीभीत जनपद के विभिन्न थानों में बाइस मुकदमे दर्ज हैं।एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया मलकापुर में अनीस खां के यहाँ पड़ी डकैती के मामले में पचीस पचीस हजार के इनामी तीन वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है उनमे से दो अपराधी मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुए हैं जिन्हे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में शाहाबाद कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय, नि0 उदय भान यादव, उ0नि0 राजेश कुमार चौधरी,मो0 अमजद,अरविन्द कुमार यादव,सोमल राम पासवान,हरदीप यादव,अतुल कुमार गुप्ता, हे0का0 लोकेश भट्ट, जंगबहादुर,रामआसरे,का0 सम्राट, नितिन तोमर,गुंजन गिल,कंचन,मंगेश, मनोज,फैसल हुसैन,उमेश कुमार, नागेन्द्र कुमार,प्रेमसिंह,फुलकुवँर,स्वाट/सर्विलांस व एस ओ जी के प्रभारी उ0नि0 राजेश कुमार,अब्दुल जब्बार और उनकी टीम शामिल रहे।

## कालपी प्रेस क्लब कालपी की होली मिलन को लेकर हुई बैठक

**कालपी (जालौन)।** कालपी प्रेस क्लब कालपी की एक बैठक प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी के आवास पर आहुतकी गई इस बैठक में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार किया गया। प्रेस क्लब की बैठक को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने प्रेस क्लब कालपी का होली मिलन समारोह 6 मार्च को पथिक आश्रम में रखने का प्रस्ताव रखा जिसको सर्व सम्मत से प्रेस क्लब के सभी साथियों ने इस कार्यक्रम को कराए जाने पर सहमत जताई। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी, संरक्षक बृजेंद्र सिंह चैहान, हरिश्चंद्र दीक्षित, सतीश द्विवेदी, शिवनारायण प्रजापति, ज्ञानेंद्र मिश्रा, पवनदीप निषाद मनोज पांडे, अनिल बाजपेई, रोहिणी शर्मा, विवेक निगम, देवेंद्र चतुर्वेदी महेंद्र निगम, शिवांग शुक्ला, संजीव नगाइच आदि सभी पत्रकार साथियों ने नगर वासियों से अपील की की होली के पावन पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाए।

# राज्यमंत्री के हस्तक्षेप पर 36 घंटे बाद काम पर वापस लौटे आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी

**जन एक्सप्रेस | शाहाबाद**



नगर पालिका परिषद में 36 घंटों से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री के हस्तक्षेप के बाद काम पर वापस लौट आए हैं। रविवार को दोपहर 2:00 बजे के बाद सफाई कर्मचारियों ने नगर को साफ करने का कार्य प्रारंभ कर दिया। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का फरवरी माह का वेतन गुरुवार को उनके खाते में पहुंच जाने का आश्वासन दिया गया है। 36 घंटे से फरवरी माह के वेतन की मांग को लेकर हड़ताल पर गए आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने गदर काट दिया। सड़कों पर रख कूड़े दानों से निकाल कर कूड़ा सड़कों पर फेंका। नालियों को चोक कर दिया जिससे पूरा शहर गंदगी में तब्दील हो गया और चारों तरफ बदबू ही बदबू उठने लगी। दुकानदारों और क्षेत्र वासियों का जिन मुहाल हो गया। आपको बता दें रार आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को वेतन देने वाली फार्मो को ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद शुरू हुई थी। अधिशासी अधिकारी ने वेतन देने वाली फर्मों को ब्लैकलिस्टेड किया। उसके बाद सफाई कर्मचारियों का वेतन रुक गया। सफाई कर्मचारी नाराज हो गए और हड़ताल पर चले गए। आठ दिन की हड़ताल के बाद डूडा से सफाई कर्मचारियों को एक माह का वेतन दिया गया। दूसरे माह का वेतन नहीं मिला जिससे नाराज होकर शुक्रवार से सफाई कर्मचारियों ने फिर हड़ताल कर दी। इससे पूर्व अधिशासी अधिकारी के के सोनकर अकाउंटेंट द्वारा आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के वेतन बिल बनाने में की जा रही लापरवाही और हाई कोर्ट में जवाबदेह हो जाने के कारण डिप्रेशन में चले गए और कार्यालय में गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें सीएचसी से मेडिकल कॉलेज हरदोई में भर्ती कराया गया। तब से अब तक अधिशासी अधिकारी के के सोनकर मेडिकल लीव पर हैं। इधर सफाई कर्मचारियों ने नगर में प्रदर्शन करते हुए कूड़े दानों में भरा हुआ कूड़ा निकलकर सड़क पर फेंक दिया। नालियां बंद कर दी। जिससे गंदा पानी सड़कों पर वह निकला। बदबू से दुकानदार और नागरिक परेशान हो उठे। रविवार को उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी ने सफाई कर्मचारी संघ के नेता संजय वाल्मीकि से फोन पर वार्ता की और उनसे हड़ताल समाप्त कर सहयोग करने की अपील की। पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को गुरुवार को तक उनके खाते में भुगतान भेजने का आश्वासन दिया, उसके बाद आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी कम पर लौट आए।

# हरदोई आयुर्वेद की आड़ में 'नशे का कारखाना' 80 कुंतल भांग का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**



हरदोई में आयुर्वेद के नाम पर चल रहे बड़े नशे के नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।सर्कुलर रोड स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में संचालित ओम आयुर्वेदिक कंपनी की फैक्ट्री में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त छापेमारी के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।बाहर से आयुर्वेदिक कंपनी,लेकिन अंदर अवैध भांग का विशाल जखीरा भरा था।पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर अवैध भांग का भारी जखीरा बरामद किया है।

छापेमारी में फैक्ट्री परिसर में खड़ी एक डीसीएम और कमरों-बरामदों में रखे 200 प्लास्टिक बोरे बरामद हुए।प्रत्येक बोरे में 40 किलो सूखी भांग भरी थी।इस तरह कुल 80 कुंतल अवैध भांग पकड़ी गई।मौके से 23 हजार रुपये नगद भी बरामद हुए।खुद को मैनेजर बताने वाला अभिषेक कुमार और वाहन चालक करामत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।बरामदगी की गई भांग की तादात यह बताने के लिए काफी है कि यह कोई छोटा-मोटा खेल नहीं,बल्कि संगठित और सुनियोजित कारोबार संचालित हो रहा था।पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम और उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कंपनी स्वामी संगम माधव द्विवेदी को भी नामजद किया है। 80 कुंतल भांग, डीसीएम वाहन और नगदी जब्त कर ली गई है।अब जांच इस बात पर केंद्रित है कि आयुर्वेद की आड़ में खड़ा यह नशे का नेटवर्क किन-किन लोगों की सरपरस्ती में फल फूल रहा था।

## सभी लोग होली का त्योहार सभी प्यार और सद्भाव से मनाएं :गौरीशंकर

**जालौन (उरई)।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा की उपस्थिति में स्थानीय मिलन गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें मौजूद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल का तिलक लगाया और होली की शुभकामनाएं दी।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा रविवार को नगर में स्थित मिलन गेस्ट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने मौजूद लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सभी प्यार और सद्भाव से मनाएं। कोई ऐसा कार्य न किया जाए जिससे त्योहार का मजा किरकिरा हो जाए। त्योहार होते ही इसलिए हैं कि एक दूसरे का साथ दें और सुख दुख मिलकर बांटें। उन्होंने इस दौरान मौजूद सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दी और उन्हें गुलाल का तिलक लगाया। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं देकर शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मानने की अपील की। इस मौके पर डॉ. नितिन मित्तल, पवन तोमर, रामू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# ईंटों में पत्रकार होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस | कुठौंद (जालौन)**



माधौगढ़ तहसील अंतर्गत थाना गोहन क्षेत्र के ग्राम ईंटों में मीडिया टीम ईंटों द्वारा पत्रकार होली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तहसील माधौगढ़ क्षेत्र के अनेक पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य पत्रकारों के मध्य आपसी समन्वय, एकता और संवाद को सुदृढ़ करना तथा होली पर्व के अवसर पर सौहार्द का संदेश देना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी पत्रकारों के परिचय के साथ किया गया। उपस्थित अतिथियों का चंदन लेपन कर स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः पारंपरिक एवं उत्सवी बन गया। वरिष्ठ पत्रकार विजय द्विवेदी, अंजनी सोनी, पवन याज्ञिक, अमन नारायण अवस्थी, राजा द्विवेदी, प्रिंस द्विवेदी एवं श्रीकांत तिवारी ने पत्रकार एकता, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और उसकी एकता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। बदलते दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता का महत्व और भी बढ़ गया है, ऐसे में आपसी सहयोग और समन्वय आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में ईंटों मीडिया टीम के सदस्यों द्वारा उपस्थित पत्रकारों को प्रतिमा एवं अबीर-गुलाल भेंट कर सम्मानित किया गया। पुष्प वर्षा एवं गुलाल लगाकर सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी। इसके उपरांत सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। होली मिलन समारोह के संयोजक लवकुश त्रिपाठी लंबरदार ने सभी आगंतुक पत्रकारों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अशोक तिवारी, अनिल पांडे, अविनाश तिवारी, शिवम द्विवेदी, अनिमेष, आशुतोष, राजेंद्र सेंगर, भरत मिश्रा, पवन, वेदप्रकाश, नारायण तिवारी, संतोष कुमार, सौरभ, शाहिद खां, रजनीश, ऋतिक कुमार, मनीष, अनुज, दीपू शर्मा, जावेद मंसूरी, अनुरुद्ध, विपिन कुशवाहा, सुरेंद्र परिहार, अजीत उपाध्याय, दीपक उदैनिया, प्रिंस द्विवेदी, डॉ. विनोद कुमार, महेंद्र कुमार, मोनू शर्मा सहित ईंटों मीडिया टीम के सदस्य लवकुश त्रिपाठी, भोला पाठक, गोपाल दुबे, पवन मुखिया, नीलकमल, आशीष तिवारी एवं श्रीकांत सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और पत्रकारों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

# मंहगाई के चलते होली का पर्व फीका नजर आया लोगों में होली को लेकर उत्साह भी कम नजर आ रहा

**जन एक्सप्रेस | जालौन (उरई)**

रंगों का पर्व होली का त्योहार है। इसके बाद भी बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। मंहगाई के चलते होली का पर्व फीका नजर आया। लोगों में होली को लेकर उत्साह भी कम नजर आ रहा है।

रंगों का त्योहार होली, जो हर साल हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, इस बार महंगाई की मार के कारण फीका पड़ता नजर आया। बाजारों में रौनक गायब रही, और लोगों में उत्साह भी पहले जैसा देखने को नहीं मिला। खाद्य पदार्थों, रंग-गुलाल, मिठाइयों और अन्य जरूरी सामानों की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की जेब पर गहरी चोट की, जिससे त्योहार की चमक फीकी पड़ गई। हर साल होली के करीब आते ही बाजारों में भारी भीड़ उमड़ती थी। कपड़े, रंग-गुलाल, पिचकारी, मिठाइयां, सूखे मेवे और अन्य सामग्रियों की खरीदारी के लिए लोग बड़ी संख्या में बाजारों में पहुंचते थे। लेकिन इस बार बाजार सूने नजर आए। दुकानदारों का कहना है कि महंगाई के कारण ग्राहकों की संख्या घटी है, जिससे उनका व्यापार प्रभावित हुआ है। होली से जुड़े सामान बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि इस बार बिक्री आधी से भी कम रह गई। पिचकारी, गुलाल और रंगों की कीमतों में 20 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है, जिससे आम लोग ज्यादा खरीदारी करने से बच रहे हैं। बच्चों के लिए खास पिचकारियां, जो पहले आसानी से बिक जाती थीं, इस बार दुकानों में ही पड़ी रह गईं। होली पर मिठाइयों की खास अहमियत होती है, लेकिन इस बार इनकी कीमतें भी लोगों की जेब पर भारी पड़ रही हैं। दूध, घी, चीनी और अन्य सामग्रियों के दाम बढ़ने से मिठाइयों के रेट में भी भारी इजाफा हुआ है। जहां पहले लोग किलो भर मिठाई खरीदते थे, वहीं अब सीमित मात्रा में ही खरीदारी कर रहे हैं। सूखे मेवे भी महंगे हो गए हैं, जिससे घरों में पारंपरिक रूप से बनने वाले गुजिया, शक्करपारे और अन्य व्यंजन भी कम मात्रा में बनाए जा रहे हैं। महंगाई का असर सिर्फ बाजारों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों के मनोबल पर भी पड़ा है।जहां पहले लोग किलो भर मिठाई खरीदते थे, वहीं अब सीमित मात्रा में ही खरीदारी कर रहे हैं। सूखे मेवे भी महंगे हो गए हैं, जिससे घरों में पारंपरिक रूप से बनने वाले गुजिया, शक्करपारे और अन्य व्यंजन भी कम मात्रा में बनाए जा रहे हैं। महंगाई का असर सिर्फ बाजारों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों के मनोबल पर भी पड़ा है। जहां पहले हर गली-मोहल्ले में ढोल-नगाड़ों की आवाजें सुनाई देती थीं, वहां इस बार सन्नाटा पसरा दिखा। लोग त्योहार को मनाने में किफायत बरत रहे हैं और बड़ी होली पार्टियों की जगह सीमित दायरे में ही इसे मना रहे हैं। स्थानीय निवासी मनोज, विनोद, विनय आदि ने बताया, हर साल बड़े स्तर पर होली मनाते थे, लेकिन इस बार बढ़ती महंगाई के चलते खर्च सीमित करना पड़ा। बच्चों के लिए महंगे खिलौने और पिचकारियां खरीदना मुश्किल हो गया है। होली, जो उमंग और खुशी का पर्व माना जाता है, इस बार महंगाई के कारण पहले जैसी चमक नहीं बिखेर सका। बाजारों में सुस्ती और लोगों के उत्साह में कमी ने यह दर्शा दिया कि बढ़ती कीमतें आम जनता पर कितनी भारी पड़ रही हैं।

## नगर में 22 और ग्रामीणांचल में 82 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**जालौन (उरई)।** नगर में 22 स्थानों पर और ग्रामीण क्षेत्र में 82 स्थानों पर होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए युवाओं ने पूरी तैयारी कर रखी है। होलिका दहन के बाद रंगों के पर्व होली की शुरूआत हो जाती है। इस बार होलिका दहन सोमवार को है। सोमवार को शुभ मुहूर्त में नगर में 22 स्थानों पर और ग्रामीण क्षेत्र के 82 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इसके अगले दिन से रंगों की बौछार शुरू हो जाएगी। इसके लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्र में होली के डांढे सज चुके हैं। युवाओं ने भी होलिका दहन की पूरी तैयारी कर ली है। पंडित अरविंद बाजपेई के अनुसार होलिका दहन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आस्था और परंपरा का प्रतीक है। यह पर्व भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति और सत्य की विजय का संदेश देता है। अग्नि में होलिका के दहन की कथा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानी जाती है, जो समाज को सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

# बिलग्राम पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**



जनपद की बिलग्राम पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बिलग्राम में मुकदमा अपराध संख्या 36/2026 धारा 64(1)/74/82 बीएनएस के तहत मामला दर्ज था।

पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 23 जनवरी 2026 को वादिनी ने थाना बिलग्राम में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त देवेश कुमार सिंह पुत्र वीरपाल सिंह निवासी ग्राम निकरा, थाना कांट, जनपद शाहजहांपुर ने उसके साथ गलत कार्य किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी।मामले में कार्रवाई करते हुए थाना बिलग्राम पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त देवेश कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में अतिनिरीक्षक हाकिम सिंह, उपनिरीक्षक अजय तोमर, कांस्टेबल मोनू चौधरी एवं कांस्टेबल रिजवान थाना बिलग्राम, जनपद हरदोई शामिल रहे।

## बाइक चालक की मौत के बाद लोडर चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**कालपी (जालौन)।** विगत सप्ताह नगर के बाईपास हाईवे तिराहे में मोटर साइकिल सवार युवक की मृत्यु के मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से कालपी कोतवाली में लोडर चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस इस घटना की जांच करने में जुट गई है। संदीप पुत्र शिव शंकर उम्र करीब 19 वर्ष के साथ 22 फरवरी 2026 को अमलतास तिराहे कालपी छोटे सिंह विधायक कोठी के पास रोड के किनारे बाई तरफ फुटपाथ पर बाइक खड़ी करके अपने किसी मित्र का इंतजार कर रहा था तभी समय करीब 12.30 बजे दोपहर कानपुर की तरफ से आ रहे लोडर संख्या यूपी 92 टी 7880 के चालक ने उपरोक्त लोडर को बड़ी तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर बिना हॉर्न बजाए अमलतास तिराहे की तरफ गलत दिशा में अचानक मोड़कर रोड किनारे खड़े मेरे पुत्र नरेश और भतीजे संदीप को जोरदार टक्कर मार दी जिससे नरेश और संदीप दुर्घटना स्थल पर गिर गए।

# दूसरे अशरा रहमत की फजीलत और योग्यता एवं श्रेष्ठता महत्व: कादरी

**जन एक्सप्रेस | कदौरा (जालौन)**

माहे रमजान का पहला अशरा रहमत अपनी बे बहा रहमतों बरकतों से बारिश की तरह सब को सैराब करके अपने अन्तिम एवं आखिरी औ इखतिताम पजीर हो गया है। हजरत मुस्तफा करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया जो माहे रमजान का पहले अशरा का रोजा रखता है। उसके पिछले गुनाह मुआफ कर दिये जाते हैं। उस के लिए सुबह से शाम तक 70 हजार फरिश्ते दुआएं मगफिरत करते रहते हैं। मौलाना इकरार अहमद कादरी कहते हैं फरमाने मुस्तफा है कि अशरा रहमत में रमजान मुबारक की हर रात आसमानों में सुबह तक मुनादी ऐलान करने वाला ये निदा एवं अवाज देता है। कि है अपने गुनाहों से सच्चे तौबा करने वाला, उसकी तौबा कुबुल की जाएं, है कोई दुआ मांगने वाला कि दुआ कुबूल की जाए।

इसलिए हर व्यक्ति को दूसरे अशरा मगफिरत में हर मुसलमान को अपने गुनाहों से सच्चे दिल से अपने परवरदिगार की बारगाह में तौबा मांगनी चाहिए। अपने हर छोटे-बड़े गुनाहो से रो रो गिड़गिड़ा कर अपने गलतियों कोताहियो और गुनाहों से सच्ची तौबा करना चाहिए। ताकि अशरा रहमत में अपनी बखशिश अपनी परवरदिगार की बारगाह में तौबा करना एवं मांगना चहिए। मौलाना इकरार अहमद कहते हैं कि हर मुसलमान रोजा से रहता है। रोजा एक ऐसी बातनी इबादत है कि इसमें दिखावे का सवाल नही होता है।बल्कि बातनी तौर पर अपने माबूदे ए बरहक की इबादत होती है। रोजादार दिन भर भुखा प्यासा और कुरान पाक की तिलावत से अपने जुबान को लबरेज और लबालब करके और दीगर जरूरतों को छोड़ कर शाम को अफ्तार के वक्त दुआ करता (रब, करीम, रहीम )बहुत महिरबान है।अपने रोजादार बन्दे की दुआ जरुर कुबुल फरमाता है। और बखशिश का परवाना है। हदीस के अनुसार रोजेदार की दुआ रद्द नहीं की जाती है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने गुनाहों से सच्ची तौबा सच्चे और साफ दिल से मांगे ये दूसरा अशरा मगिफिरत बंदों को अपने गुनाहों और गलतियों खताओं से क्षमा प्रदान करने का मौका फराहम करता है। हदीस के अनुसार रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत और दया का सन्देश देता है। इस्तगफार की ज्यादा से ज्यादा निर्देश एवं चेतावनी की गई है। इस अशरे में अस्तगफार और तिलावत दूसरो को मुआफ एवं छमा करने अच्छे आमाल करने का और मजीद इबादत, अधिक दुआ और दुरुद शरीफ और सदका और खैरात के जरिए अल्लाह की रिजा और खुशनुदी, प्रसन्नता, संतोष हासिल की जाती है।

## सामूहिक सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में शामिल हुये भक्त

**जालौन (उरई)।** रवि पुष्य नक्षत्र के मौके पर उरई मार्ग में स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमानजी मंदिर सामूहिक 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में मंदिर में भक्त पहुंचे और सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। 108 सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद सामूहिक श्रीहनुमानजी की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। सुंदरकांड का पाठ करने वालों में पुजारी कमलेश महाराज, लवकुश राजावत, कृष्ण पाल सिंह सेंगर, लोकेंद्र चैबे, संजीव पचैरी, गंगाराम गुप्ता, रामकरण भदौरिया, कमलेश चैरसिया पूनम, वर्षा, मनोज, प्रमोद, ब्रजेश, राकेश, अनुराग आदि भक्तों ने सहयोग किया। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

# जीआरपी चैकी प्रभारी ने रेलवे स्टेशनों पर चलाया चेकिंग अभियान

**जन एक्सप्रेस | कालपी (जालौन)**



आगामी होली पर्व में भीड़भाड़ को मद्देनजर रखते हुये रेलवे पुलिस के द्वारा सतर्कता तेज कर दी गई है। रविवार को कालपी से होकर गुजरने वाली ट्रेनों तथा रेलवे स्टेशनों में कालपी जीआरपी चैकी इंचार्ज संजना सिंह की संयुक्त टीम के द्वारा चेकिंग की गई। तथा संदिग्ध लोगों की तलाशी अभियान चलाया गया।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी बिपुल श्रीवास्तव के निर्देशन के अनुरूप जीआरपी चैकी इंचार्ज संजना सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, मेहरबान सिंह, अशोक कुमार की टीम ने होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये इलाकाई रेलवे पुलिस बल के साथ आरपीएफ जवानों ने समन्वय स्थापित कर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 1 तथा 2 में एवं वेटिंग हॉल, बुकिंग हॉल, टिकट घर, सर्कुलेटिंग एरिया, आउटर आदि स्थानों में तथा आने जाने वाली ट्रेनों में अपराध के रोकथाम एवं पुलिस की सक्रियता एवं यात्रियों के बीच सुरक्षा का मजबूत विश्वास पैदा करने हेतु आपराधिक तत्वों की सघन चेकिंग व ट्रेनों में लगे स्कोर्ट कर्मियो की चेकिंग की गई। तथा रेलवे स्टेशनों कालपी व उसरगांव में गस्त व भ्रमण किया गया। तथा यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया कि किसी भी अनजान या संदिग्ध वस्तु को छूना नही है तुरन्त जीआरपी व आरपीएफ के जवानों को सूचना देनी है। आने जाने वाले यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा दिलाने तथा पुलिस को जनताध्यात्रियों के करीब लाने एवं यात्रियों की समस्याओं और अपराधियों की गतिविधियों की सीधी जानकारी प्राप्त करने हेतु यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुये सुरक्षित यात्रा करने हेतु जागरुक किया गया। जीआरपी चैकी इंचार्ज संजना सिंह ने बताया कि जीआरपी के जवानों के द्वारा कालपी रेलवे स्टेशन में ठहराव करने वाली, झांसी कानपुर के बीच चलने वाली अप व डाउन मेमो ट्रेनों कुशीनगर एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस आदि ट्रेनों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उसरगांव, आटा तथा सरसौखी रेलवे स्टेशनों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# नेपाल चुनाव: 72 घंटे के लिए सील होगी भारत नेपाल बार्डर

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



भारतीय सीमा से सटे मित्र राष्ट्र नेपाल में प्रस्तावित प्रतिनिधि सभा चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आगामी 5 मार्च को नेपाल में होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य 72 घंटे के लिए भारत नेपाल बार्डर सील रहेगा। सोमवार की मध्यरात्रि से मतदान समाप्ति तक बार्डर पर दोनों देशों के आम नागरिकों का सामान्य आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान आपातकालीन तथा अन्य आवश्यक सेवाएं जारी रहेगी।

रविवार को 22वीं बटालियन एसएसबी के कैंप कार्यालय में भारत-नेपाल समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नेपाल राष्ट्र में प्रस्तावित चुनाव के मद्देनजर इंडो नेपाल बार्डर के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा दोनों देशों के प्रशासन के बीच सतत समन्वय बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले सभी मुख्य मार्गों, संपर्क सड़कों और पगडंडियों पर निगरानी और गश्त बढ़ाई जाए। इसके साथ ही एसएसबी, पुलिस और खुफिया एजेंसियों को संयुक्त रूप से संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि नेपाल में होने वाली चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि या अराजक तत्वों की आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नेपाली प्रशासन के साथ निरंतर संवाद और समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नेपाली प्रशासन के अनुरोध पर भारत नेपाल सीमा सील करने का निर्णय लिया गया है, ताकि नेपाल में प्रस्तावित चुनाव में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। 2 मार्च यानी सोमवार की मध्यरात्रि से सीमा पर सामान्य आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। हालांकि एंबुलेंस, पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति, एलपीजी गैस, खाद्य सामग्री तथा अन्य आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को दोनों देशों के प्रशासन के पारस्परिक समन्वय से संचालित किया जाएगा। ताकि आम नागरिकों को आवश्यक सेवाओं के अभाव का सामना न करना पड़े।

बैठक में यह भी तय किया गया कि सीमा से सटे गांवों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ाई जाएगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिय रहने और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने नेपाली प्रशासन को आश्वस्त किया कि भारत की ओर से चुनाव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बेहतर समन्वय और संयुक्त रणनीति से कानून-व्यवस्था को मजबूत रखा जाएगा तथा असामाजिक तत्वों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## घर का ताला तोड़कर 10 हजार नकदी व जेवरात चोरी

**महोबा।** थाना अजनर क्षेत्र के महंआबांध गांव में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाते हुए कमरे की कुंडी काटकर नगदी और जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है।जानकारी के अनुसार महंआबांध निवासी कौशल साहू पुत्र मजबूत सिंह अपनी पत्नी ममता के साथ रोजगार की तलाश में दिल्ली गए हुए थे। उनके पिता मजबूत सिंह एवं माता पार्वती भी पहले से दिल्ली में रह रहे हैं। शनिवार रात अज्ञात चोरों ने घर के कमरे की कुंडी काटकर भीतर रखे जेवरात और करीब 10 हजार रुपये नकद पार कर दिए।28 फरवरी 2026 को पड़ोसियों और परिजनों ने घर का दरवाजा खुला देखा। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। इसकी सूचना कौशल साहू को दी गई। सूचना मिलते ही कौशल गांव पहुंचे और थाना अजनर में लिखित तहरीर दी। थानाध्यक्ष अजनर सुभाष चंद्र ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नशा तस्कर पर चला पुलिस का हंटर: एक साल के लिए निरुद्ध

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत रविवार को बड़ी कार्रवाई की गई। मानिकपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय नशा तस्कर राजेश मिश्रा और उसकी पत्नी रीना मिश्रा के खिलाफ पीआईटी- एनडीपीएस एक्ट के तहत एक वर्ष के लिए निरुधीकरण की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से जिले के नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है। मालूम हो कि ?बीते दिनों पुलिस ने जेल में बंद गैंग सरगना राजेश मिश्रा के मूंदीपुर स्थित आवास पर 22 घंटे तक सघन छापेमारी की थी। इस दौरान पुलिस ने घर के तहखाने और अलमारियों से दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की थी। इतनी बड़ी रकम को गिनने के लिए पुलिस को मशीनों का सहारा लेना पड़ा था। इसके अलावा 577 ग्राम स्मैक और 6 किलो गांजा भी बरामद किया गया था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई थी।? ?पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार राजेश मिश्रा पर एनडीपीएस और गैंगस्टर एक्ट सहित बीस गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, उसकी पत्नी रीना मिश्रा पर भी आठ मुकदमे दर्ज हैं। राजेश मिश्रा जेल में रहकर ही अपने परिवार के जरिए तस्करी का नेटवर्क संचालित कर रहा था। पुलिस ने छापेमारी के दौरान रीना मिश्रा, विनायक, कोमल, अजीत और यश मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। ?यह कार्रवाई ड्रग तस्करी को रोकने का सबसे कड़ा कानूनी हथियार माना जाता है। इसके तहत आदतन अपराधियों को समाज के लिए खतरा मानते हुए बिना जमानत के एक वर्ष तक जेल में निरुद्ध रखा जा सकता है। पुलिस के अनुसार नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्ति को कुर्क करने की प्रक्रिया भी पहले ही अमल में लाई जा चुकी है। नशे के सौदागरों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। संगठित गिरोह चलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## अपहरण कर हत्या का आरोपी व 50 हजार का इनामिया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले की कुण्डा कोतवाली थाने की पुलिस ने एक युवती का अपहरण कर उसकी हत्या के आरोप में वांछित पचास हजार के ईनामिया अभियुक्त सत्यम मिश्रा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ग्लेंजा कार भी बरामद किया है। बता दें कि थाना इलाके की एक महिला ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उसकी बेटी का चारपहिया वाहन से अपहरण कर हत्या कर दी गई है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के नेतृत्व में कुण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पचास हजार रुपये के ईनामिया अभियुक्त सत्यम पुत्र दिनेश चन्द्र को कुण्डा थाना इलाके के दुखिया चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त सत्यम मिश्रा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन ( ग्लेंजा कार )भी बरामद किया जिसे मोटर वाहन अधिनियम के तहत पुलिस ने सीज कर दिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जल जीवन मिशन कार्य अनियमितता का आरोप

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज



पनियरा विकासखंड के ग्राम पंचायत महुअवा शुक्ल में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था जेएमसी पर पाइपलाइन बिछाने में मनमानी और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया है।

ग्रामीण राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि कुछ समय पूर्व गांव की सड़क को तोड़कर पाइप डाले गए थे। बाद में सड़क का पुनर्निर्माण कराया गया, लेकिन अब दोबारा उसी सड़क को तोड़कर पाइप डाले जा रहे हैं। इससे गांव में आवागमन बाधित हो रहा है और लोगों को दैनिक कार्यों में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य कर रहा है। उनका कहना है कि पाइपलाइन बिछाने में कहीं एक फीट, कहीं डेढ़ फीट और कहीं दो फीट की गहराई रखी जा रही है, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है। उल्लेखनीय है कि महुअवा शुक्ल में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2 करोड़ 34 लाख 69 हजार रुपये की लागत से पानी की टंकी निर्माण एवं प्रत्येक घर तक जलापूर्ति के लिए भूमिगत पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है। हालांकि कार्य की गुणवत्ता को लेकर अब सवाल खड़े हो रहे हैं।

विरोध प्रदर्शन में अरुण कुमार सिंह, किशन शर्मा, सोनू कुमार, प्रदीप यादव, गुड्डू चौहान, विक्रम प्रसाद, जगबंस और प्रभाकर सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि पाइपलाइन मानक के अनुरूप निर्धारित गहराई पर ही डाली जाए, अन्यथा योजना समय से पूर्व ही विफल हो सकती है। इस संबंध में जल निगम के एई महेश चंद आजाद ने कहा कि वह मौके पर जाकर पूरे प्रकरण की जांच करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही कराया जाए।

## डीएम शिवसहाय अवस्थी ने जनपदवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जनपद में होली पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील करते हुए डीएम शिव सहाय अवस्थी ने जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों, उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है जिसे प्रेम, सद्भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। डीएम ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। किसी को जबरन रंग न लगाएं, कीचड़ या गंदगी किसी पर न फेंके तथा तेज आवाज में डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित ढंग से होली खेलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गौहत्या के मुकदमे में वांछित व 50 हजार का इनामिया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले की देल्हूपुर थाने की पुलिस व एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने गौहत्या के मुकमदे में वांछित व पचास हजार रुपये के ईनामिया अभियुक्त को थाना क्षेत्र अंतर्गत देल्हूपुर बस स्टैण्ड से रविवार को गिरफ्तार किया है। बता दें कि देल्हूपुर थाना इलाके के बरसंडा गांव निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर देते हुए बताया कि 16 जनवरी की रात उसके दरवाजे पर बंधी उसकी दो गायों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया। साथ ही पड़ोसी की गायें भी चोरी हुई हैं। खोजबीन के दौरान पुल के नीचे नदी के किनारे गायों से संबंधित कुछ अवशेष प्राप्त हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध गौहत्या निवारण अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। एसपी दीपक भूकर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्वेक्षण में देल्हूपुर पुलिस व एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर पचास हजार रुपये के ईनामिया अन्तर्जपदीय अभियुक्त मो. आमिर पुत्र कदीर को देल्हूपुर थाना इलाके में बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि बीते जनवरी महीने में 16 तारीख को वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ग्राम बरसण्डा में गायों को चुराकर उनका वध कर सिर काट कर नदी में फेंक कर मांस बेचने हेतु शरीर उठा ले गये थे। जिस पर हम लोगो के खिलाफ मुकदमा लिखा है मैं उक्त मुकदमें से बचने हेतु प्रयागराज जाने के लिये खडा था कि आप लोगो ने पकड़ लिया। गिरफ्तार ईनामिया अभियुक्त मो. आमिर पुत्र कदीर अहमद प्रयागराज जिले के बहरिया थाना इलाके के फजिलाबाद उर्फ कालुपुर का रहने वाला है जो वर्तमान में नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आधारगंज कस्बा लालगोपालगंज में रह रहा था। आमिर के खिलाफ प्रयागराज व प्रतापगढ़ में गोवध अधिनियम, चोरी, छेडखानी जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। एसओ राधेश्याम ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### भारत में एआई आधारित, अधिक सुरक्षित रिच मैसेजिंग अनुभव की शुरुआत

**आगरा।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों में से एक भारती एयरटेल और गूगल ने भारत में लाखों उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और प्रभावशाली मैसेजिंग अनुभव प्रदान करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। एयरटेल की नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग को एक साथ लाने से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं। वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरएक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्हें उन्नत सुरक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा जो मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी को काफी हद तक कम कर देता है।

पिछले डेढ़ वर्ष में, एयरटेल ने कॉल और मैसेज दोनों के माध्यम से ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्योग में पहली बार शुरू की गई, एआई-संचालित पहलों की एक श्रृंखला के जरिए स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ भारत की लड़ाई का नेतृत्व किया है। ग्राहकों की सुरक्षा के लिए अपने सिद्ध रिकॉर्ड को साबित करते हुए एयरटेल ने अब तक अपनी सभी नवाचारी स्पैम विरोधी पहलों के माध्यम से 71 अरब स्पैम कॉल और 2.9 अरब स्पैम एसएमएस ब्लॉक किए हैं।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले की देहात कोतवाली थाने की पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि थाना कोतवाली देहात इलाके के रहने वेले निशांक मोटरसाइकिल से थाना इलाके के पूरेमोहन गांव में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में गया था जहां उसने अपनी मोटरसाइकिल को समीप स्थित खाली स्थान पर खड़ा कर दिया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उसने देखा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को मोटरसाइकिल चोरी होने की तहरीर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी शिवनारायण वैस के कुशल पर्वेक्षण में थाना कोतवाली देहात की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमे से संबंधित दो अभियुक्तों अबू सुफियान और दानिश को थाना इलाके के श्वेता स्कूल के पीछे तिगुनाइतपुर के समीप गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकि बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि दोनों जो मोटरसाइकिल लिए हैं इसका कागज उनके पास नहीं है। इसे उन दोनों ने करीब दो-तीन हफ्ते पहले पूरेमोहन गांव में आर्केस्ट्रा प्रोग्राम से चोरी किया था। दोनों गाड़ी के चेचिस नंबर को रगड़कर मिटाने के बाद दूसरी नम्बर प्लेट लगा लिए है ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया।

### विश्व हिन्दू परिषद का प्रखंड प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**महोबा।** अजनर स्थित सुखानन्द उच्च माध्यमिक विद्यालय में विश्व हिन्दू परिषद, प्रखंड जैतपुर का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद के विभाग मंत्री चित्रकूट मंडल मयंक तिवारी, संगठन मंत्री चित्रकूट मंडल विकास, जिला गौरक्षा प्रमुख हर्ष परिहार तथा प्रखंड जैतपुर अध्यक्ष नरेश ने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन मंत्री विकास ने कहा कि समाज से कुरीतियों एवं छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने, गौरक्षा को सशक्त बनाने, मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा हिंदू समाज को संगठित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल और गौरक्षा दल के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों का संचालन करता है। मुख्य अतिथि के रूप में जिला संयोजक बजरंग दल विपिन भदौरिया ने युवाओं को जागरूक रहने और सामाजिक मुद्दों पर सजगता बरतने का आह्वान किया। वहीं विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज शिवहरे ने संगठन की पद्धति और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित।


## बीएनआई मेवरिक्स ने उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के सहयोग का प्रण लिया



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

द्यभारत और ग्लोबल स्तर के सबसे बड़े नेटवर्किंग ग्रुप बीएनआई की मेवरिक्स शाखा ने लखनऊ में सारे संगठनों के साथ होली का शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लखनऊ के दिग्गज व्यापारी और संगठनों ने परिवार के साथ रंगों और गुजिया का भरपूर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के बाद सभी व्यापारियों व संगठनों ने उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में सहयोग का प्रण लिया।

## पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों की 10 किमी क्रॉस कंट्री अनिवार्य परीक्षा संपन्न



**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले के पुलिस लाइन में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रिक्रूट आरक्षियों की 10 किमी. क्रॉस कंट्री अनिवार्य शारीरिक दक्षता परीक्षा का रविवार को आयोजन किया गया। जिसमें कुल 545 रिक्रूट आरक्षियों ने प्रतिभाग किया। यह अनिवार्य परीक्षा लोहंगपुर-बिहारगंज-सुखपालनगर बाईपास मार्ग पर आयोजित की गई। परीक्षा की महत्ता को देखते हुए पूरे मार्ग पर सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किए गए थे ताकि प्रशिक्षुओं को किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े। बता दें कि यह दौड़ नागरिक पुलिस सीधी भर्ती प्रक्रिया के प्रशिक्षण का एक निर्धारित मानक है, जिसे पास करना अनिवार्य है। एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय, अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी, सीओ सिटी शिवनारायण वैस, कौशांबी से क्षेत्राधिकारी एवं प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय की उपस्थिति में परीक्षा संपन्न हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। परीक्षा के दौरान संपूर्ण मार्ग पर सुरक्षा एवं यातायात के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए जिससे संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रिक्रूट आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण अवधि में अनुशासन, टीम भावना एवं उत्कृष्ट शारीरिक क्षमता बनाए रखने पर बल दिया गया।

## सड़क हादसे में बुझा घर का चिराग: पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले के रानीगंज थाना इलाके के जामताली-बीरापुर मार्ग पर शनिवार शाम एक तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से घायल बाइक सवार 20 वर्षीय युवक की प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक अपने मामा के घर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने आया था। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव निवासी ओम प्रकाश सिंह का पुत्र आर्यन सिंह ( 20 वर्ष ) शनिवार को अपने मामा गुलाब सिंह निवासी जामताली के यहां आया था। वह गांव में नवनिर्मित नर्वदेश्वर नाथ मंदिर में शिवलिंग प्राण-प्रतिष्ठा और शोभा यात्रा में सम्मिलित हुआ था। शाम को वह अपने साथी शिवम सिंह के साथ बाइक से जामताली बाजार गया था। ?बाजार से लौटते समय जामताली पंडितान गांव के गेट के पास सामने से आ रही अनियंत्रित पिकअप ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में शिवम का पैर टूट गया, वहीं आर्यन के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। ?सूचना पर पहुंची जामताली चौकी पुलिस ने घायल आर्यन को तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। देर रात प्रयागराज में इलाज के दौरान आर्यन की मौत हो गई। ?आर्यन तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा और होनहार था।

# युग के क्रान्तिकारी पुरोधा संत गाड्गे और संत रविदास के योगदान पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



रविवार को संत गाड़गे एवं संत रविदास कल्याण मिशन द्वारा संत गाड्गे और संत रविदास जयन्ती के उपलक्ष्य में पं. अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डा0 अमर नाथ बौद्ध ने कहा कि संत गाड्गे आर संत रविदास का जन्म ऐसे समय पर हुआ जब पूरा समाज सामाजिक कुरीतियों में जकड़ा हुआ था। उन्होने गाडगे की तुलना महामानव गौतम बुद्ध से करते हुये कहा कि गौतम बुद्ध की तरह संत गाडगे ने मानव कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। विशिष्ठ अतिथि जय सिंह, डॉ0 विनोद कुमार, शिवराम कनौजिया और बनवारी लाल कनौजिया, विश्राम राव ने कहा कि संत गाड्गे और संत रविदास जी ने घर-परिवार का मोह त्याग कर गरीबों, असहायों तथा पशु-पक्षियों की सेवा करते रहे तथा शिक्षा सफाई का सन्देश देते हुये अपना पूरा जीवन इन्हीं लोगों के बीच में लगाया।

विशिष्ट अतिथि डॉ.सी.एल. कनौजिया, डा.अरविन्द मौर्य और राम सुमिरन कन्नौजिया ने कहा कि संत गाडगे जी, संत रविदास जी एवं बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर ने दबे कुचले समाज को शिक्षित होकर संगठित होने तथा अधिकारों के लिए संघर्ष करने का संदेश दिया था। बुद्धि प्रकाश एवं मूलचन्द्र ने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर उच्च शिक्षा के द्वारा देश-विदेश में भागीदारी लेने पर जोर दिया तथा बौद्ध धर्म को अपनाने पर विशेष जोर दिया। अजय कन्नौजिया एवं आर.पी. कन्नौजिया ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि अपने वर्ग के लोग ही इस समाज को समुचित भागेदारी न देकर किनारे रखना चाहते हैं, जो बहुजन समाज की एकता के लिए प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। इन लोगों की मानसिकता को बदलना होगा। छोटे लाल सिद्धार्थ एवं सूर्य लाल वरूण ने कहा बाबा साहब अम्बेडकर और इन संतो के पद चिन्हों पर चलकर ही तरक्की कर सकता है। उमाशंकर बौद्ध ने कहा कि बस्ती शहर में स्थापित महापुरुषों की मूर्तियों का सम्मान सफाई व देखभाल ही सबसे पुनीत कर्तव्य है।

लक्ष्मी शशि बाला एवं राजेन्द्र कुमार कनौजिया ने महिलाओं और दबे, कुचले समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रयास करने एवं उनके बीच जाकर जागरूकता पैदा करने का आवाहन किया। प्रवीन कनौजिया ने कहा संत गाडगे एवं संत रविदास किसी स्कूल में नहीं पढ़े थे, परन्तु अशिक्षित व गरीबों को पढ़ाने के लिए तमाम शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करके उनको शिक्षित करने का भरपूर प्रयास किया। रामनरेन्द्र एवं तिलकराम गौतम ने कहा कि 70 वर्ष की आजादी के बाद आज भी समाज को समुचित भागेदारी नहीं दी जा रही है। संत गाडगे एवं संत रविदास जी गरीबों, असहायों, विधवाओं तथा पशु-पक्षियों की सेवाओं में लगे रहते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपूजन और संचालन विश्राम राव ने किया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को मनमोहन कन्नौजिया, आशाराम, रामनरेन्द्र, विजय प्रकाश, सूर्य लाल वरूण, छोटे लाल सिद्धार्थ, तिलक राम गौतम, कैलाश नाथ, प्रवीन कुमार कनौजिया, मनोज कुमार, राहुल राव, सन्तोष कुमार, एडवोकेट महेन्द्र कुमार गौतम, प्रशान्त कुमार, सुनील कुनौजिया, लक्ष्मण लाल, अजय कुमार, बुद्धि प्रकाश, राम पाल कनौजिया, राजेन्द्र कुमार, मोहन लाल, धर्मेन्द्र रत्न, रामू प्रसाद, प्रदीप कुमार भारती, माधव मुरारी लाल, सनोज कनौजिया, अर्जुन प्रसाद, अनिल कुमार कनौजिया, सीताराम भास्कर, अशोक कुमार, उमाशंकर बौद्ध, चन्द्र शेखर आदि ने सम्बोधित किया। बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बसपा की तैयारी बैठक में 15 मार्च को लखनऊ कूंच की बनी रणनीति



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

रविवार को बहुजन समाज पार्टी पिछड़ा वर्ग भाई चारा कमेटी की बैठक बस्ती सदर विधानसभा क्षेत्र के अरईल दीगर पट्टी गांव में बसपा विधानसभा महासचिव उमाशंकर राव के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में बसपा की नीतियों, कार्यक्रमों से लोगों को जोड़ने के साथ ही बड़ी संख्या में अन्य दल छोडकर आने वालों को बसपा का सदस्य बनाया गया।

मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग भाई चारा के जिला संयोजक के.सी. मौर्य और विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार एडवोकेट ने कहा कि आगामी 15 मार्च को बसपा संस्थापक मान्यवर कांशीराम के जन्म जयन्ती अवसर पर लखनऊ के कांशीराम स्मारक स्थल पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कहा है कि इसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रहे। इसी एकजुटता से बसपा के सरकार बनाने का संकल्प पूरा होगा। बैठक में पिछड़ा वर्ग के हितों के लिये बसपा द्वारा किये गये कार्यो पर चर्चा की गई। संचालन विधानसभा संयोजक गौड़ महेश चन्द्रवंशी ने किया। बसपा विधानसभा महासचिव उमाशंकर राव ने कहा कि बस्ती से बड़ी संख्या में 15 मार्च को लोग कांशीराम स्मारक स्थल पहुंचेंगे। बैठक में मुख्य रूप से रामलला गौड़, राजकिशोर मौर्य, राम किशन मौर्य, अगनू शर्मा, भैयाराम विश्वकर्मा, भालचंद मौर्य, राम आशीष मौर्य, बीरकुमार मौर्य, राम नरायन चौधरी, संदीप कुमार, सजनलाल, भोलानाथ, ओमनाथ, श्रीकेश, दीपक, सुनील कुमार, श्रवण कुमार के साथ ही बसपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सीएमएस जिला अस्पताल नही उठाते फोन बेपटरी होती स्वास्थ्य सेवांएं

## बेड के अभाव मे 'साधारण मरीजो 'को भेजा जा रहा लखनऊ



**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

सीएमएस जिला अस्पताल फोन नही उठा रहे है जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी होती जा रही है। आलम यह है कि अगर मरीज के जुखाम बुखार और पेट दर्द है और वह जिला अस्पताल में अपना उपचार करवाने आया है तो सबसे पहले इमरजेन्सी में तैनात स्टाफ उसका फस्ट टीटमेण्ट करता है अगर मरीज ठीक हो गया तब उसको घर जाने की सलाह इमरजेन्सी से मिल जाती है अगर मरीज ठीक नही हुआ तो उसको लखनऊ भेज दिया जाता है। दबी जुबान अस्पताल के ही जिम्मेदार कर्मचारियों ने कहा कि इस तरह का आदेश जिलाधिकारी द्वारा किया गया है। इसके पीछे कारण पूछने पर नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिला अस्पताल के बेड फुल चल रहे है। अभी गर्मी आने पर दिक्कते और बढ़ेगी। जिलाधिकारी निरीक्षण करने आये थे एक ही बेड पर दो दो मरीजों तथा कुछ मरीजो को जमीन में गददा डालकर लिटाकर उनका उपचार किया जा रहा था। जब मरीज का डिसचार्ज हो जाता था है तो जमीन पर लेटकर उपचार करवा रहे मरीजों को बेड पर लिटा दिया जाता है। निरीक्षण केदौरान जब जिलाधिकारी को पूरी जानकारी हुई तो उन्होने सख्त आदेश दिये कि एक बेड पर एक ही मरीज का उपचार होगा दूसरा मरीज उसी बेड पर भर्ती नही किया जा सकता और जमीन पर मरीज को लिटाकर किसी भी कीमत पर उपचार न किया जाये अगर दिक्कत है तो मरीजों फस्ट टीटमेण्ट दिया जाये अगर फायदा नही हो रहा है तो मरीज को लखनऊ रेफर कर दो। इस सम्बन्ध में जब जिला अस्पताल में सीएमएस से बात करने के लिये उनके सीयूजी नम्बर पर फोन मिलाया गया तो उनका फोन नही उठा इस कारण सीएमएस का पक्ष नही जाना जा सका।

### निजी अस्पतालों की हो रही चांदी

जिला अस्पताल की इस कार्यप्रणाली से निजी अस्पतालो की चांदी हो रही है।

जब कोई मरीज जिला अस्पताल जाता है और फस्ट टीटमेण्ट के बाद वह ठीक नही होता है तो उसको सीधे लखनऊ रेफर किया जाता है। जिससे मरीज लखनऊ न जाकर प्राइवेट अस्पतालों और झोला छाप डाक्टरों की शरण जाकर अपना उपचार करवाता है। जिससे झोलाछाप डाक्टरों की इस समय चांदी ही चांदी है।

# ईरान सुप्रीम लीडर की शहादत पर सीतापुर से कड़ी प्रतिक्रिया दी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की शहादत की खबर से पूरी दुनिया समेत सीतापुर जिले के एकेडमिक, धार्मिक और लिटरेरी सर्कल में दुख की लहर दौड़ गई है। इस दुखद घटना पर जमीयत उलेमा-ए-हिंद के जिला प्रेसिडेंट और मशहूर शायर मस्त हफीज रहमानी ने अपने स्टेटमेंट में इस कायरतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है और इसे इंटरनेशनल कानूनों का साफ उल्लंघन बताया है। अपना गुस्सा और दुख जाहिर करते हुए मस्त हफीज रहमानी ने कहा कि शांति और इबादत का पैगाम देने वाले रमजान के पवित्र महीने में अमेरिका और इजराइल का यह हमला उनके क्रूर और कायराना चेहरे को दिखाता है। किसी देश के ताकतवर नेता को निशाना बनाना न सिर्फ उस देश की आजादी पर हमला है, बल्कि पूरी इंसानियत और दुनिया की स्थिरता को खतरे में डालने जैसा है। हम इस वहशी हरकत की निंदा करते हैं और इसे दुनिया की शांति के ताबूत में आखिरी कील मानते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ एक नेता की शहादत नहीं है, बल्कि ज्ञान, समझदारी और एक सोच को चुप कराने की नाकाम कोशिश है। इजराइल और अमेरिका की यह जिद दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की ओर धकेल रही है। मस्त हफीज रहमानी ने आगे कहा कि युद्ध समस्याओं का हल नहीं बल्कि तबाही का रास्ता है। हम मांग करते हैं कि इस खून-खराबे और क्रूरता को तुरंत रोका जाए। उन्होंने भारत सरकार और इस्लामिक देशों समेत सभी शांति पसंद देशों से दखल देने की जोरदार अपील की है। इस मौके पर मस्त हफीज रहमानी ने इस्लामिक दुनिया की चुप्पी पर सवाल उठाया और इस्लामिक अपील करते हुए कहा कि सभी शांति पसंद और मुस्लिम देशों को एकजुट होकर इस हमले के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए और डिप्लोमैटिक लेवल पर कड़े कदम उठाने चाहिए।



# उज्जवला योजना तहत नि :शुल्क बट रहे गैस सिलेण्डर




**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 02 निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में माह अक्टूबर 2025 से दिसम्बर 2025 तक लाभार्थियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल प्रदान की गई है। वर्तमान में. द्वितीय चरण में जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक निशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान की जा रहा है। मा0 मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं द्वारा प्रयोग किए जाने वाले अशुद्ध जीवाश्म ईंधन के प्रयोग से वातावरण में उत्पन्न होने वाली अशुद्ध वायु और प्रदूषण को रोकना एवं उनसे महिलाओं में उत्पन्न होने वाली बीमारियों को रोककर महिला सशक्तीकरण का बढ़ावा देना है। सरकार की सभी योजनाएं लोक कल्याण एवं गरीबों के हित में हैं। सभी योजनाएं धरातल पर स्पष्ट रूप क्रियान्वित हो रही है, जिनका सीधा लाभ लाभार्थियों को प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत प्रदेश सरकार के द्वारा दीपावली एवं होली पर्व पर लाभार्थियों को दो सिलेण्डर रिफिल निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है, जिसके द्वितीय चरण निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में किया गया है, जिसके अन्तर्गत जनपद के सभी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों जिनके बैंक खाते आधार लिंक है तथा आधार प्रमाणित है, को उक्त योजना के अन्तर्गत निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध कराये जायेंगे।

# युवाओं के मार्गदर्शन के लिये सम्पन्न हुई गोष्ठी



**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

द ड्रीम पब्लिक स्कूल कमलापुर में अखण्ड युवा छात्र सभा एवं हिंदू युवा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के मार्गदर्शन हेतु एक प्रेरक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने की तथा संचालन ललित सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सरोज तिवारी उपस्थित रहे। साथ ही मनोज तिवारी, बृजेश मिश्र, पवन उपाध्याय, ज्ञानेंद्र, संजय शुक्ला (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केकेसी) एवं चाणक्य सिंह चैहान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को संविधानिक मूल्यों, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। राकेश श्रीवास्तव ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की शक्ति बताते हुए संगठनात्मक एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार शुक्ल को हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एमएलसी ने किया होली मिलन समारोह

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** एमएलसी पवन सिंह चैहान ने एस आर ग्रुप आफ इन्टीटयूशन्स विवेकानन्द सभागार एस आर परिसर बीकेटी लखनऊ में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें एमएलसी पवन सिंह चैहान द्वारा जनपद सीतापुर के पत्रकार साथियों को आमंत्रित किया गया था। होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे समस्त पत्रकार साथियों को एमएलसी द्वारा सम्मानित किया गया व पत्रकार साथियों को सपरिवार रंगो के पावन पर्व होली की बधाई दी गई। उक्त अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाये लेकिन अपने बच्चों को गाढ़े पेंटदार व जो त्वाजा को नुकसान पहुंचाये उनसे दूर रखे और गुलाल तथा फूलो से होली खेलने के लिये बच्चों को प्रोरित करें। जिससे बच्चों की त्वाजा पर बुरा असर न पड़े पेटदार रंग स्वास्थ्य के लिये बहुंत हानिकारक होते है। उक्त अवसर पर भारी मात्रा में जनपद के पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### नि :शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल और मैक्स हास्पिटल लखनऊ के सहयोग से निरूशुल्क परामर्श व जांच शिविर का आयोजन सेठ बृज किशोर सम्पत्ति ट्रस्ट में किया गया जिसमें मैक्स हास्पिटल के प्रख्यात कार्डियक सर्जन डा0 विजयन्त देवनराज, डा0 उत्तम कुमार (फिजीशियन) के द्वारा हृदय रोग के साथ अन्य समस्याओं व, शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच निरूशुल्क की गयी! ये आयोजन सम्पत्ति ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री शोभित टण्डन जी, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष श्री भगवती गुप्ता जी व मैक्स हास्पिटल के प्रतिनिधि जितेन्द्र शुक्ल के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ!

### होली पर्व पर उमड़ी भीड़ ध्वस्थ हुए नियम

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** होली के पर्व में बाजार में अचानक से खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे सभी नियम कानून ध्वस्थ हो गये और अतिक्रमण अभियान भी इस मौके पर पूरी तरह से फेल रहा भीड़ को देखते हुए व्यापारियों ने दुकान से लेकर सड़के फुटपाथ और सड़क तक अतिक्रमण कर बिक्री की। उमड़ी भीड़ को लेकर टीआई उनके उनका अधीनस्थ लगातार जाम की स्थित न बने वह प्रयास करते रहे इस प्रयास में टीआई और उनकी टीम पसीने से तर बदर हो गई। हलांकि टीआई की मेहनत रंग लाई और बाजार में ज्यादा जाम नही दिखाई दी। क्योकि टीआई फरीद ने कुछ ऐसा ही सिस्टम बना रखा था लेकिन होली के पर्व पर पड़ाव पर पानी के टंकी के बगल राम जी रस्तोगी की भैया जी सुपर सिलेक्शन के नाम वाले शो रूम ने हद कर दी। उसने सड़क के फुटपाथ तक कब्जा और जिम्मेदार अफसर इस तरह के अस्थाई अतिक्रमण को नजरंदाज करते रहे।

### सीतापुर से चल रहा था फर्जी फर्म बनाकर बेंचलने का सिलसिला

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जांच में जब इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ तो हड़कंप मच गया। विभाग के एक अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी, जिसके बाद गिरोह का पर्दाफाश हुआ।जीएसटी में खेल के लिए बोगस फर्म बनाकर बेचने वाले आरोपियों ने बताया कि वह लोगों को नौकरी लगवाने का लालच देकर उनके दस्तावेज हथिया लेते थे। फिर उन्हीं के नाम की बोगस फर्म बनाकर अन्य लोगों को बेचते थे। इसी कमाई से ही लाखों रुपये के जेवर व कार आदि खरीदीं। सीओ सिटी ने बताया कि बदमाशों ने 19 राज्यों में 1221 फर्मों को बनाकर बेचा है। अब तक की जांच में उत्तर प्रदेश में 303, दिल्ली में 348, हरियाणा में 144, बिहार में बेची गई 86 बोगस फर्मों की बात सामने आई है। एक फर्म को बनाकर बेचने पर करीब 30 हजार रुपये तक का फायदा मिलता था। वह ग्राहकों की मांग के अनुसार फर्म बनाने का काम करते थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल की जान बचाने वाले को मिलेगा सम्मान

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



जनपद में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता के रूप में लेते हुए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए यह निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चिह्नित स्थलों एवं मुख्य चैराहों पर सड़क सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबंध किए जाए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि राहवीर योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाये। इसके लिये मुख्य स्थानों, सभी सी0एच0सी0, राष्ट्रीय राज मार्गो एवं दुर्घटना बाहुल्य स्थानों पर होर्डिंग लगवायी जायें। सड़क दुर्घटना के दौरान घायल की जान बचाने वाले गुड सैमेरिटन को चिन्हित करते हुये राहवीर योजना के अन्तर्गत सम्मानित किये जाने के साथ शासन द्वारा अनुमन्य राशि भी वितरित की जाये।? ?एन0एच0ए0आई0 के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जंक्शन सुधार हेतु समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

उन्होंने पुलिस, लोक निर्माण, विद्युत, परिवहन तथा अन्य विभागों को आपसी सहयोग से कार्य करने को कहा।जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि डेथ ऑडिट के कार्यो निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराया जाए और सभी विभागों के अधिकारी डेथ ऑडिट के समय उपस्थित रहे। डेथ ऑडिट में इस बात का विवरण भी देखा जाए कि उस स्थान पर गत 1 वर्ष में घटनाएं बार-बार तो नहीं हो रही है। यदि ऐसा पाया जाए तो उसे स्थान को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित करते हुए सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि चिन्हित सड़कों के चैड़ीकरण एवं चैराहों के सुधार हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करें।बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग रीमा सोनकर, मिथलेश वर्मा, राघवेन्द्र सिंह सहित सड़क सुरक्षा के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दधीचि कुंड पर भव्य सन्यासी पूजन सम्पन्न

## देशभर से पहुंचे श्रद्धालु गूंजे वैदिक मंत्र और जयघोष

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



तीर्थ नगरी नैमिष क्षेत्र स्थित पावन स्थल दधीचि कुंड पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्यासी पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। प्रातःकाल से ही कुंड परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दूर-दराज के क्षेत्रों से आए भक्तों ने पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजन-अर्चन किया और संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ दधीचि कुंड के प्रधान पुजारी राहुल शर्मा द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन एवं महाआरती के साथ किया गया। शंखध्वनि, घंटानाद और वैदिक ऋचाओं की गूंज से समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रधान पुजारी ने बताया कि सन्यासी पूजन की यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति और संत परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है।पूजन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित अन्य कई प्रांतों से आए यजमानों ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन कर डंडी सन्यासियों का अभिनंदन किया। स्थानीय गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों एवं समिति के पदाधिकारियों द्वारा ंत-महात्माओं को अंगवस्त्र, प्रसाद और दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जलपान, बैठने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया। सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चैबंद रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सन्यासी पूजन के इस पावन अवसर पर 'हर-हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के जयघोष से दधीचि कुंड परिसर गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह और संतों का सान्निध्य इस आयोजन को और अधिक दिव्य एवं अविस्मरणीय बना गया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले वर्षो में भी इसी प्रकार भव्य रूप से सन्यासी पूजन का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि धार्मिक परंपराओं का संरक्षण और संवर्धन होता

# पंचकोसीय परिक्रमा के दौरान पांच दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



धार्मिक आस्था और सेवा भावना के पावन अवसर पर महर्षि दधीचि जनकल्याण सेवार्थ सनातन धर्म सेवा रजि. द्वारा मिश्रिख में आयोजित प्रथम पंचकोसीय परिक्रमा के अवसर पर लगातार पांच दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा परिक्रमा मार्ग स्थित ज्ञान सागर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए संचालित हो रहा है। पंचकोसीय परिक्रमा में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से सेवा कार्य किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष अपूर्व पांडेय (वरिष्ठ पत्रकार, मिश्रिख) ने बताया कि परिक्रमा में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सेवा करना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस पुनीत कार्य में आशीष मोहन मिश्रा, पत्रकार कौशलेंद्र त्रिपाठी, लालता यादव, नीरज यादव (पत्रकार), विशाल मिश्रा, विवेक सिंह चैहान, अश्वनी मिश्रा, श्यामा मौर्य, अरविंद पांडेय सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। भंडारे में श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल एवं स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई है। परिक्रमा मार्ग पर सेवा कार्यो को देखकर श्रद्धालुओं ने समिति की सराहना की और आयोजकों को साधुवाद दिया। धार्मिक आस्था, सेवा और सहयोग की भावना से परिपूर्ण यह आयोजन पंचकोसीय परिक्रमा में श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वही सिधौली रोड क्रासिंग पर प्रदीप सिंह, राजेश्वरी स्कूल के पास सोनू सागर, चन्दूपुर में महर्षि दधीचि आश्रम की तरफ से शिवसागर यादव विशाल भंडारे किये जा रहे है।

# केनरा बैंक मे पीओ पद पर तथा एस बी आई मे लिपिक वर्ग मे हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

नगर क्षेत्र के मोहल्ला अर्जुनपुर निवासी महान शिक्षाविद दिवंगत मिश्रीलाल मिश्र उर्फ गुरु जी के पौत्र तथा प्रधान अध्यापक अरविंद विश्व के एकमात्र पुत्र श्रेयांश ने केनरा बैंक के पीओ पद पर तथा एस बी आई मे लिपिक के पद पर एक साथ चयनित होकर नगर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विदित हो कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में चार दशको तक परीक्षा प्रभारी रहे तथा दो दशको तक सुमित्रा इंका के प्रधानाचार्य रहे प्रसार अध्यापक मिश्रीलाल मिश्र के सुपौत्र है श्रेयांश मिश्र। श्रेयांश के घर पर परिवार में काफी खुशी का माहौल है तथा श्रेयांस ने सफलता का श्रेय अपने माता- पिता लखनऊ विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर अर्जिता मिश्रा ताऊ डी जे कालेज प्रवक्ता प्रभात मिश्र परिवार जनो तथा गुरु जनो को दिया है।माता आराधना मिश्रा बहन अनन्या मिश्रा ने काफी हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि श्रेयांश के भगीरथी स्वध्याय एंव घर पर पिता की देखभाल करते हुए दोनों सफलताएं एक साथ अर्जित की।

# दिव्यांग किशोरी से दरिंदगी, पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी को लगी गोली, दूसरे की तलाश







जन एक्सप्रेस। सुनहरा/अख्तर अली

**लखीमपुर/निघासन खीरी।** सिंगाही क्षेत्र में दो युवकों ने शनिवार की रात दिव्यांग किशोरी से दुष्कर्म किया। घटना से इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने देर रात मुठभेड़ के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।उसके पैर में गोली लगी है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।जानकारी के मुताबिक किशोरी अपने रिश्तेदार के घर एक पारिवारिक कार्यक्रम में आई हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान दो युवक उसे बहला-फुसलाकर पास के खेत में ले गए, जहां उससे दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को बताया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।घटना की जानकारी मिलते ही एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। उपजिलाधिकारी राजीव निगम, थाना प्रभारी सिंगाही, निघासन कोतवाल महेशचंद्र तथा तिकुनिया व बेलरायां पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी गई। एक आरोपी जावेद को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे पुलिस अभिरक्षा में निघासन सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है। गांव में तनाव को देखते हुए कई थानों की पुलिस तैनात हैं।सुबह मौके पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकताओ व परिजनों ने क्लेशहरण चौराहे को जाम कर आरोपियों की गिरफ्तारी सहित उनके घरों पर बुलडोजर चलवाने की मांग करने लगे मौके पर पहुंचे एसडीएम राजीव निगम व तहसीलदार दिव्यांशु शाही सीओ शिवम कुमार ने काफी देर की बातचीत के बाद दो दिनों के अंदर दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी व आरोपियों के घरों पर बुलडोजर कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजनों व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। इस दौरान काफी देर तक चौराहे पर हंगामा होता रहा।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लखीमपुर खीरी-द्वद्य द्वारा ग्राम-मटेही में नि :शुल्क 'पशु चिकित्सा शिविर' का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर पशुचिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने, पशुधन के स्वास्थ्य स्तर को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 28 फरवरी 2026 को 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के कार्यक्षेत्र अंतर्गत 'बी' समवाय के,्हक्र ग्राम मटेही, जनपद बहराइच में निःशुल्क पशुचिकित्सा शिविर (ड्डष्ट) का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन किया गया ।उक्त पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन श्री मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी, 70वीं वाहिनी के कुशल दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया । शिविर में डॉ. जयप्रकाश कुमार, पशुचिकित्सा अधिकारी, महिपुरवा (बहराइच) द्वारा अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित रहकर पशुओं की गहन स्वास्थ्य जाँच, उपचार एवं परामर्श सेवाएँ प्रदान की गई।शिविर के दौरान क्षेत्रीय पशुपालकों के दुधारू पशु, गाय-भैंस, बकरी आदि का परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर कुल 162 पशुओं का उपचार किया गया, जिससे 29 पशुपालक परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ। पशुपालकों में शिविर को लेकर विशेष उत्साह देखा गया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार, स्वच्छता, मौसमी रोगों से बचाव एवं पशुपालन से आयवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर 02 प्रेरणात्मक एवं जागरूकता वार्ताओं का आयोजन किया गया। इन वार्ताओं के माध्यम से ग्रामीणों को वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे पशुधन की उत्पादकता बढ़ सके और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो।शिविर में उपस्थित सशस्त्र सीमा बल के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि 70वीं वाहिनी न केवल सीमाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। ग्रामीणों एवं पशुपालकों द्वारा 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के इस जनहितकारी प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की गई। उल्लेखनीय है कि 70वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कार्यवाही कार्यक्रमों के अंतर्गत समय-समय पर पशुचिकित्सा शिविर, तस्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ विश्वास, सहयोग एवं सद्भावना का वातावरण सुदृढ़ हो रहा।

# आखिर कहां गए कालीचरण 17 दिन बाद भी पुलिस के साथ खाली

**लापता काली चरण के परिजनों ने सैंकड़ो लोगो के साथ किया भाजपा नेता के आवास का घेराव**

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



सत्रह दिन से लापता कालीचरन के परिजनों ने सैकड़ों ग्रामीणों संग़ पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर के आवास का घेराव,किया और भाजपा नेता से हस्तक्षेप करने की मांग की साथ ही मैगलगंज पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए।

गौरतलब है कि मैगलगंज थाना क्षेत्र के जहाननगर निवासी कालीचरन बारह फ़रवरी से लापता है पुलिस की कार्यशैली से नाराज़ परिजनो ने गांव के सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों के साथ पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर के आवास का घेराव कर न्याय की मांग की।

परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के बेहद गंभीर आरोप लगाए और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। सांसद ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों से बात करने की बात कही।

परिजनों ने पूर्व सांसद से प्रदेश के मुखिया से मुलाकात कराने की गुहार लगाते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच के लिए उन्हें सीधे मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर दिलाया जाए। वहीं परिजनों ने गांव के ही एक सिख परिवार पर कालीचरण को गायब करने का आरोप लगाया इससे पहले कालीचरण के परिजन सैकड़ो लोगों के साथ कोतवाली मैगलगंज का भी घिराव कर चुके हैं वही मैगलगंज पुलिस द्वारा डॉग स्क्वाड टीम बुलाकर कालीचरण की तलाश को तेज किया गया है

इस विषय पर जब इंस्पेक्टर मैगलगंज इंद्रजीत सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया की दो बार डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया है और जहां कालीचरण का ज्यादा आना-जाना था जहां परिजनों ने बताया हर जगह पर डॉग स्क्वायड द्वारा तलाश किया गया है तलाशी के सारे उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा है जो भी पुलिस के पास मौजूद है उम्मीद है जल्द ही कालीचरण को बरामद कर लिया जाएगा।

# राइजिंग पंजाबी सिंगर प्रीत की नई एलबम मार्च में होगी रिलीज

जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी




पंजाबी गीतों के राइजिंग सिंगर प्रीत सिंह आज पंजाबी गीतो में अपनी एक खास पहचान बना चुके हैं। सिंह अपने पंजाबी गीतो से यूपी से लेकर पंजाब तक धूम मचाएं है।

प्रीत सिंह कहते हैं कि उनकी आवाज लोगों के बीच सुर्खियां बटोर रही है। फैंस भी उनके गानों के रिलीज का बेसब्री से इंतजार करते हैं। लखीमपुर जिले के गोला विधानसभा के एक छोटे से गांव सुभाषनगर में जन्मे प्रीत सिंह सन् 2022 से पंजाबी गीत गा रहे हैं।

सिंह का जन्म एक सामान्य सिक्ख परिवार में हुआ है। उन्होंने कड़ी मेहनत और संघर्ष के साथ पंजाबी सिंगिंग में अपने करियर की शुरुआत की किंतु अपनी काबिलियत के दम पर पंजाबी गीतो में अलग पहचान बना डाली।

प्रीत सिंह बताते हैं कि उन्होंने कई पंजाबी गीत गाए हैं। उनका पहला पंजाबी गीत 'यारियां' 13 जनवरी 26 को रिलीज हुआ था। इसके लिए फैंस ने उन पर खूब प्यार लुटाया है। इसके अलावा श्री सिंह सोसल प्लेटफार्म पर भी अपने पंजाबी गीतों के लिए चर्चित हैं।इसी बीच अब प्रीत सिंह की एक नई पंजाबी एल्बम 'बेड बॉय '6 मार्च को उनके आफीशियल युटुब चैनल 'श्चह्द्गद्गह्लह्यद्बठ्ठद्द्ध-ह्यड्डद्बठ्ठद्ध07' पर रिलीज हो रही है। जिसका उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस एल्बम के निर्माता एवं निर्देशक ब्रार व लेखक फतेह सिंह हैं।

# मारपीट कर रुपया छीन लेने का आरोप

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

कोतवाली के अमीर नगर चौकी क्षेत्र में कुंभी चीनी मिल में होली के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में कैटरिंग का काम कर वापस लौट रहे कैफे के संचालक और सहयोगी ने मारपीट कर रुपया छीन लेने का आरोप लगाया है मामले में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पीड़ितों के साथ कोतवाली पहुंचकर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है पुलिस मामले में जांच करते हुए सीसी फुटेज के साक्ष्य पर कुछ आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार कस्बा बाजार गंज निवासी राज अग्निहोत्री मोहम्मदी बस स्टैंड के पास एक कैफे चलाता है उसके यहां पार्टी करने आए कुछ लोगों द्वारा शराब पीने का विरोध किया था जिसकी खुन्नस को लेकर शनिवार को कुंभी चीनी मिल में आयोजित कार्यक्रम के समाप्त होने पर पिकअप से बचा सामान लेकर रात 11 बजे करीब वापस मोहम्मदी लौटते समय अमीर नगर के पास एक गाड़ी में सवार लोगों ने घात लगाकर ओवरटेक कर गाड़ी लगा दी और वाहन से खींचकर अपनी गाड़ी में डाल लिया और दोनो की बेल्टों से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था रविवार को कार्रवाई के लिए विधायक और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला के साथ पहुंचकर पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। सीओ अरुण कुमार सिंह के अनुसार मारपीट की घटना हुई है रुपया छीन लेने का आरोप संदिग्ध लग रहा है मामले में सीसीटीवी फुटेज के साक्ष्य पर आरोपियों को तलाश में पुलिस टीमें लगाई गई है।

# नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता के जनपद में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत, अभिनंदन एवं बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महामंत्री मिथिलेश मिश्रा .किसान मोर्चा के जिला महामंत्री बड़े भाई श्री धर्मेंद्र सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत पाल मोंटी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएचसी का सीएमओ ने को औचक निरीक्षण किया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** राजमार्ग स्थित सीएचसी का सीएमओ ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। इमरजेंसी, महिला वार्ड, फार्मेसी तथा परिसर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सीएचसी में मरीजों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके कड़े निर्देश दिए।

कस्बा स्थित सीएचसी का सीएमओ डॉ सत्य प्रकाश ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार से फार्मेसी में उपलब्ध दवाओं आदि की जानकारी दी। उन्होंने पीने के पानी, साफ सफाई व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। सीएचसी में भर्ती मरीजों और तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों को सीएचसी में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसके लिए डॉ जितेंद्र सिंह को कड़े निर्देश दिए। महिला वार्ड में भर्ती प्रसूता से इलाज की जानकारी ली। स्वास्थ्य कर्मियों को साफ सफाई व्यवस्था और मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद ने असहाय परिवार के बच्चो में होली खेलने के लिए गुलाल रंग व पिचकारी वितरण किया

**होली के उत्साह में निर्धन बच्चों को अनदेखा न करें**

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उन्नाव के विभिन्न झोपड पट्टी राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद अध्यक्ष अंकित शुक्ल ने गरीब बस्तियों में रहने वाले बच्चों को एकत्रित किया और उन्हें होली के रंग, पिचकारी व अन्य सामग्री वितरित की। बच्चे होली के रंग और पिचकारियां पाकर खुश हुए तो उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी खुशी साफ झलक रही थी। अध्यक्ष अंकित शुक्ल ने बताया अब इन गरीब परिवारों के बच्चे भी औरों की तरह होली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना सकेंगे वे अपने साथ होली पर्व मनाने के लिए आवश्यक सामग्री साथ लेकर गए। तत्पश्चात गरीब बच्चों को बुलाया। उन्होंने बच्चों को न केवल रंग गरीब बच्चों को बांटे रंग और पिचकारी गुलाल, पिचकारी वितरित की, बल्कि उन्हें पापड व मिठाई के डिब्बे भी दिए। ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी होली के पर्व का भरपूर आनंद ले सकें। औरों की तरह होली के रंगों में सराबोर हो सके संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने कहा कि हम जब ऐसे बच्चे जिनके लिए यह त्योहार आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उत्साह पूर्वक मनाना दूर की कोड़ी साबित होता है उन्हें अगर हम खुशियां दे पाए तो मन प्रसन्नता से भर जाता है। अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया ऐसे परिवार के साथ हम हर समय सहयोग के लिए कों से कधां मिलकर खडे रहते और पैसे व रोजगार भी देते है। हम सब लोग जाति भेदभाव को दूर रख कर एक दूसरे का साथ देकर त्यौहार मनाने में सहयोग करना चाहिए अंकित ने कहा हम इनके बच्चो निःशुल्क शिक्षा भी देते है जिससे आने वाले समय में जातिवाद खत्म करके एक दूसरे का दर्द महसूस कर सकें क्योकि इस व्यक्त की राजनीति ने सब जातिवाद में बाट कर लडाई कर रही है इस दौरान संस्था के संरक्षक ए के दीक्षित सदस्य अखिल रावत शिवम, पवन, सत्यम, राहुल अनिल रामनरेश वर्मा कमल नारायण मिश्रा आदि लोग शामिल रहे।

# बिठूर स्थित मातृछाया गुरुकुलम् में सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार का भव्य आयोजन





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। बिठूर स्थित मातृछाया गुरुकुलम् में आज सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 2000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन रोहित मिश्रा एवं सह-संस्थापक शिल्पा मिश्रा जी के सानिध्य में समस्त आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान भव्य आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा।

मातृछाया गुरुकुलम् में कुल 35 बच्चों का यज्ञोपवित संस्कार विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। यह पावन संस्कार पूज्य आचार्य श्री रविशंकर किंकर जी महाराज के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में राधा रानी एवं श्रीकृष्ण जी के साथ सभी श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली, जिससे परिसर आनंद और उल्लास से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में लगभग 2000 से अधिक लोग उपस्थित रहे। साथ ही श्री सुमित छाबड़ा जी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर चेयरमैन रोहित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि 'यज्ञोपवित संस्कार केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह बच्चों के जीवन में अनुशासन, संस्कार और कर्तव्यबोध का प्रारंभ है। मातृछाया गुरुकुलम् सदैव भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। समूचा आयोजन अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हो गया।

**घाटमपुर की बीसी सखी रक्षा ने पेश की महिला स्वावलंबन की मिसाल**

# मिशन 118 के तहत लिखी कामयाबी की इबारत, लखनऊ में दो बार सम्मानित होकर बढ़ाया जिले का मान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

महिला सशक्तिकरण और डिजिटल बैंकिंग के दौर में उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाएं अब सिर्फ घर की दहलीज तक सीमित नहीं हैं। घाटमपुर ब्लॉक के छोटे से गांव हथेरूवा की रहने वाली रक्षा तिवारी ने अपनी मेहनत और जज्बे से इस बात को साबित कर दिखाया है। आज रक्षा न केवल अपने गांव बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक कामयाब 'बीसी सखी' (बैंकिंग कोरेस्पोंडेंट सखी) के रूप में पहचान बना चुकी हैं। रक्षा तिवारी की कामयाबी की सबसे बड़ी कड़ी सरकार का 'मिशन 118' रहा। इस अभियान के तहत उन्होंने बैंकिंग सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया। उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ काम करते हुए 118 से अधिक जनधन खाते खोले। सिर्फ खाता खोलना ही नहीं, बल्कि उन्होंने ग्रामीणों को भविष्य के प्रति सुरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से भी जोड़ा। उनकी इसी कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए उन्हें लखनऊ में दो बार सम्मानित किया जा चुका है।

## हर महीने खोल लेती हैं 25 से ज़्यादा खाते

जहाँ आज के दौर में रोजगार एक बड़ी चुनौती है, वहीं रक्षा तिवारी ने बीसी सखी के काम को एक प्रोफेशनल बिजनेस मॉडल बना दिया है। अपनी बेहतर सर्विस और लोगों के भरोसे के दम पर वह आज हर साल एक लाख रुपये से ज्यादा की कमाई कर रही हैं। यह आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्र की किसी भी महिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। रक्षा बताती हैं कि बैंकिंग सखी के रूप में ट्रांजेक्शन और अन्य सेवाओं के माध्यम से होने वाली आय ने उनकी आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है।

## पति का साथ और बच्चों का सुनहरा भविष्य

रक्षा की इस सफलता के पीछे उनके पति का निरंतर सहयोग रहा है। परिवार के समर्थन ने उनके हौसलों को टूटने नहीं दिया। आज अपनी इसी कमाई के दम पर वह अपने दोनों बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा दिला पा रही हैं। उनकी बेटी समृद्धि तिवारी कक्षा 6 में और बेटा प्रभात तिवारी कक्षा 5 में पढ़ रहा है। रक्षा का कहना है कि सरकार की इस योजना ने मुझे न केवल आर्थिक आजादी दी, बल्कि समाज में एक सम्मानजनक पहचान भी दिलाई है।

## गांव वालों के लिए बनीं 'चलता-फिरता बैंक

घाटमपुर के लोगों के लिए अब बैंक जाना मजबूरी नहीं रहा। बुजुर्गों की पेंशन हो या किसानों की सम्मान निधि, रक्षा तिवारी घर-घर जाकर बैंकिंग सुविधाएं मुहैया करा रही हैं। उनकी कहानी आज ब्लॉक की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है कि कैसे एक छोटे से गांव से निकलकर भी आसमान छूआ जा सकता है।

# चोरी की दो घटनाओं का खुलासा

**दो आरोपी गिरफ्तार, जेवरात और नकदी बरामद**

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

कोतवाली सदर पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए जेवरात और नकदी बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय राहत अली पुत्र स्व. कमरुद्दीन, निवासी मोहल्ला इस्लामनगर गौटैय्याबाग, और 19 वर्षीय फरदीन पुत्र अशफाक, निवासी गौटैय्याबाग, थाना कोतवाली सदर के रूप में हुई है। ये गिरफ्तारियां मुकदमा अपराध संख्या 0045/2026 और 0146/2026 से संबंधित मामलों में की गई हैं।तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी सुई-धागा, एक हाय और 8 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव कुमार और उपनिरीक्षक उमाशंकर शामिल थे। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों से पूछताछ कर अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# होलिका दहन स्थलों पर पालिकाध्यक्ष ने डलवाई लकड़ियां

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

दिनांक 01मार्च 2026 को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ने नगर के सभी होलिका दहन स्थलों को पालिका कर्मचारियों के साथ निरीक्षण कर पालिका कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि,' होलिका दहन स्थलों की साफ-सफाई ,प्रकाश के साथ होलिका दहन के लिए लकडियों की व्यवस्था पिछड़े साल की भांति की जाए।

इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, रविन्द्र कटियार, सफाई नायक संजय कुमार, दिलीप कुमार, राहुल बाल्मीकि, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुडुचेरी को 2700 करोड़ की बड़ी सौगात

## प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और डीएमके शासन पर साधा निशाना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुडुचेरी**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी।

### बेस्ट पुडुचेरी विजन पर जोर

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने बेस्ट पुडुचेरी' का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं।

### इंफ्रास्ट्रक्चर को रिकॉर्ड बजट

पीएम मोदी ने कहा कि देशभर में उच्च गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुडुचेरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत विशेष सहायता दी गई है, जो पहले केवल राज्यों के लिए उपलब्ध थी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट।

### शिक्षा और युवाओं को बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक मजबूत और सशक्त युवा हमारी तरक्की की नींव है। हम सपनों को सपोर्ट करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और मॉडर्न हॉस्पिटल की सुविधाएं कई स्टूडेंट्स के लिए टेक्निकल एजुकेशन को मजबूत करेंगी। पुडुचेरी विश्वविद्यालय में भी आधारभूत ढांचे का विस्तार किया गया है।

### विपक्ष पर निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा 'डबल इंजन सरकार जो अच्छा काम कर रही है, उसका जश्न मनाना जरूरी है। लेकिन यह भी याद रखना जरूरी है कि पहले हालात कैसे थे। कांग्रेस-छ्रब्य के राज में पुडुचेरी के लोगों को बहुत तकलीफ हुई। वे साल पॉलिटिकल अस्थिरता, करप्शन, क्राइम और गरीबों की तकलीफ से भरे थे। राशन की दुकानों के पास चावल नहीं था, सैलरी में देरी होती थी, गुंडे और ड्रग माफिया का राज था।'

### इलेक्ट्रिक बस और हरित मोबिलिटी

उन्होंने कहा कि आज दुनिया ऐसी मोबिलिटी पर फोकस कर रही है जो ज्यादा साफ और ग्रीन हो। इलेक्ट्रिक गाड़ियां हमारी जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन गई हैं। पुडुचेरी जैसे टूरिज्म हब में, इलेक्ट्रिक बसें प्रदूषण कम करने के लिए गेम-चेंजर हो सकती हैं। पीएम ई-बस सेवा के तहत, इलेक्ट्रिक बसें दी जा रही हैं। आज हमारे प्रोग्राम से जुड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट्स परिवारों को स्टेबिलिटी और डिग्निटी देंगे। पूरे पुडुचेरी में कई सौ करोड़ के प्रोजेक्ट्स हैं।

# शराब घोटाले में 'क्लीन चिट' के बाद जंतर-मंतर से अरविंद केजरीवाल का शक्ति प्रदर्शन

- जनसभा में मोदी सरकार पर तीखा हमला, बोले, 10 साल में एक पैसा भी भ्रष्टाचार का नहीं मिला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



शराब घोटाले में कोर्ट से आरोपमुक्त होने के बाद अरविंद केजरीवाल एक्शन मोड में नजर आए। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। जनसभा के दौरान केजरीवाल ने कहा कि देश में इस समय डर का माहौल है, लेकिन इसके बावजूद अदालत ने निष्पक्ष फैसला सुनाया। उन्होंने कहा, 'जज साहब ने देश के हक में धाकड़ फैसला सुनाया है। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। इस फैसले ने मोदी जी और भाजपा के झूठ पर तमाचा मारा है और साबित किया है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी बेईमान नहीं बल्कि कट्टर ईमानदार हैं।

### गुजरात मॉडल पर सवाल

जनसभा में केजरीवाल ने गुजरात में भाजपा के लंबे शासन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 30 साल की सरकार के बावजूद वहां बुनियादी समस्याएं कायम हैं। 'दुनिया चांद पर पहुंच गई, लेकिन यहां सड़कें ठीक नहीं बन पा रहीं। शहरों की सफाई नहीं हो रही, हवा जहरीली हो चुकी है। मोदी जी, विकसित भारत बाद में बना देना, पहले देश को रहने लायक तो बना दीजिए।'

### 'देश में डर का माहौल, फिर भी सच की जीत'

केजरीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जनता ने कांग्रेस से निराश होकर बड़ी उम्मीदों के साथ मोदी सरकार को चुना था, लेकिन हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि देशभर में पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं और सरकार 'परीक्षा पर चर्चा' जैसे कार्यक्रमों में व्यस्त है। उन्होंने कहा, 'मैं आईआईटी में पढ़ा हूं, मेरे अच्छे नंबर थे। मैं चाहता तो अमेरिका जा सकता था, लेकिन मैंने देश में रहकर काम करने का फैसला किया। मुझे नहीं पता कि प्रधानमंत्री मुझसे इतनी नफरत क्यों करते हैं। पिछले 10 साल में मेरे खिलाफ अनगिनत जांच करवाई गई, लेकिन एक पैसा भी भ्रष्टाचार का नहीं मिला।' केजरीवाल ने चुनौती देते हुए कहा कि यदि दिल्ली सरकार का कोई कॉन्ट्रैक्टर या वेंडर यह कह दे कि उन्होंने पैसे मांगे हैं, तो वे राजनीति छोड़ देंगे।

### 'तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने का समय'

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ षड्यंत्र रचा और बिना सबूत के केजरीवाल को जेल भेजा। आतिशी ने कहा, 'दिल्ली की जनता इस अत्याचार की भुक्तभोगी है। 10,000 बस मार्शलों को नौकरी से निकाला गया। अब समय आ गया है कि मोदी जी और अमित शाह की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई जाए।' जनसभा को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज है। शराब घोटाले में कोर्ट से राहत मिलने के बाद केजरीवाल का यह पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिसे आम आदमी पार्टी ने शक्ति प्रदर्शन के रूप में पेश किया। आने वाले दिनों में दिल्ली की राजनीति में इसका असर देखने को मिल सकता है।

# नागपुर में विस्फोटक कारखाने में भयानक धमाका, 17 की मौत, 18 घायल, देवेंद्र फडणवीस ने दिए जांच के आदेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नागपुर**



महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को भयानक हादसा हो गया। नागपुर जिले के कटोल तहसील में एक विस्फोटक कारखाने में हुए धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने बताया कि विस्फोटक कारखाने में हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए हैं।

### एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में धमाका

जानकारी के मुताबिक कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों के हवाले से बतायाकि घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई।

### 17 की मौत, 18 लोग गंभीर

पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। नहीं हर्ष पोद्दार, एसपी, नागपुर ग्रामीण ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट में 17 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि इस घटना में शव बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना असंभव था। मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के नमूने डीएनए परीक्षण के लिए लिए जा रहे।

### फडणवीस ने दिए जांच के आदेश

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्फोट के कारणों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। फडणवीस ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमें, पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) और सुरक्षा के लिए रक्षा सूचना प्रणाली (डीआईएसएस) के अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर मौजूद थीं और युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया गया। सीएम ने कहा कि वह स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं।

# इस्राइल-ईरान संघर्ष: एयर इंडिया ने खाड़ी देशों की उड़ानें 2 मार्च तक रोकीं

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई रास्ता (एयरस्पेस) बंद हो गया है। इस वजह से रविवार को दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट पर करीब 225 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों के अनुसार, इन 225 उड़ानों में से 125 मुंबई एयरपोर्ट पर और कम से कम 100 उड़ानें दिल्ली एयरपोर्ट पर रद्द हुई हैं। इस सबके बीच एयर इंडिया ने यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ा एलान किया है। दिल्ली एयरपोर्ट पर 60 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की रवानगी और 40 का आगमन रद्द किया गया है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने सोशल मीडिया पर बताया कि मिडिल ईस्ट के बदलते राजनीतिक हालात की वजह से पश्चिम की ओर जाने वाली उड़ानों के समय में बदलाव या देरी हो सकती है। डीआईएएल ही दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कामकाज संभालता है।

# बंगाल में वोटर लिस्ट से 63 लाख नाम हटने पर सियासी घमासान, भाजपा ने ममता सरकार को घेरा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के विशेष सुधार (एसआईआर) के बाद एक बड़ा बदलाव सामने आया है। इस लिस्ट से करीब 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं। इस पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कूच बिहार में बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट से 50 लाख से ज्यादा घुसपैठियों को बाहर कर दिया गया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब राज्य में अवैध प्रवासियों का समय खत्म हो चुका है।

### नितिन नवीन ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

कूच बिहार में पार्टी की पोरिबोर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए नवीन ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए असली नागरिकों के हक की सरकारी नौकरियों और योजनाओं का फायदा उठा रहे थे। उनके मुताबिक, ये लोग देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज बनवाने में इन लोगों की मदद की और उन्हें सुरक्षा दी। नितिन नवीन ने टीएमसी पर हमला करते हुए कहा कि ममता बनर्जी इन घुसपैठियों को बचाने के लिए कोर्ट तक गईं, क्योंकि ये उनकी पार्टी का वोट बैंक हैं।

### वोटरों की संख्या हुई 7.04 करोड़

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर से शुरू हुए सुधार अभियान के बाद वोटरों की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई है। यह कुल वोटरों का लगभग 8.3 प्रतिशत है। साल 2002 के बाद यह पहली बार है जब 116 दिनों तक इतना सघन अभियान चला। इस प्रक्रिया में 60.06 लाख से ज्यादा वोटरों को 'अंडर एडज्यूडिकेशन' यानी जांच के दायरे में रखा गया है। आने वाले हफ्तों में इनकी पात्रता की न्यायिक जांच होगी। इससे पहले 16 दिसंबर को जारी इसके बाद सुनवाई और आपत्तियों के निपटारे के दौरान 5.46 लाख नाम और हटाए गए। इस तरह कुल 63.66 लाख नाम लिस्ट से बाहर हुए हैं।

# तमिलनाडु: पीएम ने दी करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात, कहा रेल और सड़क मार्गों में हुआ ऐतिहासिक परिवर्तन



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मदुरै**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक सभा को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है, जिसका प्रभाव विशेष रूप से तमिलनाडु में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे बजट आवंटन में नौ गुना वृद्धि हुई है, 1300 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, 97% विद्युतीकरण हासिल किया गया है, और सैकड़ों फ्लाईओवर व अंडरपास का निर्माण किया गया है, जिससे सुरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है।

### सड़क नेटवर्क में बड़ा निवेश

पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है। 2014 से यहां 4,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगा और कृषि उपज तथा समुद्री उत्पादों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करेगा।

### 4400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुल मिलाकर 4400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजित होंगे और लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन आएगा। इससे किसानों को बाजार तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कें मिलेंगी, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की यात्रा आसान होगी, और व्यवसायों के लिए परिवहन तेज होगा।

# पंजाब में धर्म परिवर्तन पर अमित शाह ने जताई चिंता, भगवंत सरकार से की रोकने की अपील

- अगर गुरु तेग बहादुर ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपनी कुर्बानी न दी होती, तो आज दुनिया में एक भी हिंदू नहीं बचता: शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नवी मुंबई के खारघर में आयोजित 'हिंद-दी-चादर' कार्यक्रम में शिरकत की। यह कार्यक्रम गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के मौके पर रखा गया था। इस दौरान अमित शाह ने पंजाब में हो रहे धर्म परिवर्तन पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने भगवंत मान सरकार और पंजाब के आम लोगों से अपील की कि वे लालच से प्रेरित इस प्रथा को तुरंत रोकें।

### गृह मंत्री ने क्या कहा?

शाह ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने दूसरों के धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। उन्होंने बहुत अत्याचार सहे लेकिन कभी झुके नहीं। गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि अगर आज हम किसी लालच में आकर अपना धर्म बदलते हैं, तो हम अपने महान गुरुओं के सच्चे अनुयायी नहीं कहला सकते। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और वहां के हर धर्म के लोगों को मिलकर इस धर्म परिवर्तन को रोकना चाहिए। अपने संबोधन में शाह ने कहा, अगर गुरु तेग बहादुर ने हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपनी कुर्बानी न दी होती, तो आज दुनिया में एक भी हिंदू नहीं बचता। उन्होंने स्वीकार किया कि पहले कुछ लोगों ने उनके इस बयान पर आपत्ति जताई थी, लेकिन यह एक ऐसा सच है जिसे सबको मान लेना चाहिए।

### गुरुओं की परंपरा पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल

इतिहास का जिक्र करते हुए शाह ने बताया कि जब मुगल शासक औरंगजेब के समय कश्मीरी पंडितों पर जुल्म हुए, तब उन्होंने गुरु तेग बहादुर से मदद मांगी थी। गुरु ने औरंगजेब को चुनौती दी थी कि अगर वह उनका धर्म बदल सका, तो बाकी सब भी बदल लेंगे। औरंगजेब ने इसे चुनौती माना और गुरु के साथियों को मार डाला। इसके बावजूद गुरु तेग बहादुर अडिग रहे और अंत में खुद को कुर्बान कर दिया। उनके इस बलिदान ने हिंदुओं को अपनी लड़ाई जारी रखने की हिम्मत और प्रेरणा दी। शाह ने गुरु नानक देव की शिक्षाओं को भी याद किया। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम लेने, प्रार्थना करने और साथ मिलकर भोजन करने की परंपरा ने मुगल हमलावरों के खिलाफ नैतिक ताकत दी। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले लोग सिख गुरुओं के हमेशा शुक्रगुजार रहेंगे। दस सिख गुरुओं ने जो परंपराएं बनाई हैं, वे पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल हैं।

# जमीन एग्रीमेंट के नाम पर 35 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



स्वाट टीम ग्रामीण जोन और थाना मुरादनगर पुलिस ने जमीन के एग्रीमेंट के नाम पर 35 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 10 लाख 30 हजार रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त एक क्रेटा कार बरामद की है। एसीपी / एडीसीपी लिपि नगायच ने बताया पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की थी कि फुरकान पुत्र अजीज खान निवासी ठिरिया निजावत खां, थाना कैंट, जिला बरेली ने उसे मोदीनगर तहसील में जमीन का एग्रीमेंट कराने के बहाने बुलाया। रास्ते में फुरकान ने 35 लाख रुपये से भरा बैग अपनी क्रेटा कार में रखवा लिया। इसी दौरान खुद को क्राइम ब्रांच बताने वाले कुछ लोग पहुंचे और वादी को दूसरी गाड़ी में बैठाकर दुहाई की ओर ले जाकर उतार दिया। बाद में फुरकान का मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला। बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर चार टीमों का गठन किया गया। 1 मार्च 2026 को पुलिस ने मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से दो आरोपी फुरकान (52 वर्ष) और विनोद चौहान (52 वर्ष) निवासी नॉर्थ ईस्ट दिल्ली-को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों रामविलास समेत अन्य लोगों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी। गंग नहर पटरी पर 35 लाख रुपये का बैग क्रेटा में रखवाया गया और बाद में फर्जी क्राइम ब्रांच टीम बनाकर पीड़ित को अलग कर दिया गया। वारदात के बाद रकम का बंटवारा किया गया, जिसमें से 18 लाख रुपये फुरकान को मिले। बरामद 10.30 लाख रुपये कार में छिपाकर रखे गए थे। पुलिस के मुताबिक इस मामले में थाना मुरादनगर पर एक मुकदमा दर्ज है। वहीं आरोपी फुरकान के खिलाफ एनसीआर क्षेत्र में ठगी व मारपीट के आठ मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# खामेनेई की मौत पर भड़का रूस: पुतिन ने जताई संवेदना, ईरानी राष्ट्रपति को भेजे शोक संदेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को**


अमेरिका और इस्राइल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने अपने संदेश में क्या कहा?

पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा।

### ईरान के सरकारी टीवी ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि

ईरान के सरकारी टेलीविजन ने खामेनेई की मौत की पुष्टि की। इसके बाद ईरान ने नए हमले शुरू किए। वहीं, इस्राइल ने तेहरान पर जवाबी कार्रवाई की।रूसी राष्ट्रपति ने अमेरिका और इस्राइल के हमलों पर इसके अलावा कोई सीधी टिप्पणी नहीं की।



### रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने क्या चेतावनी दी?

रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इस्राइल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव को और बढ़ा सकते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस ने क्या कहा?

संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के इस तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहते था। उन्होंने इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा, कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है। ईरान की ओर से इराक और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेबेंज्या ने कहा कि अमेरिका-इस्राइल के हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और यह संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है।

### रूसी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

रूसी विदेश मंत्रालय ने शनिवार अमेरिका और इस्राइल के हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने इसे 'जानबूझकर पहले से योजना बनाकर और बिना उकसावे के किया गया सशस्त्र आक्रमण' करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला उस समय किया गया, जब वार्ता की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन हमलों से क्षेत्र मानवीय, आर्थिक और यहां तक कि रेडियोधर्मी आपदा के कगार पर पहुंच सकता है।

### उत्तर कोरिया ने क्या कहा?

उत्तर कोरिया ने भी अमेरिका और इस्राइल के ईरान पर हमलों की निंदा की है। उसने इन हमलों को 'गैरकानूनी, आक्रामकता' और राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया। सरकारी मीडिया कोरिया सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से दी है। प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में अमेरिका का शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने अमेरिका के स्वभाव को वर्चस्ववादी और गैंगस्टर जैसा बताया और कहा कि ऐसी कार्रवाई उसी का नतीजा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका और इस्राइल की ओर से शुरू किया गया।